* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 54


**आदेश गुप्ता ने दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा**
एमसीडी चुनाव में हार की जिम्मेदारी ली








## पीएम ने नागपुर में बजाया ढोल : विपक्ष को दिया जीत का मंत्र

# शॉर्ट कट की जगह स्थायी विकास करें तो बार-बार चुनाव जीतेंगे : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नागपुर।** नागपुर में विकास योजनाओं का लोकार्पण करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा- वोट पाने के लिए हमारे देश के कुछ नेता आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया वाली योजना चलाकर देश को खोखला कर रहे हैं। जनता ऐसे नेताओं को एक्सपोज करे। दुनिया के कई देश आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया की कुनीति से बर्बाद हुए हैं। शॉर्ट कट अपनाने वाले ऐसे नेताओं से आदरपूर्वक कहूंगा कि स्थायी विकास का महत्व समझें। शार्ट कट की जगह स्थायी विकास करके चुनाव जीत सकते हैं, बार-बार जीत सकते हैं।

**तरक्की के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी :** पीएम मोदी ने कहा- आज महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। यह तेज गति से काम कर रही है। पहले की सरकारों की संवेदनहीनता के कारण विकास कार्य लेट हुए, बल्कि इनकी कॉस्ट भी बढ़ी। उन्होंने घोसी खुर्द डैम का उदाहरण देते हुए कहा- 30-35 साल पहले इसकी नींव रखी गयी थी। इसका अनुमानित खर्च 400 करोड़ था, लेकिन सरकारों की संवेदनहीनता के कारण काम पूरा नहीं हो सका। डैम का अनुमानित खर्च 400 करोड़ से बढ़ कर 18 हजार करोड़ हो गया। 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद इसका काम तेज हुआ। यह डैम अब जाकर भर पाया है। खाड़ी के देश भारत के भी लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। खाड़ी देश अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को भविष्य के हिसाब से लगातार अपडेट करते रहे।

**मेट्रो में स्टूडेंट्स के साथ की सवारी :** मोदी ने नागपुर में मेट्रो सेवा की भी शुरुआत की। मेट्रो स्टेशन के उद्घाटन के बाद उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ मेट्रो की सवारी की। स्टूडेंट्स ने पीएम मोदी से बातचीत भी की। इससे पहले उन्होंने नागपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। ये देश की छठी वंदे भारत ट्रेन है। यह ट्रेन नागपुर से रायपुर के बीच चलेगी।

### महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग का किया उद्घाटन

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में 520 किमी लंबे हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। यहां ढोल बजा कर मोदी का स्वागत किया गया। मोदी कलाकारों के बीच पहुंचे और उनके साथ ढोल भी बजाया। मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस-वे का पहला चरण पूरा हो गया है। 6 लेन के एक्सप्रेस वे को 'समृद्धि महामार्ग' नाम दिया गया है। पीएम मोदी ने नागपुर और शिर्डी को जोड़ने वाले 520 किमी लंबे समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेस-वे उत्तरी महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा के 10 जिलों से गुजरेगा।

### गोवा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन आठ साल में बनाये 72 हवाईअड्डे : मोदी

गोवा (आजाद सिपाही)। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोवा के मोपा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसे गोवा के पूर्व सीएम मनोहर पर्रीकर के नाम पर मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नाम दिया गया है। इस मौके पर मोदी ने कहा कि हमने देश में एयरपोर्ट नेटवर्क बढ़ाया है। पिछले आठ साल में 72 एयरपोर्ट बनाये हैं। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन गया है। भारत ने टूरिस्ट के लिए इज ऑफ ट्रेवल को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

**एम्स के आयुष अस्पताल सहित तीन नेशनल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन :** इसके पहले पीएम मोदी ने पणजी में 9वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में एम्स के आयुष अस्पताल का उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन और दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी का वर्चुअल उद्घाटन किया। मोदी ने मोपा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन भी किया। आयुष उद्योग पिछले आठ वर्षों में सात गुना बढ़ कर 20,000 करोड़ रुपये से 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# सुक्खू ने सीएम, अग्निहोत्री ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली

## राहुल, प्रियंका और मल्लिकार्जुन हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल में रविवार दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस दौरान राहुल, प्रियंका और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। प्रियंका ने मुख्यमंत्री पद की दावेदार रहीं प्रतिभा सिंह को अपने बगल में बैठाया। सुक्खू ने सभी कांग्रेस विधायकों के साथ मंच से समर्थकों का अभिवादन किया।

रिज मैदान में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ ने सुक्खू के साथ-साथ डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को भी शपथ दिलायी। इससे पहले सुबह-सुबह सुक्खू खुद प्रतिभा सिंह को शपथ समारोह का न्योता देने पहुंचे। सुक्खू ने कहा- पार्टी पहले है, मुख्यमंत्री बाद में। प्रतिभा सिंह मेरी आदर्श हैं।

### राहुल ने सुक्खू की मां को मंच पर बुलाया प्रियंका ने गले लगाया

हिमाचल के नये मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मां संसार देवी भी शपथ ग्रहण समारोह में पहुंची थीं। राहुल गांधी को जब पता चला कि वह मंच के सामने बैठी हैं तो राहुल ने उन्हें मंच पर बुलाया और उनसे मिले। प्रियंका गांधी ने सुक्खू की मां को गले लगाया और मंच पर अपने पास बैठाया।

### प्रतिभा बोलीं- बेटे का मंत्री बनना तय

प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल में एक स्थिर सरकार बनेगी। हम एकजुट होकर काम करेंगे। बता दें कि प्रतिभा मुख्यमंत्री पद की दावेदार थीं। वे सुक्खू के नाम से नाराज भी बतायी जा रही थीं। सुक्खू से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह का मंत्री बनना ऑलमोस्ट तय है।

### भूपेंद्र पटेल आज लेंगे गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ

#### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शरीक



अहमदाबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा के नेता भूपेंद्र पटेल सोमवार को गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल आचार्य देवव्रत अपराह्न दो बजे गांधीनगर में नये सचिवालय के पास हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित होने वाले समारोह में पटेल को राज्य के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायेंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल होगा। पटेल के साथ कुछ नये मंत्रियों के भी शपथ लेने की संभावना है। हाल में संपन्न हुए गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से रिकॉर्ड 156 सीट जीती हैं। यह गुजरात के विधानसभा चुनावों में भाजपा की लगातार सातवीं जीत है। कांग्रेस को 17 और आप को पांच सीट पर जीत मिली है।









# पुरुष विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता-2023 की ट्रॉफी का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण

## ट्रॉफी को प्रदर्शन के लिए रखे जाने से हॉकी के प्रति माहौल बनेगा : हेमंत सोरेन


- पुरुष विश्वकप प्रतियोगिता के आयोजन के लिए हॉकी इंडिया और खिलाड़ियों को बधाई तथा शुभकामनाएं
- भुवनेश्वर-राउरकेला में 13 जनवरी से पुरुष विश्वकप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भुवनेश्वर- राउरकेला (ओड़िशा) में 13 जनवरी 2023 से शुरू हो रही पुरुष विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता की ट्रॉफी का रविवार को रांची में अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने भारत में पुरुष विश्वकप हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस ट्रॉफी को देश के कई राज्यों के कई शहरों में ले जाया जा रहा है, जहां खेल प्रेमी और आम जनता इसका अवलोकन कर रहे हैं। हॉकी इंडिया की इस पहल से विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के प्रति एक माहौल तैयार होगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक वैद्यनाथ राम, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी चयन समिति की सदस्य अंशुता लकड़ा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे, महिला हॉकी खिलाड़ी अश्रिता लकड़ा, हॉकी झारखंड के सीइओ रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह और रणधीर कुमार, उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह और रांची के जिला खेल पदाधिकारी मौजूद थे।



# सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाने का भारी विरोध

## झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ राजस्थान में जैन समाज सड़कों पर उतरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बांसवाड़ा।** झारखंड सरकार की ओर से सम्मेद शिखर पर्वत को पर्यटन स्थल घोषित करने का मामला तूल पकड़ रहा है। सम्मेद शिखर को पारसनाथ पर्वतराज धार्मिक स्थल बताते हुए जैन समाज इस फैसले के विरोध में उतर गया है। समाज का मानना है कि यह पहाड़ उनका धार्मिक स्थल है। पर्यटन स्थल घोषित करते ही यहां पर पर्यटकों की भीड़ में मांस और शराब के सेवन का चलन बढ़ेगा। इससे धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित होगी। इस कड़ी में बांसवाड़ा में सकल जैन समाज बांसवाड़ा-डूंगरपुर और विश्व जैन संगठन के तत्वावधान में हजारों की संख्या में जैन समाज ने झारखंड सरकार के फैसले का विरोध किया। साथ ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। समाज की मांग पर जिला प्रशासन की ओर से बांसवाड़ा के तहसीलदार ने ये ज्ञापन लिया।

इससे पहले रविवार सुबह 10 बजे से जैन समाज के लोग यहां कुशलबाग मैदान में जुटना शुरू हुए। हजारों की संख्या में पुरुषों के अलावा महिलाओं और बच्चे यहां एकत्र हुए, जिन्होंने शहर की गांधी मूर्ति, पीपली चौक, आजाद चौक, जामा मस्जिद, पाला, नयी आबादी होते हुए कलेक्ट्री के दरवाजे तक रैली निकाली। समाज एकता के नारे लगाते हुए समाजजनों का कारवां मौके पर पहुंचा। वहीं बच्चों ने तख्तियां लेकर सरकार के फैसले का विरोध किया। समाज ने झारखंड सरकार से मांग की है कि गजट नोटिफिकेशन में शामिल फैसले को वापस लिया जाये अन्यथा जैन समाज का आंदोलन तेज होगा। साथ ही प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से इस मामले में दखल देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में करीब 5 हजार लोगों की उपस्थिति दर्ज की गयी। शांति बनाये रखने के लिए पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी।

**दुकानें बंद रखीं :** जैन समाज के विरोध-प्रदर्शन में जिले भर से आये जैन समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। समाज की ओर से विरोध के तौर पर दुकान और प्रतिष्ठान भी बंद रखे गये। महिलाएं भी इस प्रदर्शन में शामिल हुईं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,400 रु./10 ग्राम
चांदी 71,000 रु./प्रति किलो



### लोकतंत्र में राजनीति करनी है, तो चुनाव जीतना जरूरी है और चुनाव जीतना है, तो मैदान में कूदना भी पड़ेगा

# कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए चुनाव परिणाम में छिपे हैं कई संदेश

हाल में दो राज्यों के साथ दिल्ली नगर निगम के चुनाव हुए। इन तीनों चुनाव के परिणामों ने भारत की राजनीति में सक्रिय दुनिया के सबसे बड़े दल भाजपा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस और महज 10 साल में राजनीति की सीढ़ियों पर तेजी से ऊपर चढ़ी आम आदमी पार्टी के लिए कुछ न कुछ संदेश दिये हैं। भाजपा ने गुजरात में रिकॉर्डतोड़ जीत के साथ थोड़ी और मजबूती हासिल की है, जबकि आप ने गुजरात में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा कर खुद को राष्ट्रीय पार्टी बना लिया है। वहां उसे लगभग 41 लाख लोगों का समर्थन मिला। कांग्रेस ने हालांकि हिमाचल की सत्ता में वापसी करने में सफलता हासिल की, लेकिन इस पार्टी और खास कर इसके नेता राहुल गांधी को जनता ने बता दिया है कि लोकतंत्र में राजनीति और चुनाव एक-दूसरे के पूरक हैं और अब सिर्फ अतीत की नींव पर भविष्य की इमारत खड़ी करने के दिन लद गये हैं। इस चुनाव में कांग्रेस ने गुजरात में एक तय रणनीति के तहत प्रचार किया था। हाइकमान के बड़े नेताओं की बजाय स्थानीय नेतृत्व को आगे किया गया, लेकिन नतीजे बता रहे हैं कि उसकी यह रणनीति सिर्फ फेल ही नहीं हुई है, बल्कि पूरी तरह खारिज कर दी गयी है। इस रणनीति से कांग्रेस और ज्यादा कमजोर हो गयी है। इन चुनावों ने भारत जोड़ो यात्रा कर रहे राहुल गांधी को भी राजनीति का नया पाठ पढ़ाया है। राज्य-दर-राज्य पैदल जमीन नाप रहे राहुल गांधी लोगों की नजर में जरूर आ रहे हैं, लेकिन नजर में आना और लोगों के ऊपर अपनी छाप छोड़ कर चुनाव के समय उस यात्रा से फायदा होना दो अलग बाते हैं। गुजरात ने साबित कर दिया है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस को चुनाव नहीं जिता सकती है। ऐसे भी राहुल कहते आये हैं कि उनकी यह यात्रा राजनीतिक नहीं है। लेकिन राहुल गांधी की पहचान तो एक नेता के रूप में ही है। किसी आध्यात्मिक व्यक्ति या इतिहासकार के रूप में तो नहीं। अगर इस यात्रा के राजनीतिक मायने नहीं होंगे, तब इसका क्या फायदा। खैर राहुल अपनी तरह की राजनीति करते हैं। अपनी समझ से बोलते हैं। लेकिन राहुल गांधी को अब यह भी समझ लेना चाहिए कि उनकी इच्छा या अनिच्छा का जनता पर कोई असर नहीं पड़नेवाला है। वैसे यह संदेश अमेठी की जनता ने 2019 में ही दे दिया था, लेकिन इस बार गुजरात की जनता ने उस संदेश को दोहराया है। राहुल को अब देश को बताना होगा कि वह किस रूप में काम करना चाहते हैं। बिना जिम्मेदारी लिये सिर्फ कुछ बड़े फैसले लेने से पार्टी की आगे की राह आसान नहीं बन सकती है। कांग्रेस के लिए इन चुनाव परिणामों के मायने का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए राज्य की कुल 182 सीटों में से 156 सीटों पर जीत हासिल की। उधर हिमाचल प्रदेश में भाजपा को जोर का झटका देते हुए कांग्रेस ने 68 में से 40 सीटें जीत कर सत्ता में वापसी की। इन दोनों चुनावों के अलावा दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जबरदस्त जीत हासिल कर भाजपा के हाथ से कमान छीन ली। लेकिन जहां तक कांग्रेस का सवाल है, तो उसने गुजरात और दिल्ली नगर निगम के चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया है। इससे साफ हो गया है कि कांग्रेस और खास कर इसके नेता राहुल गांधी के लिए इन चुनाव नतीजों ने कई सबक छोड़े हैं।

बात गुजरात से शुरू करते हैं। गुजरात में जहां एक तरफ भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2017 में कांग्रेस ने 77 सीटें जीती थीं, लेकिन 2022 के चुनाव में कांग्रेस महज 17 सीटों पर सिमट गयी। हालत यह हो गयी है कि नेता प्रतिपक्ष का पद भी कांग्रेस को मिलेगा या नहीं, यह अब विधानसभा अध्यक्ष या कहा जाये कि भाजपा पर निर्भर करेगा, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष के लिए पार्टी को कम से कम 10 फीसदी सीटें जीतनी होती हैं। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जीत जरूर हासिल कर ली है, लेकिन उस जीत को राजनीतिक हलकों में ज्यादा अहमियत नहीं दी जा रही है। उसका एक कारण तो यह बताया जा रहा है कि यह पिछले कुछ दशकों से राज्य का इतिहास रहा है कि वहां हर पांच साल के बाद सरकार बदलती है। दूसरी वजह यह है कि ज्यादातर विश्लेषक इसे कांग्रेस की जीत की बजाय भाजपा की हार के तौर पर देख रहे हैं। कांग्रेस ने 68 में से 40 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा 25 सीटें ही जीत सकी है, लेकिन दोनों पार्टियों के वोट में केवल एक प्रतिशत का फर्क है। इन दो राज्यों के नतीजों से ठीक एक दिन पहले दिल्ली नगर निगम के नतीजे आये थे और यहां भी कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि इन नतीजों ने कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी के लिए क्या कोई संदेश दिया है।

इस सवाल का सटीक जवाब यही है कि दिल्ली, गुजरात और हिमाचल, तीनों जगहों के नतीजों में कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए कुछ ना कुछ संदेश छिपा है।



**अतीत की नींव पर नहीं बन सकती भविष्य की इमारत**

## राहुल की रणनीति समझ के बाहर

गुजरात में भले ही कांग्रेस पार्टी पिछले 27 सालों से चुनाव हार रही थी, लेकिन उसके पास 35 से 40 फीसदी लोगों का वोट शेयर रहता था, लेकिन इस बार पार्टी ने लगभग वाकओवर दे दिया और उसके कारण आम आदमी पार्टी आ गयी, जिसने कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। गुजरात में मतदान से पहले यह साफ हो गया था कि कांग्रेस का कार्यकर्ता और मतदाता नाराज है, क्योंकि कांग्रेस वहां चुनाव लड़ती हुई नजर ही नहीं आ रही थी। यह भी सोचने वाली बात है कि गुजरात में कांग्रेस जिस तरह से फिसली है, ठीक उसी तरह से पार्टी बिहार और यूपी में फिसली थी और उसकी आज तक वहां दोबारा वापसी नहीं हो सकी है। दिल्ली नगर निगम में भी कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी बन गयी है और वह भी पहली और दूसरी से उसका फासला बहुत बड़ा है। पाटी के जो नौ पार्षद जीते हैं, वे पार्टी की बजाय निजी छवि के कारण जीते हैं। वैसे सियासी नैतिकता यही कहती है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत का सेहरा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को तो नहीं ही मिलना चाहिए, लेकिन पार्टी और खास कर राहुल ऐसा ही करेंगे, क्योंकि यही उनकी पार्टी का चरित्र है। इस सबके बावजूद साफ है कि लगभग हर चुनाव के बाद एक ही संदेश बार-बार आता है, लेकिन कांग्रेस पार्टी और खासकर राहुल गांधी के साथ दिक्कत यह है कि कोई सुनने के लिए तैयार नहीं दिखता। यह सच है कि 2017 के चुनाव के समय हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिग्नेश मेवाणी पार्टी के साथ आये और इसका लाभ भी पार्टी को मिला। लेकिन पार्टी उनमें से दो को बचा कर नहीं रख सकी। जिग्नेश मेवाणी बड़ी मुश्किल से अपनी सीट तो बचाने में सफल हो गये, लेकिन पार्टी को उनसे कोई लाभ नहीं हुआ। उधर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। चुनाव नतीजों के बाद हर कांग्रेसी पूछ रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में आखिर गुजरात को शामिल क्यों नहीं किया गया। राहुल गांधी केवल एक दिन गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए गये थे।

## चुनाव में दिलचस्पी है या नहीं, स्पष्ट करना होगा

राहुल गांधी कहते रहे हैं कि उनकी यात्रा का चुनावी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन अब राहुल से यह सवाल पूछा जा सकता है कि अगर उनको चुनाव नहीं जीतना है, कोशिश भी नहीं करनी है, तो फिर वह राजनीतिक दल क्यों चला रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद अब भाजपा चाहे जो कहे, लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा गुजरात में इसलिए जीतती है, क्योंकि वहां उसका विरोध करने वाला सही अर्थों में कोई विपक्ष है ही नहीं। इस चुनाव परिणाम का एक संदेश यह भी है कि गुजरात में कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व अब नकारा हो चुका है। पार्टी ने इस चुनाव में अपने स्थानीय नेतृत्व के दम पर खड़े होने की कोशिश की थी। इसीलिए राज्य के नेता ही चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे थे और राष्ट्रीय नेतृत्व ज्यादा सक्रिय नहीं था। इसमें परेशानी यह थी कि गुजरात में कांग्रेस के पास इस समय कोई ऐसा नेता नहीं है, जिसकी राज्यव्यापी पहचान हो। वास्तव में कांग्रेस के लिए गुजरात की हार बहुत बुरी खबर है, क्योंकि जिन राज्यों की राजनीति में दो पार्टियां थीं और वहां कोई तीसरी पार्टी आयी, तो कांग्रेस वहां पिछड़ती चली गयी और फिर वापसी नहीं कर सकी। बिहार, यूपी, ओड़िशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दिल्ली इसके उदाहरण हैं। इसलिए राहुल गांधी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी कि उन्हें चुनावी राजनीति में कोई दिलचस्पी है या नहीं।

इस चुनाव परिणाम का अंतिम संदेश यही है कि भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती देने के लिए कुछ अलग तरह की राजनीति करने की जरूरत है और प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस उसके लिए फिलहाल तैयार नहीं दिख रही है। यदि उसे अपना वजूद बनाये रखना है, तो उसे बदलना ही होगा।

## झारखंड में कांग्रेस का हाल!

गुजरात, हिमाचल और दिल्ली नगर निगम के चुनाव परिणामों के बीच थोड़ी सी चर्चा झारखंड कांग्रेस पर भी कर लेते हैं। कांग्रेस यहां सत्ता में बराबर की हिस्सेदार है। लेकिन जहां तक झारखंड के स्थानीय मुद्दों और भाजपा से दो-दो हाथ करने की बात है, इसमें कांग्रेस अपनी अंदरूनी गुटबाजी से परेशान है, वहीं झामुमो और उसके खेवनहार हेमंत सोरेन हर दिन झारखंड में अपने साहसिक फैसलों के कारण अपनी जमीन मजबूत कर रहे हैं। यही नहीं, वह भाजपा को भी मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। हर दिन राजनीतिक मैदान में उसे ललकार रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस अपने कार्यालयों में बैठ कर और कागजों में बयान देने के अलावा कुछ खास नहीं कर पा रही है। यहां के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ही ले लीजिए। सही मायनो में उन्हें कोई भी कांग्रेस का अनुभवी और पुराना नेता दिल से मानने को तैयार नहीं। कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग बार-बार उन्हें सवालों में घेरता रहा है। उनके खिलाफ माहौल बनाने में जुटा है। दिल्ली में बैठे कुछ नेता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से समय लेकर इनकी शिकायत करनेवाले हैं। दिल्ली से मयूर शेखर झा ने एक ट्विट किया है। उन्होंने ट्विटर पर सरेआम राजेश ठाकुर की धज्जियां उड़ायी हैं। क्या-क्या उन्होंने नहीं लिखा है। इसके इतर अभी हाल ही में झारखंड में कांग्रेस जिला अध्यक्षों को लेकर बवाल हो गया था। इस सूची में पहले न तो कोई मुस्लिम कैंडिडेट का नाम था, न ही दलित, न ही कोई महिला। कांग्रेस की सूची में मुसलमानों का नाम न होना आश्चर्यचकित करनेवाला था। और तो और उस सूची में सात ब्राह्मण लोगों का नाम था। सबको लगा कि पार्टी का भगवाकरण हो गया क्या। हैरानी की बात यह थी कि क्या झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष को इस सूची के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। क्या प्रभारी को भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी। फिर क्या था, विवाद हो गया। 48 घंटों के भीतर फिर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस की और कहा भूल हो गयी थी। सुधार कर लिया गया है। चार नामों को बदला गया। लेकिन उसके बाद भी साहिबगंज के कार्यकर्ता मंत्री आलमगीर आलम का पुतला जला रहे हैं। फिलहाल झारखंड में हेमंत सरकार के भीतर कांग्रेस पार्टी का क्या रोल है, यह किसी से छिपा नहीं है। शुरू से कांग्रेसी विधायक शिकायत करते रहे कि प्रशासन उनकी बात नहीं सुनता। अधिकारी घास नहीं डालते। लेकिन उस फरियाद का क्या फायदा। अध्यक्ष ने कभी भी उनकी बात शासन-प्रशासन तक नहीं पहुंचायी। पिछले चुनाव में झारखंड में कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थीं, बाद में बंधु तिर्की और प्रदीप यादव पार्टी में शामिल हो गये। अभी 18 की संख्या है। लेकिन सरकार में रहते हुए ऐसा कोई भी फैसला नहीं दिखा, जिसका क्रेडिट कांग्रेस पार्टी को मिला हो। जबसे हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान और ओबीसी आरक्षण का विधेयक विधानसभा से पारित किया है। इसका पूरा का पूरा श्रेय उन्हें मिल रहा है। यही नहीं, हाल के कुछ और साहसिक फैसलों और अपने बेलाग बयानों तथा जनता के बीच लगातार उपस्थिति से हेमंत सोरेन मजबूत हुए हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस यह कहने की स्थिति में भी नहीं है कि उसकी मदद से यह सब हो पाया है। दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंड में पूरी तरह चुनावी मोड में दिखाई पड़ रही है। हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा पर हैं। उनका कद झारखंड की राजनीति में दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। कभी झारखंड में वह दिन भी था, जब झामुमो पूरी विधानसभा सीट पर अपना उम्मीदवार उतारने की स्थिति में नहीं थी। दूसरी तरफ कांग्रेस 81 विधानसभा सीटों पर प्रमुख दावेदार थी। हेमंत सोरेन की सूझबूझ, साहसिक फैसले और उनकी मेहनत के कारण आज स्थिति उलट है। कांग्रेस अपनी जमीन खो रही है और झामुमो हर दिन अपनी जमीन मजबूत कर रहा है। अगर झारखंड में कांग्रेस की यही स्थिति रही, तो भविष्य में झारखंड की राजनीति में कांग्रेस अपने को कहां पायेगी, यह देखनेवाली बात होगी।

# गढ़वा कांडी के तत्कालीन सीओ ड्यूटी से रहे गायब, पर निकाल लिया पूरा वेतन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### गढ़वा कांडी के पूर्व सीओ की दो वेतन वृद्धि रोकने का आदेश

**रांची।** राज्य सरकार ने कांडी गढ़वा के तत्कालीन अंचल अधिकारी मो असलम की दो वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दिया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मो असलम पर गलत तरीके से वेतन निकासी का आरोप सहित 8 नवंबर 2018 से 13 दिसंबर 2018 तक ड्यूटी से अनुपस्थित रहने का आरोप है। पूरा मामला सामने आने पर तत्कालीन उपायुक्त गढ़वा ने 12 अप्रैल 2019 को प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। रिपोर्ट में यह बात आयी कि इतनी अवधि का अवकाश सक्षम प्राधिकार से ही स्वीकृत किया जा सकता है एवं स्वीकृति के बाद निर्गत वेतन पुर्जा के आधार पर ही वेतन निकासी की जा सकती थी, परंतु मो असलम द्वारा अपने पद का दुरूपयोग एवं वित्तीय अनुसाशनसहीनता बरतते हुए उक्त अनुपस्थिति अवधि के वेतन की निकासी बिना सक्षम स्तर से स्वीकृति के ही स्वयं कर ली। जांच में यह बात भी सामने आयी कि उक्त अवधि में अनुपस्थित रहने पर इन्होंने अपना प्रभार सुपूर्द किया था।

अवकाश के बाद प्रभार ग्रहण करने संबंधी आदेश द्वारा यह स्पष्ट निर्देश था कि प्रभार ग्रहण की तिथि तक का अवकाश सक्षम स्तर से स्वीकृत होने के बाद ही अवकाश अवधि का वेतन जारी होगा, परंतु मो असलम ने उक्त अवधि के अवकाश की स्वीकृति के लिए आवेदन सक्षम स्तर पर प्रेषित नहीं किया, साथ ही निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं होने के कारण उन्होंने वित्तीय नियमों के विपरीत इस अवधि के वेतन की निकासी भी कर ली। सरकार ने इसे उच्चाधिकारियों के आदेश की भी अवहेलना के साथ स्वेच्छारिता माना है। उनसे स्पष्टीकरण भी लिया।

जांच संचालन पदाधिकारी ने पूरे मामले की जांच की और सीओ के बचाव बयान का हवाला देते हुए दोनों आरोपों को प्रमाणित नहीं माना, बावजूद इसके कार्मिक विभाग ने रिपोर्ट पर असहमति जताते हुए लघु दंड देने का फैसला लिया और असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी किया है।

# घाटशिला महाविद्यालय में मनाया गया भारतीय भाषा दिवस

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने, लोगों को कुछ और भारतीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करने तथा भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता सद्भाव और अखंडता का अनुभव करवाने के उद्देश्य से घाटशिला महाविद्यालय में यूजीसी के निर्देश पर भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आरके चौधरी, डॉ नरेश कुमार, डॉ दिलचंद राम, डॉ संदीप चंद्रा, प्रो सोमा सिंह, प्रो मोहम्मद सज्जाद, प्रो विकास मुंडा एवं माणिक मार्डी ने संबोधित किया।

# आज से सरकारी स्कूलों का होगा निरीक्षण, निदेशक ने जारी किये आदेश

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों का 12 दिसंबर से निरीक्षण होगा। निरीक्षक दल का गठन कर उन्हें समीक्षा के बिंदुओं से अवगत भी करा दिया गया है। इससे संबंधित आदेश झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी कर दिया है। आदेश में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण पासी ने कहा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों एवं मध्याह्न भोजन योजना का संचालन किया जा रहा है। ये दोनों योजनाएं केंद्र प्रयोजित हैं, जिनका सतत निरीक्षण/पर्यवेक्षण किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए पदाधिकारी/कर्मियों का दल गठित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित पदाधिकारी/कर्मी जिला भ्रमण के क्रम में आवंटित जिला के यथासंभव विद्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण/अनुश्रवण/समीक्षा करेंगे। निरीक्षण/अनुश्रवण/समीक्षा कार्य 12 दिसंबर से 20 दिसंबर, 2022 के बीच करना है। भ्रमण की समीक्षा 22 दिसंबर, 2022 को की जायेगी।

# झारखंड कांग्रेस में हाशिये पर आधी आबादी, न तो सरकार में और ना ही प्रदेश कार्यसमिति में मिली जगह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जंबो कार्यकारिणी की घोषणा के बाद इस्तीफा और विरोध का दौर शुरू हो गया है। जंबो कार्यकारिणी में आधी आबादी को पर्याप्त जगह नहीं मिलने से महिला कार्यकर्ता भी काफी नाराज हैं। यूपी विधानसभा चुनाव के समय जब पार्टी की तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा था कि संगठन से लेकर सरकार में महिलाओं को 40 प्रतिशत भागीदारी मिलेगी। उन्होंने यहां तक कहा था कि सरकार बनी तो सरकारी पदों पर भी 40 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जायेगा। लेकिन जब महिलाओं को सम्मान देने की बात आती है तो सबसे ज्यादा हाशिये पर कांग्रेस पार्टी में आधी आबादी को ही रखा जाता है। झारखंड में अभी एक सप्ताह के अंदर कांग्रेस नेतृत्व ने दो बड़े फैसले लिये हैं। छह वर्षों के बाद प्रदेश कमेटी की घोषणा की गयी है और इससे पहले जिलाध्यक्षों की घोषणा हुई थी। प्रदेश कार्यसमिति में गौर करें तो पूरी कमेटी में महज 18 महिलाओं को जगह मिली है जबकि एक भी जिला में अध्यक्ष बनने के काबिल महिला कांग्रेस पार्टी को नहीं मिली। शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने जो प्रदेश कमेटी की घोषणा की है उसमें 11 उपाध्यक्ष, 35 महासचिव, 82 सचिव और 33 लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष में एक भी महिला को जगह नहीं मिली है। महासचिव पद पर तीन महिलाओं को जगह दी गयी है। कांग्रेस के 18 विधायक हैं। अलग राज्य बनने के बाद इनके सर्वाधिक विधायक वर्तमान विधानसभा में हैं, जिनमें पांच महिला विधायक हैं लेकिन एक को छोड़कर अन्य महिला विधायकों को प्रदेश कमेटी में जगह नहीं मिली है। जबकि आमतौर पर यह देखा जाता है कि कार्यकारिणी में विधायकों को जगह दी जाती है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### सभी लोगों को सभी जगह पर पद मिले यह संभव नहीं : राजेश ठाकुर



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा के बाद नेताओं के इस्तीफे और विरोध पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि छह वर्षों के बाद कमेटी बनी है, लिहाजा लोगों की उम्मीदें ज्यादा हैं। हर कार्यकर्ताओं की उम्मीद रहती है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी यह जिला कमेटी में रहे, हमने सबको साथ लेकर चलने की कोशिश की है। सभी लोगों को सभी जगह पर पद मिले यह संभव नहीं। जिन लोगों को जगह नहीं मिल पायी उन्हें आगे एकोमोडेशन किया जायेगा अनुषंगिक इकाइयों में। उन्होंने कहा हम अपना काम कर रहे हैं मेरे बारे में कौन क्या बोल रहा है। इस पर मैं इतना ध्यान नहीं देता। 20 सूत्री में हमने 33 परसेंट महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया उसको लेकर कोई चर्चा नहीं होती है।

### सरकार में भी नहीं मिला महिलाओं को सम्मान

झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनी थी तो उस समय यह तय हुआ था कि चार विधायकों पर एक मंत्री पद दिया जायेगा। इसी फॉर्मूले पर कांग्रेस को 4 मंत्रीपद मिले। उस समय कांग्रेस की 4 महिला विधायक थीं लेकिन हेमंत मंत्रिमंडल में कांग्रेस ने एक भी महिला विधायक को मंत्रीपद नहीं दिया। लगातार यह मांग उठती रही मगर कांग्रेस नेतृत्व चुप्पी साधे रही। बाद में कांग्रेस में एक महिला विधायक और हुई। उस समय कहा यह जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी सरकार में आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देगी। ऐसा नहीं हुआ। जाहिर है कि आधी आबादी को 40 प्रतिशत भागीदारी देने की बात कांग्रेस पार्टी की सिर्फ एक छलावा है। कम से कम झारखंड में तो ऐसा नहीं दिख रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °c | 13.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



# इडी की कार्रवाई के बावजूद सरकार को कोई खतरा नहीं : आलमगीर

## इस्तीफा मांगे जाने पर कहा-मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इडी की कार्रवाई के बावजूद सरकार को कोई खतरा नहीं है। हेमंत सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने से विपक्ष घबरा गया है। इस कारण ऐसी साजिश की जा रही है। मंत्री ने दुमका में पत्रकारों से बातचीत में हाल के दिनों में लगातार हुई इडी की कार्रवाई पर कहा कि झारखंड सरकार ने सोच लिया है कि जब तक केंद्र में ऐसी सरकार रहेगी, हमें इसी माहौल में काम करते रहना होगा। एक पैर कभी बाहर रहेगा, कभी अंदर। उन्होंने कहा कि इडी की जो कार्रवाई हो रही है, उससे सरकार को कोई खतरा नहीं है। हां, मेंटल डिप्रेशन होता है। काम की क्षमता प्रभावित होती है, लेकिन जनता ने जो हमें आशीर्वाद दिया है, इसके लिए हमें काम करना है। आलमगीर आलम ने जोर देकर कहा कि उन पर जो टेंडर मैनेज करने के लिए फोन पर बातचीत करने का आरोप लगाया जाता है, यह सरासर बेबुनियाद है। अपने 20 साल के राजनीतिक कैरियर में आज तक किसी को टेंडर संबंधित कार्य को लेकर फोन नहीं किया। मंत्री ने भाजपा के इस्तीफा मांगे जाने के सवाल पर कहा कि मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है। हमने कोई गलत काम नहीं किया। अगर कोई आरोप लगा देता है, तो उससे यह साबित नहीं हो जाता कि हमने गलती की है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे ऊपर लगे आरोप साबित हो जाते हैं तब उस वक्त तय करेंगे कि हमें क्या करना है। इससे पूर्व आलम ने दुमका के गांधी मैदान में 10 दिवसीय राज्यस्तरीय सरस मेला का उद्घाटन किया।

### दुमका के गांधी मैदान में पलाश सरस मेला 2022 का उद्घाटन



दुमका (आजाद सिपाही)। दुमका के गांधी मैदान में पलाश सरस मेला 2022 का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक बसंत सोरेन के द्वारा किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित या मेला 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सखी मंडल के महिलाओं द्वारा 150 स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों की बिक्री की जा रही है। मेले में लोक कला हस्तशिल्प कला हैंडलूम के परिधान हस्त निर्मित गिरी साज-सज्जा का समान खाद्य सामग्री आदि सभी तरह के सामानों के स्टाल लगाये गये हैं। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आजीविका में वृद्धि लाना ही इस मेले का उद्देश्य है। महिलाओं के आय वृद्धि तथा सशक्तिकरण के लिए इस तरह के मेले की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं के उत्पाद को एक बाजार मुहैया होता है। विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्य के सभी महिलाओं को एक सम्मान मिले उनके सपनों को सच किया जाये बसंत सोरेन ऑर्गेनिक खेती पर जोर दिया।

# वाराणसी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले बन्ना गुप्ता, मांगा एक और एम्स



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वाराणसी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने एक और एम्स की मांग की है । इस दौरान उन्होंने झारखंड की 42 हजार सहियाओं का मानदेय बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें कहा गया है कि सहियाओं के मानदेय में पूर्व में अनुशंसा की गयी थी, लेकिन किन्हीं कारणवश उस पर अमल नहीं हो पाया है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया है कि आंध्रप्रदेश में प्रतिमाह 10 हजार, केरल में पांच हजार प्रतिमाह मानदेय के रूप में सहियाओं को दिया जा रहा है, जबकि झारखंड में मात्र दो से तीन हजार रुपये ही दिया जा रहा है। ये पैसे को किराये के रूप में भी कम पड़ते हैं।

### बढ़ते मरीजों को देखते हुए एक और एम्स की मांग

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से झारखंड के लिए एक और एम्स की मांग की है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि रांची का रिम्स ही एकमात्र संस्थान है, जिसमें सामान्य बीमारी एवं उच्चतर जोखिम आधारित बीमारियों के इलाज के लिए राज्य के मरीजों को निर्भर होना पड़ता है। कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां के रोगियों का उपचार समय पर संभव नहीं हो पाता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** विशेष परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य सफल होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**वृष** स्वजन-प्रियजनों का सहयोग, किसी समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, मान-सम्मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क** शुभ समाचारों की प्राप्ति, सुखद दाम्पत्य जीवन, गृह-भूमि-भवन का सुख मिलेगा।

**सिंह** अधूरा काम पूरा होगा, राजनीतिक लाभ, गुप्त शत्रुओं पर विजय,धनलाभ होगा।

**कन्या** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, रोजी-रोजगार में सफलता, आर्थिक लाभ होगा।

**तुला** रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन।

**वृश्चिक** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, कठिनाइयों पर विजय, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति।

**धनु** नौकरी-व्यवसाय में सफलता, विशिष्टजनों से संपर्क बढ़ेगा, सामाजिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** पारिवारिक उलझनें दूर होंगी, मकान-वाहन आदि की समस्या का समाधान।

**कुंभ** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी, व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे।

**मीन** आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे, संपत्ति के लाभ के साथ ही आपकी श्रीवृद्धि होगी।

## मोरहाबादी के तीन स्थानों पर सांसद संजय सेठ ने की चाय पर चर्चा

# रांची को कैसे बनायें एक बेहतर शहर, लोगों से ली राय




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को मोरहाबादी मैदान में तीन स्थानों पर नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सांसद ने रांची में बेहतर कानून व्यवस्था, बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने, बिजली सहित अन्य मुद्दे, जो रांची को एक बेहतर शहर बना सकते हैं, इस पर सभी नागरिकों के विचार लिये।

सांसद ने इस चर्चा में कहा कि यह अच्छी बात है कि हम सरकार से भी बेहतर की उम्मीद करते हैं और सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए। रांची, झारखंड की राजधानी है। यह और बेहतर बन सके, यहां बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया हो सके, कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी हो, इस तरफ सरकार को काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शहर हमारा अपना शहर है। हमारी मातृभूमि है, इस लिहाज से हम नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि शहर को बेहतर बनाने में हम सब अपना योगदान दें। उन्होंने नागरिकों से संवाद के क्रम में उनके बहुमूल्य विचार लिये। चाय पर चर्चा के बाद सांसद ने बताया कि अभी तक उन्होंने रांची के 22 ऐसे स्थानों को चिह्नित किया है, जहां रविवार की सुबह में चाय पर चर्चा होगी। आज उसकी शुरूआत की गयी है और फिर प्रत्येक रविवार को रांची के किसी अन्य मैदान में ऐसे ही नागरिकों के साथ संवाद का कार्यक्रम किया जायेगा।

# रांची में भारत जोड़ो यात्रा 17 को, तैयारियों को लेकर हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला में 17 दिसंबर को प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी की रविवार को एक संयुक्त बैठक आयोजित की गयी। बैठक में महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा और जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो संयुक्त रूप से उपस्थित थे। इसमें रांची में आयोजित होने जा रही भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन के लिए सामूहिक रूप से विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण भारत जोड़ो यात्रा का रांची में भव्य आयोजन होना चाहिए। इसके लिए सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को तन- मन-धन से लग जाना है।

नवनियुक्त रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के आयोजन का उद्देश्य महान है। पूरे देश में हमारे नेता के साथ जनसैलाब उमड़ रहा है। अब भाजपा की गंदी और विभाजनकारी राजनीति का अंत समय आ गया है। सभी साथियों को इस आयोजन की सफलता के लिए जी-जान से जुट जाना है।

वहीं, दूसरी ओर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ कांग्रेस पार्टी का आयोजन नहीं है। इसमें तो सभी वर्ग एवं विचारधारा के लोगों का समावेश है। इस यात्रा को सफल बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। सभी संगठनों का भी इसमें सहयोग अपेक्षित है। बैठक को और कई नेताओं ने संबोधित किया।

## अभी और सतायेगी ठंड , अगले पांच दिनों तक छाये रहेंगे बादल

**रांची।** दिसंबर आते ही ठंड भी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड की राजधानी रांची में अगले पांच दिनों तक आंशिक बादल छाये रहेंगे। जिसके कारण सुबह में भी कोहरा छाया रहेगा। वहीं राज्य में अगले एक से दो दिनों के दौरान रात के तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। जिसके बाद अगले दो दिनों में धीरे-धीरे तापमान में गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। वहीं कहीं-कहीं सुबह में हल्का कोहरा भी छाया हुआ था। उच्चतम तापमान 27.3 डिग्री देवघर, न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री डाल्टेनगंज में दर्ज किया गया। **11 दिसंबर:** सुबह में कोहरे और दोपहर में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। **12 दिसंबर:** सुबह में कोहरे या धुंध के बाद आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। **13 दिसंबर :** सुबह में कोहरे या धुंध के बाद में आसमान साफ रहेगा। **14 दिसंबर :** सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा। **15 दिसंबर :** सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में तापमान में गिरावट की उम्मीद है।

# राज्य के विकास एवं सामाजिक बेहतरी के लिए अधिवक्ता आगे आयें : डॉ. लंबोदर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के महासचिव डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य के विकास और सामाजिक बेहतरी के लिए अधिवक्ता आगे आयें। यही मौजूदा समय की जरूरत है। महतो रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का लक्ष्य और मकसद बिल्कुल स्पष्ट है। आम जनमानस को उनके अधिकार, संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार और संवैधानिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। साथ ही शोषितों, वंचितों, पिछड़ों और समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों को न्यायिक प्रक्रियाओं से अवगत कराना एवं न्याय दिलाना है। आजसू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आत्मसंतुष्टि के लिए कार्य करें। शोषितों-पीड़ितों और आर्थिक रूप से अक्षम लोगों को न्यायिक विषयों एवं न्यायिक प्रक्रिया में मदद करें। उन्होंने कहा कि जबतक जिम्मेदार लोग आगे आकर नेतृत्व नहीं करेंगे तब तक राज्य का कायाकल्प संभव नहीं है।

### दूरगामी सोच की जरूरत

अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि कानूनी रूप से परिपक्व एवं सक्षम नेताओं को समाज की जरूरत है। यही मौजूदा समय की भी मांग है। दूरगामी सोच के साथ इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा। इसी क्रम में अधिवक्ता संघ के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य निरंतर जारी है। कार्यक्रम में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, प्रधान महासचिव भरत चंद्र महतो सहित सभी प्रदेश पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की।

# किस खुशी में निकाली जा रही है खतियानी आभार यात्रा:आशा लकड़ा

कहा- झारखंडियों को बेवकूफ मत बनाइये। एक ओर आप जनजातीय भाषा को अहमियत दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गढ़वा में भोजपुरी कलाकारों को बुला कर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची की मेयर आशा लकड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज करते हुए कहा कि आखिर किस खुशी में खतियानी आभार यात्रा निकाली जा रही है। क्या झारखंड में 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि सीएम झारखंडियों को बेवकूफ मत बनाइये। एक ओर आप जनजातीय भाषा को अहमियत दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गढ़वा में भोजपुरी कलाकारों को बुला कर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन कार्यक्रम में क्या हुआ, यह बताने की जरूरत नहीं है। गढ़वा के लोगों ने खातियानी आभार यात्रा का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

### आदिवासियों की भावनाओं के साथ खेल हो रहा

रांची की मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी आप 1932 लागू कर सकते थे, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। आप आदिवासियों और स्थानीय लोगों की भावनाओं के साथ खेल रहे हैं। यह राजनीतिक षड्यंत्र है और इसका जवाब स्थानीय लोग अवश्य देंगे। उन्होंने कहा कि भाषा लोगों की पहचान है, इसलिए झारखंड को भाषाओं के आधार पर मत बांटिए। यदि आप 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति झारखंड में लागू कर सकते हैं, तो इस विधेयक को विधानसभा में आनन-फानन में पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजने की आवश्यकता क्यों पड़ी। इससे यह स्पष्ट हो चुका है कि झारखंडियों के साथ सिर्फ और सिर्फ छलावा हो रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राजद नेताओं ने की मुलाकात, कहा

# खतियानी जोहार यात्रा में राजद शामिल होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश में गठबंधन के घटक दल राजद अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा में शामिल होंगे। रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने मुलाकात की।

मुलाकात के बाद संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री मजबूती के साथ गठबंधन को लेकर चलेंगे। हमारा गठबंधन चुनाव के पूर्व से है। कहीं न कहीं समन्वय के कमी के कारण समन्वय नहीं हो पा रहा था, अब कोई दिक्कत नहीं होगी। गठबंधन के साथियों को साथ लेकर चलना और मजबूत रखना हम सब की जवाबदेही है। राजद के नेताओं कार्यकर्ताओं को भी सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि महागठबंधन के सभी कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने निर्देश दिया है कि सभी प्रदेश के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष तथा नेता-कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ उपस्थित रहेंगे। बता दें कि पिछले दिनों राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने बयान जारी कर कहा था कि राजद का कोई कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के खतियानी जोहार यात्रा में शामिल नहीं होंगे। बाल संरक्षण आयोग के गठन में राजद को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। इसके 24 घंटे के अंदर प्रदेश अध्यक्ष के बॉडीगार्ड को हटा लिया गया था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



# बजरंग दल की शौर्य यात्रा से शहर हुआ भगवामय

## जगह-जगह हुआ स्वागत, अनुशासन में रहे कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** गीता जयंती पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग में बजरंग दल ने शौर्य यात्रा का आयोजन किया। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरंग दल हजारीबाग में बड़ा अखाड़ा से शौर्य संचलन का प्रारंभ किया गया। शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः बड़ा अखाड़ा में समाप्त हुआ। यात्रा में हजारों बजरंग दल के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इससे पूर्व विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों की संख्या में बड़ा अखाड़ा बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। हाथों में भगवा झंडा लिए कार्यकर्ता जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। करीब 1 बजे शहर में यात्रा शुरू हुआ, पूरे संचालन के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता अनुशासित रहे। बड़ा अखाड़ा से संचालन प्रारंभ हुआ और झंडा चौक, पैगोडा चौक होते हुए आनंदा चौक पहुंची। वहां से



नवाबगंज होते हुए संचालन मेन रोड पहुंची और फिर बड़ा अखाड़ा पहुंची। समारोह में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो का विशेष मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्रद्धानंद सिंह, एवं जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता उपस्थित रहे। मंच का संचालन एवं यात्रा का नेतृत्व बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने किया। सभा की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता ने किया। यात्रा में सदर प्रखंड से अध्यक्ष अनुज राणा, संयोजक कुंदन, सहसंयोजक जय सोनी, सोनू महाकाल, अखाड़ा प्रमुख सदर गोविंद यादव, विद्यार्थी प्रमुख सदर सत्यम कुमार, नगर से संयोजक आशीष कुमार सहसंयोजक निक्की , विद्यार्थी प्रमुख शिवजीत पांडे, जिला सत्संग प्रमुख सहदेव गुप्ता, सुजीत, शशि राणा, अजीत यादव, मुकेश यादव, कटकमसांडी संयोजक उमेश गुप्ता, आकाश मेहता, कटकमदाग से विशाल कुमार, सिंदूर पंचायत से ऋषि राज, सुमित कुमार, हरीश गुप्ता अनीश कुमार विकास कुमार आशीष तिवारी सौरभ सिंह आदि उपस्थित थे। रंगनाथ जी ने कहा पूरी विश्व पहचान रही है हिंदुत्व की शक्ति बजरंग दल कार्यकताओं में अनुशासन तथा राष्ट्रप्रेम की पाठ पढ़ा रही है। आज समय तेरा मेरा अगला पिछड़ा छोड़कर एक होने का है। पूरा विश्व में हिंदुओं की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है हमारी शक्ति पहचान है और समय आ गया है कि हम एक होकर पूरे विश्व को एक बार फिर से अलौकिक शक्ति का अहसास कराएं और भारत माता को फिर से विश्व गुरु बनाए । वही बजरंग दल के जिला संयोजक ने पूरे जिले में विभिन्न प्रखंडों में सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न होने पर कार्यकताओं को बधाई दी एवं एक होकर अपने राष्ट्र एवं समाज स्वतंत्र प्रहरी बनने की अपील की तथा धर्मांतरण एवं लव जिहाद के खिलाफ पूरे जिले भर में बैठकर समाज को जागृत करते हुए निपटने की अपील की एवं शांति पूर्वक संचालन को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई।

## माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक प्लस टू हाई स्कूल कोडरमा में हुई। बैठक में कहा गया कि कोडरमा जिले में कई बार ज्ञापन देने के बाद भी शिक्षकों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया, जिसमे शिक्षकों में काफी रोष है। जल्द ही शिक्षक संघ के शिष्टमंडल द्वारा उपायुक्त से मिलकर समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन देने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता उदय कुमार प्रधानाध्यापक प्लस टू हाई स्कूल कोडरमा ने की। बैठक में अध्यक्ष राधे श्याम शुक्ला, प्रमंडलीय सचिव गगन कुमार दास, सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, वाल्मीकि कुमार, श्याम सुन्दर यादव, संजय कुमार, शंकर पासवान, अनुज पाण्डेय, राजेश दास, सत्तार अंसारी, आलोक सिन्हा उपस्थित हुए।

## पुलिस ने चार नामजद अभियुक्तों को जेल भेजा

**डोमचांच(आजाद सिपाही)।** थाना कांड़ संख्या 32/18 में पुलिस ने चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया।प्राथमिकी अभियुक्त कृष्ण कुमार मेहता (उम्र 42 वर्ष पिता ईश्वरचन्द मेहता), प्रकाश मेहता (उम्र 35 वर्ष), बासु मेहता उर्फ बासुदेव मेहता उर्फ लखन लाल मेहता (उम्र 57 वर्ष पिता जीवलाल मेहता), तीनो नावाडीह, थाना डोमचांच एवं डोमचांच थाना कांड सं0- 69/22 के प्राथमिकी अभियुक्त जमाल अंसारी (पिता मकबुल अंसारी, रघुनियाडीह, थाना जयनगर) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## वाणी कंप्यूटर सेंटर में परीक्षा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वाणी कंप्यूटर सेंटर कोडरमा में एडीसीए, डीसीए, टैली और टाइपिंग का फाइनल परीक्षा लिया गया। निरीक्षक के रुप में प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी जयनगर महेश प्रसाद सिंह थे। संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक चार महीने के बाद एक फाइनल परीक्षा लिया जाता है और सभी सफल विद्यार्थी को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र दिया जाता है। वही अगला बैच डीसीए का 20 दिसम्बर ओर टैली का 25 दिसम्बर को शुरू होने वाला है। मौके पर शिक्षिका मीना कुमारी, अमित कुमार, परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओं सरिता कुमारी, खुश्बू कुमारी, दीप्ती कुमारी, कोमल कुमारी, राखी कुमारी, पूजा कुमारी, अविनाश कुमार, प्रेरित कुमार, मोहित कुमार,अभिषेक कुमार, सुनील कुमार, केदार मिस्त्री, इम्तियाज आलम, रूपेश राम मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रविवार सुबह कोडरमा गया रेलखंड स्थित दिलवा स्टेशन लालबाग के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार सिंह (40 वर्ष, पिता विष्णु सिंह, ग्राम कुमीहातरी बेंदी, चंदवारा) के रूप हुई है। जानकारी के अनुसार दिलवा स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद इसकी सूचना आरपीएफ को दी गयी। घायल को कोडरमा स्टेशन पहुंचाया गया जिसके बाद आरपीएफ की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## कोडरमा में कांग्रेस संगठन का विवाद जारी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले में कांग्रेस पार्टी में संगठन का विवाद थम नहीं रहा है। यहां पहले नारायण बरनवाल को जिला अध्यक्ष बनाया गया और दो दिनों में ही उनकी जगह भागीरथ पासवान को जिलाध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया। इसके विरोध में कांग्रेस के 6 प्रखंड अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इधर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव बनाये गए नारायण बरनवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे को प्रदेश कमेटी में सचिव बनाने के लिए आभार जताया है। साथ ही कहा कि कोडरमा जिला के 6 प्रखंड अध्यक्षो ने प्रखंड अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं के लिए एक मिशाल कायम किया है। कोडरमा जिला के अध्यक्ष की नियुक्ति में जो अनियमियतता हुई है, इसको ध्यान में रखते हुए इन प्रखंड अध्यक्षों ने इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि मै इन प्रखंड अध्यक्षों के इस्तीफे को प्रदेश अध्यक्ष से नामंजूर करने का अनुरोध करता हूं, नहीं तो मुझे प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## स्वच्छ भारत एवं जल जीवन मिशन के कार्यो का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय प्रमुख अभियंता ने रविवार को कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा प्रखंड में जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे निरीक्षण क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को सिंगल विलेज स्कीम के तहत आने वाले सभी ग्रामों में हंड्रेड परसेंट एफएसटीसी करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया है एवं मल्टी विलेज स्कीम के तहत आने वाले ग्रामों में काम में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि लक्ष्य को ससमय प्राप्त किया जा सके। इसके अलावे इस साल हर घर जल कनेक्शन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी कनीय अभियंता को सख्त निर्देश दिया। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रखण्ड समन्वयकों का सहयोग लेने का भी निर्देश दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षण अभियंता महोदय, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, कार्यालय कर्मी, प्रखंड समन्वयक एवं आइएसए प्रतिनिधि एवं संवेदक उपस्थित थे।

## योगी सुषमा सुमन और प्रदीप कुमार सुमन को सम्मानित किया गया



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर योगी सुषमा सुमन और योगी प्रदीप कुमार सुमन को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो नामक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर वर्मा, झारखंड अध्यक्ष सचिन कुमार और जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने इन्हें सम्मानित किया। उक्त सम्मान मिलने पर गायत्री बरनवाल, संगीता देवी, उपेंद्र दुबे, अनिल सिंह, गोपाल शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, अरविंद एकघरा, सीमा देवी, आलोक कुमार सिन्हा, नारायण सिंह, रामचंद्र यादव, रंजीत पासवान, भिखारी राणा, विनय राणा, सुरेश सिंह, राजेंद्र बरनवाल, विकास सेठ, कैलाश राणा, शंकर विश्वासी, महादेव मोदी, सावित्री देवी ने बधाई दी।

## झुमरीतिलैया में भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल को मिलेगा भव्य रूप

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला इकाई कोडरमा की बैठक रविवार को गौतम बुद्ध पार्क तालाब परिसर झुमरी तिलैया मे दलित समिति के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक ने किया। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट इंद्रदेव राम ने प्रस्तुत किया। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के नेताओं ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाईपास चौक झुमरी तिलैया का सुंदरीकरण बहुत जल्द करने का निर्णय लिया जिसके लिए आगामी बैठक 22 दिसंबर को झुमरीतिलैया साहू धर्मशाला में की जाएगी। पूरे जिले में कोष संग्रह की तैयारी की जाएगी और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल को भव्य रूप से बनाने का फैसला लिया गया। मौके पर जिप सदस्य महादेव राम, धीरज रजक, कैलाश प्रसाद, विनोद राम, कृष्णा चौधरी, कृष्णा पासवान, रघुनाथ दास, पंकज कुमार, महादेव दास, राजकुमार दास, सुनील रजक, पप्पू कुमार दास, सुनील कुमार दास, कृष्णा दास, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास कुमार मौजूद थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान कैलाश राय को मिला प्रथम स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा ।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में संकुल स्तरीय एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास वर्ग में हरफनमौला प्रदर्शन छात्रो में नयी ऊर्जा का संचार जगा। व्यक्तित्व विकास वर्ग में एक सौ से ज्यादा भैया और लगभग दर्जनों आचार्य उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन विद्यालय के कोषाध्यक्ष नवल कुमार, प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू व जयनगर के प्राचार्य राजकुमार के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय आचार्य प्रदीप कुमार के द्वारा कराया गया । कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज हुआ, जिसमें कैलाश राय विद्या मंदिर के भैया प्रथम स्थान पर रहे। वहीं भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि गणित दौड़ की प्रतियोगिता दो वर्गों मैं संपन्न हुई। जिसमें भैया दुर्गेश वैभव (कैलाश राय) प्रथम स्थान पर रहे। वही शिवतारा विद्या मंदिर के विकांसु



शाह को दूसरा स्थान मिला। जबकि तीसरे स्थान पर सरस्वती शिशु मंदिर, जयनगर के भैया मनीष कुमार रहे। तीसरी प्रतियोगिता प्रश्न मंच की थी जो बाल वर्ग व किशोर वर्ग के लिए थी।इसमें बाल वर्ग में तीनों स्थान कैलाश राय के भैया क्रमशः अमन राज, रौनक राज व नंदकिशोर प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। किशोर वर्ग में पहला व दूसरे स्थान पर कैलाश राय के विकास व हर्ष को मिला वहीं तीसरे स्थान भामाशाह बरही के कुंदन केसरी को मिला।गणित दौड़ बाल वर्ग की प्रतियोगिता में पहला स्थान भामाशाह के प्रिंस कुमार को मिला ।वहीं दूसरा और तीसरा स्थान कैलाश राय के भैया चिन्मय प्रकाश और रौनक राज को मिला। चौथी प्रतियोगिता मासिक गीत गायन की थी जो सिर्फ शिशु वर्ग के लिए थी। इसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया प्रथम स्थान पर रहे वहीं शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। आभार ज्ञापन प्रभारी मनोज कुमार सिंह के किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, रामानुज पांडे, वीरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, कुमार मुरलीधर, उमाशंकर कुमार, अजय झा, पवन शर्मा, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो, कुमारी रानी प्रसाद, श्वेता श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, चंद्र कावेरी निहाल, अनीता ठाकुर, गीतांजलि शर्मा आदि उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की हुई बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा मंदिर बरकट्ठा के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का बैठक किया गया।बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव व संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया। संगठन के निर्देश पर बरकट्ठा में 14 दिसंबर दिन बुधवार को शौर्य पथ संचालन का कार्यक्रम मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे बुढ़िया माता मंदिर से प्रारंभ होगा। बुढ़िया माता मंदिर से बरकट्ठा थाना होते हुए बरकट्ठा हाई स्कूल से पुनः वापस दुर्गा मंदिर आकर समापन होगा। मौके पर धीरज गुप्ता, विक्की गुप्ता, सुजीत कुमार, सुरेश पांडेय, गणेश नायक, सुजल राज,सुजीत मोदी, राजेन्द्र यादव, शुभम गुप्ता, सुमन गुप्ता, राज गुप्ता, दीपक राणा, युवराज अग्रहरि, संतोष गुप्ता, कृष्णा कुमार, अभिजीत कुमार प्रखंड एवं पंचयात के संगठन के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने 12 टन अवैध कोयला जब्त किया

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के पलांडू, चलंगदाग, फटरिया पानी में इंस्पेक्टर सर थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर 12 टन अवैध कोयला के साथ-साथ मोटर, पाइप, कोयला काटने का सामान जप्त कर थाना लाया गया तथा बड़कागांव थाना कांड संख्या 302/22 के तहत चलगदाग निवासी रिझु गंझु, सरजू गंझु अंबाटोला निवासी राजेंद्र हेंब्रोम, राजू हेमरोम एवं बुंडू निवासी मदन साव पर मामला दर्ज किया गया।

## रक्षाबंधन सह पर्यावरण जागरूकता समारोह 28 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी ।** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कंडाबेर एवं ग्राम पंचायत बेलतु के माता स्थान परिसर में वन पर्यावरण सुरक्षा समिति हजारीबाग के आलोक में महादेव माहतो एवं डॉक्टर खेमलाल माहतो के निदेर्शानुसार वृक्षो की रक्षाबंधन को लेकर कंडाबेर मुखिया दिनेश साव के उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रतिनिधि चंद्रिका रजक,तथा संचालन कर्ता वन पर्यावरण अध्यक्ष हरि मंडल एवं वन पर्यावरण सचिव कोलेश्वर



यादव के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा किया गया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से रक्षाबंधन सह पर्यावरण जागरूकता समारोह 28 दिसंबर 2022 को मनाया जाना है। इस बैठक में कंडाबेर, बेलतु, पतरा के ग्रामीण शामिल हुए। पर्यावरण सुरक्षा समिति के तत्वधान में 28 दिसंबर को वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर माता स्थान वन के वन्यजिवो व प्राकृति की पूजा अर्चन कर एवं इसके देव रूप वृक्षों के नीचे सुखमय जीवन की कामना के साथ धरना देकर इसे सदा सदा के लिए जीजान से बचाने के संकल्प के साथ वहां के वनस्पतियों में राखी बांधी जाएगी। मौके पर वन रक्षी संतोष साव,आरती देवी, अनीता देवी, सुमन कुमारी, ममता देवी, पूनम देवी, पूर्णिमा देवी, बिना देवी, अशोक बंटी राज उपस्थित थे।

## खतियान महाजुटान 15 दिसंबर को गोंदलपुरा खेल मैदान में

पिन्टू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही) ।** बड़कागांव झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोंदलपुरा के तत्वधान में आगामी 15 दिसंबर को गोंदलपूरा खेल मैदान में खतयानी महाजुटान की तैयारी को लेकर 11 दिसंबर को गोंदलपूरा खेल मैदान में प्रोफेसर ज्योति जलधर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन कृष्णा राणा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 दिसंबर को गोंदलपूरा खेल मैदान में खतयानी महा जुटान का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो होंगे। जिसमें मुख्य मांगे जल जंगल जमीन और खनिज हमारा है।



खनन अधिकार हमारा है। जमीन राज्य का मामला है केंद्र का नहीं। भारत का संविधान है जमीन मालिक खनिज का मालिक है। सरकारे नहीं सुप्रीम कोर्ट, भूमि अधिग्रहण संशोधन कानून 2017 रद्द करो, देश के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व समुदाय के अधीन है,भारत का संविधान । बैठक में गोंदल पुरा पंचायत के गोंदलपुरा, गाली ,बलोदर हाहे फुलांग ग्रामीणों का महा जुटान होगा बैठक में पूर्व पंचायत समिति सदस्य देव नाथ महतो, विक्रम कुमार महतो, परमेश्वर महतो, विनायक कुमार, सुजीत कुमार, बंधन गंझु, अनिल कुमार, अरुण कुमार, हीरालाल महतो, शुकुल महतो, रामसहाय महतो, उपेंद्र कुमार, मेघनाथ महतो, पारस कुमार, नंद किशोर मेहता, मनोज कुमार महतो, चंदन कुमार, तीर्थ नाथ महतो, पंचम महतो, जगदेव गंझु, प्रेम लाल महतो, राजेंद्र महतो, रितु रंजन, अनिल कुमार, गणेश महतो, आरती देवी, गीता देवी, पूजा रानी, यशोदा देवी, सुनीता देवी, पुष्पांजलि कुमारी, यशोदा देवी, चकोरी गोप, रेशमी देवी, सरिता कुमारी, संजू देवी, फुलेंद्र गंझु, तालेश्वर महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में आवाहन किया गया। कि 15 दिसंबर को भारी से भारी संख्या में खतयानी महा जुटान में आकर कार्यक्रम को सफल बनाये।ताकि आने वाले समय में कंपनियां बेवजह गांव में आकर उपजाऊ जमीन को कब्जा करना बंद करें अन्यथा खतयानी परिवार चुप बैठने वाली नहीं है ।

## खैरा मुखिया के प्रयास से उच्च विद्यालय में लगायी गयी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा में शनिवार को मुखिया कुमारी माधुरी के द्वारा छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाया गया। मुखिया ने वेंडिंग मशीन से सेनेटरी पैड निकाल कर छात्राओं को मशीन के उपयोग करने के तरीके को बताया। साथ ही उन्होंने इस मशीन की विशेषता भी बताई। इस अवसर पर मुखिया कुमारी माधुरी ने कहा कि यह मशीन बहुत ही सरल और सहज रूप से काम करती है। जो छात्राओं के लिए बहुत ही मददगार साबित होगी। आज के समय में भी माहवारी को लेकर लोगो मे भ्रम है। माहवारी के समय घरेलू कपडों का उपयोग किया जाता है। जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उपयुक्त नहीं है। इससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। यह वेंडिंग मशीन सेनेटरी पैड को डिस्पोज भी करता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के लिए यह मशीन काफी मददगार साबित होगा। मौके पर छात्राओं को सेनेटरी पैड की विशेष जानकारी दी गयी। विद्यालय की छात्राओं ने इसके लिए मुखिया के प्रति आभार प्रकट किया है।

## मध्य विद्यालय कुरहा में पंसस व मुखिया प्रतिनिधि ने किया पोशाक वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय कुरहा में 27 बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। पोशाक वितरण स्थानीय पंचायत समिति सदस्य केदार प्रसाद मेहता एवं मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार उर्फ जोधन मेहता ने किया। पोशाक वितरण वर्ग पहला में 10 एवं वर्ग दूसरा में 17 बच्चों के बीच किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश मेहता, उपाध्यक्ष शारदा देवी, संयोजिका फुलमती मेहता, शिक्षक प्रदीप कुमार पांडेय, विनोद कुमार, कैलाश मेहता, अहिल्या कुमारी, निशा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## मुखिया संघ की बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** परासी पंचायत भवन मे इचाक प्रखंड मुखिया संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता डुमरौन मुखिया चोहन महतो ने की। बैठक मे 19 पंचायत के मुखिया ने भाग लिया। प्रखंड मुख्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार एवं पदाधिकारियों के मनमानी रवैया पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही मनरेगा में जनप्रतिनिधियों का दायित्व को दरकिनार कर मनमाने तरीके से हो रहे काम पर अंकुश लगाने पर विचार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को इचाक प्रखंड से दूसरे प्रखंड में स्तांतरण करने पर विचार, संगठन मजबूत करने पर विचार, प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टचार को लेकर उपायुक्त से मिलने पर विचार, प्रखंड के किसानों एवं गाय पालको को गाय शेड निर्माण पर विचार, सुखाड़ होते हुए भी कूप निर्माण में बड़े पैमाने पर पैसे दोहन पर विचार, प्रखंड मुख्यालय को पदाधिकारियों द्वारा चारागाह बना देने पर विचार किया गया। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, अशोक कपरदार, सिकंदर राम, अशोक राम, सकेन्द्र प्रसाद मेहता, सुनीता देवी, उमेश मेहता, मोदी कुमार, किरण देवी, सीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार, विजय राम, चंदन कुमार दयानंद कुमार आदि शामिल थे।

## बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त

**इचाक (आजाद सिपाही)।** बालू खनन कर ट्रेक्टर से बेचने जा रहे कारोबारियों के खिलाफ इचाक अंचल अधिकारी मनोज कुमार महथा ने पुलिस बल के साथ रविवार को छापामारी किया। इस दौरान करियातपुर के समीप से बालू लदा चार ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। सीओ के निर्देश पर बालू लदा चारो ट्रैक्टर को थाना में लाकर आगे की कारवाई की जा रही थी।

## पुवाल लदे ट्रैक्टर में शार्ट शर्किट से लगी आग



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू थाना क्षेत्र के बासोबार के बासोबार में एक पुवाल लदा ट्रेक्टर में आग लग गई जिससे थोड़ी देर के लिए लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। बासोबार में तुलसी राणा के घर से पुआल लादकर ट्रेक्टर कवालु जा रहा था तभी बासोबार में काफी नीचे झूल रहा विद्युत तार के संपर्क में आने से शार्ट सर्किट हो गई और पुवाल में आग लग गई। ग्रामीणों ने ट्रेक्टर चालक को गाड़ी फुटबॉल मैदान में लगाने को कहा जिससे किसी तरह का नुकसान ना हो पाए। मैदान में ले जाने के बाद ट्रेक्टर के इंजन को डाला से अलग कर लोगों की सहायता से जलते हुए पुआल को गिराया गया जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया ।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रगति विकास केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को सामुदायिक अस्पताल के समीप पतालसुर मेडिकल हॉल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ संजीव हेंब्रम और डॉ निखिल आनंद ने रोगियों का जांच व इलाज किया। शिविर में हड्डी रोग, सायटिका, शरीर में झनझनाहट, कमर दर्द, एलर्जी, यूरिक एसिड, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच समेत कई रोगों का इलाज किया गया। शिविर में करीब 50 रोगियों का मुफ्त इलाज हुआ। प्रगति विकास केंद्र के सचिव गोपाल प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को मुफ्त चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा। मौके पर संस्था के बिरेन्द्र प्रसाद, अनुज कुमार,पप्पु प्रसाद सहीत अन्य लोग शामिल थे ।

## मुखिया ललिता देवी ने नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के बंडासिंघा में स्थानीय मुखिया ललिता देवी ने नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुखिया ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर नाली निर्माण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण किया।शिलान्यास स्थल पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बेलकप्पी पंचायत में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।समाज के हर हर तबके और हर क्षेत्र का विकास करना हमारी प्रतिबद्धता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कला-संस्कृति हर क्षेत्र में योजनाएं संचालित हैं। पंचायत में कई विकास के काम हो रहे हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पांडेय, पंचायत समिति प्रतिनिधि संजय साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, समाजसेवी वकील साव, नंदू राणा, राजू मण्डल, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर साव, वार्ड सदस्य छोटी साव, नितीश पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, पिंटू राणा, सूरज राणा, अमर पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, टुकलाल साव, गुलेश्वर साव, त्रिवेणी पाण्डेय समेत दर्जनों संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पेटो पंचायत के बेला पेटो गाँव से पुलिस ने एक व्यक्ति को प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सुचना के आधार पर केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार की देर रात छापामारी कर प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया है ।केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई ने बताया की पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है पुलिस ने केरेडारी थाना कांड संख्या 184/2022 के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।

## दोतल्ला पंचायत में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की हुई विशेष ग्रामसभा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में रविवार को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) द्वितीय चरण का योजनाओं का चयन को ले ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की विशेष ग्रामसभा हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी व संचालन पंचायत सचिव नरेश हजाम ने किया। ग्रामसभा में प्रखंड समन्वयक रंजीत कुमार एवं मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा ग्रामसभा के बैठक के विषय में विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को जानकारी दी गई। साथ ही ओडीएफ प्लस की गतिविधियों को शत-प्रतिशत सफलता के लिए ग्रामीणों की सहभागिता की अपील की गई। इस दौरान पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो द्वारा ग्राम पंचायत के सभी वार्ड के सभी मोहल्ला-टोलो में भ्रमण कर एवं ग्रामीणों के साथ बैठक करके विचार-विमर्श कर चयनित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही कुछ छूटे हुए योजनाओं को भी चयनित किया गया। मौके पर सर्वसम्मति से चयनित सभी योजनाओं का ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृति देकर बजट बनाया गया। जिसे प्रशासनिक स्वीकृति के लिए जिला जल स्वच्छता समिति को अग्रेषित किया गया। मौके पर रविकांत सिंह, मनोज कुमार ददन, भरत और बबलू, मनोज चैधरी, प्रबीर तफादार उर्फ काजू, राधा देवी, शकुंतला देवी, प्रेमी सलोनी तिर्की, रंजू सिंह, छुवी देवी, गोपाल विश्वकर्मा, मनोज सिंह, ललन सिंह, विकास कुमार, विश्वनाथ सिंह, विद्या सिंह, शांति देवी सहित 312 ग्रामीण मौजूद थें।

## सौंदा डी में तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर स्थानीय लोगों ने की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौंदा डी आजाद नगर न्यू रामनवमी मैदान में आगामी 28 फरवरी से 2 मार्च तक होने वाले तीन दिवसीय महायज्ञ की तैयारियों को ले रविवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सत्येंद्र पांडेय व संचालन दीपक कुमार ने किया। बताया गया कि आगामी 17 जनवरी को भूमी पूजन, ध्वजारोहण आदि धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित द्वारा संपन्न कराये जायेंगे। महायज्ञ की सफलता को ले सर्वसम्मति से यज्ञ कमेटी का गठन किया गया। इसमें कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, सह कोषाध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, प्रचार-प्रसार प्रभारी चन्दन कुमार सिंह, सह प्रभारी विकाश कुमार शामिल हैं। बताया गया कि आगामी 18 दिसंबर की दोपहर 3 बजे पुन न्यू रामनवमी ग्राउंड आजाद नगर सौंदा डी बैठक होगी। जिसमें यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, वार्ड सदस्य नरेंद्र कुमार, संजय कुमार,घुरा चोधरी, रधु, मोहन बेदिया, कौशल सिंह, निलु महली, मखन सिंह, चुनचुन कुमार, कृष्ण कुमार, अजीत कुमार, लक्ष्मन सिंह, संतोष रजक, पंडित सिताराम बैध, अजीत जयसवाल, मधु भंडारी, मंटू, बिटु शर्मा, अभिषेक, देवकरण यादव, मुकेश सिंह, भरत साव, गणेश यादव, अंशु जयसवाल, कैमु, कोका महली दर्जनों हनुमान भक्त मौजूद थें।

## एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह के निधन पर शोक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह इण्डियन माईन वर्कर्स फेडरेशन के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के निधन पर फेडरेशन व एटक परिवार में शोक की लहर है। मालूम हो कि स्व. रामचंद्र सिंह पिछले कई महीनो से बीमार थें। इलाज के क्रम में दिल्ली एम्स में 10 दिसंबर को उनका निधन हो गया। उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि रामचंद्र सिंह अपनी पूरी जिंदगी कोयला मजदूरों के हक-अधिकार व जुल्म व शोषण के खिलाफ लड़ते रहें। वे पूर्व में राज्यसभा सदस्य व जेबीसीसीआई सदस्य आदि पदों पर रहते हुए मजदूरों की आवाज सदैव बलुंद की। उनका निधन फेडरेशन व एटक परिवार के लिए अभूतपूर्ण क्षति है। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, एटक महासचिव अमरजीत कौर, एटक सचिव विद्यासागर गिरी, फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा मोदी, कोल फेडरेशन के सयुंक्त महामंत्री हरिद्वार सिंह, सीजे जोसफ, विधायक ढुल्लू महतो, सीता सोरेन, यूसीडब्ल्यूयू अध्यक्ष शत्रुधन महतो, केंद्रीय सचिव अशोक यादव, नरेश मंडल, बिनोद बिहारी पासवान, सतीश कुमार सिन्हा, विकास कुमार, अनुज कुमार, अजय कुमार, अजय विश्वकर्मा, मनोज पांडेय, भगवान साव, चंद्रदेव कुमार, विस्वादत रॉय, ओमप्रकाश सिह, रामेश्वर साव, अरशद हुसैन, सन्याशी नायक, प्रदीप कुमार, रमेश सिह, योगेंद्र प्रसाद, सतीश केशरी, प्रेम कुमार, इंद्रदेव राम, रामजी साह, संतोष गोराई, पशुपति कोल, मंगल नायक, सुरेश प्रसाद, वरूण कुमार आदि शामिल हैं।

## पुल का निर्माण स्थल बदले जाने पर ग्रामीणों ने काटा बवाल, मंत्री के आवास का किया घेराव



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत जोरी काली मंदिर और करेलीबार गांव के ग्रामीणों ने चयनित स्थल के जगह दूसरे स्थल पर पुल निर्माण कराए जाने की बात सामने आने पर जमकर बवाल काटा। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने हंटरगंज के जोरी काली मंदिर और करेलीबार मार्ग स्थित नीलाजन नदी पर पुल निर्माण कराने की अनुशंसा की गई थी। पुल निर्माण की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। मंत्री की अनुशंसा के अनुसार चयनित स्थल पर उक्त पुल का निर्माण कार्य नहीं करा दूसरे जगह पर पुल का निर्माण कराए जाने की जानकारी ग्रामीणों को मिली है। ग्रामीणों ने इस संबंध में विभिन्न स्रोतों से जानकारी ली। जिसमें निर्माण स्थल में बदलाव किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसके बाद से काली मंदिर जोरी और करेलीबार के ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने राज्य के श्रम नियोजन मंत्री एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है' इस दौरान पूर्व में चयनित निर्माण स्थल जोरी काली मंदिर करेलीबाग पथ पर नीलाजन नदी में पुल बनाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट करते हुए बवाल भी काटा। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण स्थल में तब्दीली कर उक्त पुल का निर्माण छोटकी जोरी और कुरसेल गांव के मार्ग पर कराए जाने की योजना बनाई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर अनुशंसा के अनुसार पुल का निर्माण काली मंदिर करेलीबाग मार्ग स्थित निलाजन नदी पर नहीं किया गया तो आंदोलन होगा।

## बैटरी फटने से मरीजों में मची भगदड़ अस्पताल हुआ धुआं धुआं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल की विद्युत व्यवस्था भेंटीरेटर पर है. इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि अस्पताल में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था को लेकर लगाया गया बैटरी ब्लास्ट कर गया. अस्पताल में चारो ओर धुंआ धुंआ हो गया. वार्ड में भगदड़ मच गया. मरीज इधर उधर भागने लगे. ये तो संयोग हुआ कि जहां ब्लास्ट हुआ उसके आस पास तब कोई नहीं था अन्यथा ब्लास्ट होने वाले बैटरी से निकलने वाले एसिड की चपेट में आने से किसी मरीज की जान चली जाती या फिर वह गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रहा होता. घटना शनिवार की बताई जाती है. बताते चलें कि लाखो रुपए की लागत से अस्पताल में 120 बैटरी व दर्जनों सोलर प्लेट लगाए गए हैं. परंतु ये किसी काम के नहीं हैं. स्थिति ऐसी है कि अगर बिजली 2 मिनट भी कट गई तो अस्पताल का लोड यह उठा नहीं पाता है. ऐसे में सम्पूर्ण अस्पताल में अंधेरे का साम्राज्य कायम हो जाता है. इस बाबत सदर अस्पताल के डीएस डॉ मनीष लाल ने बताया कि बैटरी को लेकर एक दर्जन से अधिक बार उपायुक्त महोदय को लिखा गया है. बावजूद अभी तक सोलर और बैटरी लगाने वाले कंपनी के विरुद्ध कोई कारवाई नहीं की गई है और ना ही लगाया गया घटिया और निम्न स्तर के बैटरी को ही बदला गया है.

### रघुनाथ सिंह पुलिस एसोसिएशन रामगढ़ शाखा के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

# पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर करूंगा समाधान : रघुनाथ सिंह

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पुलिस एसोसिएशन रामगढ़ शाखा का चुनाव रविवार को हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक मनोज कुमार सिंह की देख रेख में रामगढ़ पुलिस केंद्र में चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान नामांकन का समय 11.30 से 12.30 बजे तक में मात्र एक नॉमिनेशन एक सब इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह ने किया। वही, नाम वापसी का समय 12.30 से 1 बजे तक निर्धारित था। इसे देखते हुए पर्यवेक्षक मनोज कुमार सिंह ने सब इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। साथ ही, उन्हें प्रशस्ति पत्र और माला पहना कर स्वागत किया।



निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों की जो भी समस्याएं होगी उससे अवगत होकर उनकी समस्याओं का निदान करने का प्रयास करूंगा। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों को भरोसा दिलाया कि कदम से कदम मिलाकर हर कदम उनके साथ खड़े रहेंगे।

**हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी की देखरेख में चुनाव हुआ संपन्न**

हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पर्यवेक्षक मनोज कुमार सिंह के अलावा उपाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष एएसआई अनिल राम और संयुक्त सचिव एएसआई बादल महतो की देख रेख में चुनाव कार्य संपन्न हुआ।

**ये थे उपस्थित**

यातायात प्रभारी सह प्रभारी सार्जेंट मेजर हरिनंदन सिंह, गोला अंचल पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार, सार्जेंट किशोर कुमार, मांडू थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, शशि प्रकाश, सोनू कुमार, अफजाल अंसारी, संतोष गुप्ता, प्रभात कुमार, राजे कुमारी कुजुर, मालती कुमारी, विजय सिंह, शंकर कुमार, मनोज सिंह, उदय यादव, ललन सिंह, भावेश झा, राम प्रवेश शर्मा, अरुण कुमार चौधरी सहित पुलिस मेंस एसोसिएशन के सचिव लवकुश मेहता, संयुक्त सचिव तारकेश्वर साहू, केंद्रीय सदस्य दिनेश कुमार सुमन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लेंसकार्ट शोरूम का डीडीसी ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के थाना चौक में लेंसकार्ट शोरूम का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उदघाटन डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व डीडीसी का आगमन पर शोरूम के संचालक अनिल कुमार सिन्हा ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने लेंसकार्ट शोरूम के संचालक अनिल कुमार सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करें, तभी शोरूम अपनी एक अलग पहचान बनाएगी और लेंसकार्ट के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। वही, संचालक श्री सिन्हा बताया कि लेंसकार्ट की शुरूआत 2010 से ऑफलाइन स्टोर आया था, तब से अब तक निरंतर बढ़ते जा रहा है। इसी के साथ एशिया की नंबर वन ऑप्टिकल चैन कंपनी बन चुकी है। इसके अलावा विश्व के 25 से भी ज्यादा देशों में सर्विस दी जा रही है।



**ये लोग थे उपस्थित**

इस अवसर पर छावनी परिषद के पूर्व पाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, नीलांजन दत्ता, हितेश वडेरा, निशांत सिन्हा, अभिनीत सिन्हा, आकांक्षा सिन्हा, नीलम सिन्हा, ज्योति सिन्हा, सोनम सिन्हा, श्याम सुंदर शर्मा, विपिन अग्रवाल, मोनू गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच बांटे भोजन व गर्म वस्त्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। साथ ही कई लोगों के बीच गर्म वस्त्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ जयश्री मेहता सहित कई लोगों का योगदान रहा।

## पाली पंचायत में दो दिवसीय पुष जतरा मेला का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भदानीनगर।** भदानीनगर के पाली पंचायत में दो दिवसीय पुष जतरा मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद और जेएमएम के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया द्वारा उद्घाटन किया गया। इस मेले को भव्य रूप से बनाने के लिए कई रंगारंग कार्यक्रम किए गए जहां गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस परंपरा और संस्कृति को साल दर साल इसी हर्ष और उल्लास से मनाने की कामना की। इस मेले शामिल हुए अतिथि गन जिला पार्षद जयराम बेदिया, बलदेव राम, प्रदीप साहू, राजू नायक, मुकेश रावत,पंकज महतो, पाली पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील बेदिया, सचिव प्रेम बेदिया, कोषा अध्यक्ष रामकुमार बेदिया, पाली मुखिया रेखा देवी, उपमुखिया सोनाली देवी, पंचायत समिति छोटेलाल बेदिया, पुष जतरा समिति सदस्य भारत बेदिया, बिहारी बेदिया, राजेश बेदिया, नवीन बेदिया, सूरज बेदिया, सुनील बेदिया, कुलदीप बेदिया, राज बेदिया, अरविंद बेदिया, महेश बेदिया, छोटेलाल बेदिया, जगमोहन भबेदिया, कैलाश सिंह, जयपाल बेदिया, जग्गू बेदिया, देव बेदिया, लालू बेदिया, अरुण बेदिया, नेपाल यादव और धनंजय यादव मुख्य रूप से सम्मिलित हुए ।

## चतरा इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के तत्वाधान में रविवार को चतरा इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. पी. रॉय ने माँ शारदे पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित हुए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा एक अविरल प्रक्रिया है जो मानव के योग्यता एवं क्षमता को स्वालंबन बनाती है। इसमें इग्नू जैसे अध्ययन शाला की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है. कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू के नव नियुक्त मनोवैज्ञानिक सहायक समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार झा ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षार्थियों को इग्नू तथा अध्ययन केंद्र (3611) से प्राप्त होने वाली सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि इग्नू अध्ययन शाला ऐसे लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है जो किसी कारण वश अपने पठन-पाठन की प्रक्रिया को बीच में ही छोड़ चुके हैं वे पुनः जारी रखना चाहते हैं। कार्यक्रम में केंद्र के परामर्शदाता डॉ. ज्योति कुमार ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीविकोपार्जन एवं सर्वांगीण विकास की बीच की प्रक्रिया में एक सशक्त कड़ी की भूमिका निभाती है इग्नू अध्ययन शाला। इस अवसर पर डॉ. अनिल कु. सिंह, एल. बसंत कुमार परामर्शदाताओं ने विषयवार जानकारी शिक्षार्थियों के संग साझा किया।



## भैरवा जलाशय में पहुंच रहे हैं विदेशी मेहमान देखने के लिए लग रही है लोगों की भीड़

**अंजनी कुमार**

**गोला (आजाद सिपाही)।** भैरवा जलाशय में विदेशी पक्षियों का आना शुरू हो गया है।हर वर्ष सर्दी के मौसम में ये पक्षी यहां आते है। साइबेरिया से करीब 11 हजार किलोमीटर की दूरी तय करके ये प्रवासी पक्षी भैरवा डैम आते है। सूर्योदय के बाद से शाम लगभग पांच बजे तक जलाशय में रहते हैं। बताया जाता है कि इन पक्षियों का आगमन अक्टूबर और नवंबर के महीने में होता है।मार्च और अप्रैल के बीच में ये विदेशी मेहमान फिर अपने घर को लौट जाते हैं।जलीय पौधे, जलीय कीट व मछलियां ही इनका आहार हैं। डैम में बार हेड-ेड गुज, नॉर्दर्न पिनटेल, कॉमन पोचार्ड, टफटेड डक, रूडी शेल्डेक, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड और



ग्रेट क्रेस्टेड ग्रीब का समूह पहुंचा है। जाड़े की शुरूआत में अक्टूबर से नवंबर महीने के बीच एशिया और मंगोलिया से पक्षी भैरवा जलाशय में आते हैं। दिन भर पानी में और शाम होने के बाद पास के जंगल में रात्रि विश्राम करने चले जाते हैं।जानकर लोगो बताया कि ये पक्षी यूरोप के देशों से आते हैं।इनका मूल निवास यूरोप और उत्तरी अमेरिका है। इन प्रजातियों के पक्षी अपने मूल स्थान से साइबेरिया और टुंड्रा भी प्रवास पर जाते हैं।जानकर लोगों ने बताया कि इन पक्षियों को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक पानी में विचरण करते देखा जा सकता है। जलाशयों में लगभग 70 प्रजाति के वाटर बर्ड और वाटर डिपेंडेंट बर्ड पहुंचते हैं।अभी कुछ पक्षियों का आना बाकी है। मंगोलिया से पहुंचने वाले बर्ड की पुष्टि उसमें लगे टैग से पिछले वर्ष भी हुई थी। ज्यादा ठंड और बर्फ जम जाने की वजह से वहां उनके लिए भोजन की कमी हो जाती है।यही वजह है कि यूरोप और मध्य एशिया से पक्षी दक्षिण एशिया के देशों में प्रवास पर आ जाते हैं।जलीय प्रवासी पक्षियों को देखने डैम हर साल बर्ड वाचर पहुंचते हैं।वन विभाग इन प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने केलिए बर्ड सेंसस कराता है।इन विदेशी मेहमानों को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाना या इनका शिकार करना दंडनीय अपराध है। इनका शिकार करने वालों की सूचना संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी को दी जा सकती है। पक्षी जब उड़ान भरते हैं, तो इनके की आकृति अंग्रेजी के वी लेटर की तरह होती है। उड़ते समय आवाज भी करते हैं। पानी में उतरते समय फाइटर प्लेन की तरह लैंड करते हैं।

## तोपा मुखिया ने आधार सेवा केंद्र का किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** तोपा पंचायत सचिवालय में मुखिया मफूजा खातून ने आधार सेवा केन्द्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया ने संचालक को बधाई देते हुए लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करने की बात कही। मौके पर पूर्व मुखिया अरशद अंसारी, रोजगार सेवक अशफाक, संचालक शकील अहमद, आफताब, बालमती देवी, दीपा कुमारी, रुखसाना खातून, सुरेश करमाली, तमन्ना परवीन, रेखा देवी, उमीर्ला देवी, सदाकत हुसैन, रियाज अंसारी, दुबराज महतो, गुलाम मुस्तफा, आलम अंसारी, छोटे लाल मांझी, मनोज कुमार, निर्मल करमाली आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र में रविवार को पतरातू थाना पुलिस के द्वारा कई स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार हाल ही मे हुए पतरातू क्षेत्र में गोलीबारी कांड के मद्देनजर पुलिस की नजर दोपहिया वाहन चालकों पर है। क्योंकि दोपहिया वाहन पर ही चलकर गाली चलाने वाले अपराधी हरदेव कैंस्ट्रक्शन के साईट पर पहुंचकर गोलीबारी की थी। इसी को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन दोपहिया वाहन चालकों को रोक कर खैरा मांझी द्वार, शहीद भगत सिंह चैक आदि स्थलों पर वाहनों के कागजातों व ड्राईविंग लाईसेंस आदि की जांच पड़ताल की। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित थाने के अन्य अधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बीडीओ ने प्रज्ञा केंदों का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के बीडीओ हलधर कुमार सेठी ने रविवार को सांकुल पंचायत सहित कई अन्य पंचायतों के प्रज्ञा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने प्रज्ञा केन्द्र में सुखाड़ राहत को लेकर किसानों का नामांकन, ई केवाईसी आदि कार्यों को देखा। इस दौरान उन्होने प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को ताकिद की कि वे कृषकों को परेशान नहीं करें। और काम में तेजी लावें। ताकि अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन व ई केवाईसी हो सके। उन्होने किसानों से भी कहा कि गांव के सभी किसान रजिस्ट्रेशन करवाकर सुखा राहत योजना का लाभ लें। इस मौके पर प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक चितरंजन कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सिनेमा हॉल के पास एक सड़क दुर्घटना में रविवार को एक व्यक्ति घायल हो गया। इसको प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। इस सम्बन्ध में बताया जाता है कि सिनेमा हॉल परिसर से एक ट्रक (जेएच 02एल 2986) बाहर आ रहा था। इसी दौरान अजित कुमार सिंह (34 वर्ष) नामक व्येक्ति अपने मोटरसाईकिल (सीजे 07 बीएम 6204) से पीटीपीएस की ओर जा रहा था। और बाहर निकल रहे ट्रक से टकरा गया। इससे वह गिर गया और शरीर के कई हिस्स में चोटें आई। आस पास के लोग उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

## घरेलू विवाद में घर से निकले पिता, हुए लापता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के बोंगाबार कोयरी टोला निवासी नंदकिशोर गिरी(50 वर्ष) बीते शनिवार शाम सात बजे से घर से लापता हो गए हैं। मामले को लेकर उनके पुत्र प्रह्लाद गिरी ने कुजू ओपी में लिखित आवेदन देकर उन्हें खोज निकालने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में कहा है कि शनिवार दिन में उनके पिता और माता के बीच कुछ घरेलू विवाद हो गया था। उसी के बाद शाम सात बजे से वह घर से कहीं बाहर चले गए हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं अता पता नहीं चल पाया है। जिससे घरवाले काफी परेशान हैं। घर से निकलते समय नंदकिशोर गिरी ने सफेद रंग का टीशर्ट एवं सफेद पैंट पहन रखा है। उनका कद 5 फीट 8 इंच है एवं रंग गोरा है।

## आराध्या महिला समिति सीसीएल ने चालकों में किया कंबल वितरण




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आराध्या महिला समिति सीसीएल आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र की अध्यक्षा प्रियंका सिंह ने आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र से चलने वाले प्राइवेट भारी वाहनों के चालको के बीच में ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया । यह कार्यक्रम रविवार को बचरा स्थित मंगलम हॉल में किया गया। जिसमें 50 से अधिक प्राइवेट चालको,उपचालको के बीच में कंबल का वितरण किया गया। बताते चलें की आराध्या महिला समिति सीसीएल आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र द्वारा प्रत्येक माह एक सामाजिक कार्यक्रम सीसीएल अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा विमला प्रसाद के मार्गदर्शन में किया जाता रहा है।इस मौके पर शारदा प्रसाद,रेखा मेहता, नुजहत अख्तर, रीना सिंह समेत अन्य उपस्तिथ थी।

## कुमरांग कला के राम लखन ओझा ने थाने में आत्मदाह करने की धमकी दी !



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** कहते है बुढ़ापे में श्रवण कुमार जैसा आज्ञाकारी पुत्र होता तब जीवन धन्य हो जाता। लेकिन एक कलयुगी बेटा शम्भू शरण ओझा ने अपने माता-पिता राम लखन ओझा कुमरांग कला गाँव निवासी थाना टंडवा को घर से बाहर कर ससुराल हजारीबाग पत्नी साथ चला गया। भुक्तभोगी पिता रामलखन ओझा ने आवेदन लिख पुलिस प्रशासन एव जिला प्रशासन को बताया कि प्रधानमंत्री आवास मेरे नाम से मिला। किसी तरह आवास निर्माण करवाया ।बेटा बहु ने आवास में रखे चावल इत्यादि सामग्री समेत घर को ताला जड़ के ससुराल चले गये। मैं वृद्ध पति पत्नि पैर हाथ नही चलती, कपकपाती ठण्ड में इधर उधर भटक रहे है। यदि प्रशासन द्वारा न्याय नही मिली तो राम लखन ओझा ने थाना के प्रवेश द्वार पर 12 दिंसबर सुबह 12 बजे आत्म दाह करने की बात आवेदन में बताया है। उक्त मामले को लेकर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ने बताया की भुक्तभोगी वृद्ध रामलखन ओझा की मकान को बीडीओ रथु महतो, सीओ विजय कुमार दास को सूचित किया गया। मामला को शीघ्र निष्पादन किया जायेगा।

## दहेज प्रताड़ना को ले पत्नी ने पुलिस से लगायी गुहार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रानी नर्सिंग होम में कार्यरत निवासी 26 वर्षीय अरविया निगार ने भुरकुंडा ओपी में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इसमें कहा है कि चतरा निवासी शौकत अंसारी ने अपनी पूर्व की शादी को छिपाते हुए मुझसे निकाह किया। इसके बाद लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित भी करता रहा। निकाह के पूर्व दहेज के रूप मेरे मायके वाले ने बाईक भी दी थी। शादी के बाद भी वह मेरे मायके वाले से लगभग 5 लाख रूपया ले चुका है। एक माह पूर्व मुझे यह पता चला कि मेरे पति पूर्व में एक हिन्दू युवती से शादी की है और उसके तीन बच्चे भी हैं। आवेदन में भुरकुंडा पुलिस से एक पत्नी के रहते हुए झूठ बोलकर दूसरी शादी करने व दहेज के लिए मारपीट करने तथा फर्जी सेना का नौकरी बता झांसा देकर मुझसे विवाह करने आदि मामलो के विरूद्ध मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भारत में महंगा इलाज क्यों

इस बार राज्यसभा में ऐसे दो निजी विधेयक पेश किये गये हैं, जो पता नहीं कानून बन पायेंगे या नहीं, लेकिन उन पर यदि खुल कर बहस हो गयी तो वह भी देश के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। पहला विधेयक, सबके लिए समान निजी कानून बनाने के बारे में है और दूसरा है, इलाज में लूटपाट रोकने के लिए। निजी कानून यानी शादी-ब्याह, तलाक, दहेज, उत्तराधिकार संबंधी कानून। इस बारे में मेरी विनम्र राय है कि सारे भारतीय लोगों को एक ही तरह का निजी कानून मानने में ज्यादा फायदा है। हजारों वर्ष पुराने हिंदू कानून, ईसाई और यहूदी कानून और इस्लामी कानूनों से चिपके रहने की बजाय नयी परिस्थितियों के मुताबिक आधुनिक कानून मानने के कारण बहुत-सी परेशानियों से भारत के लोगों को मुक्त होने का मौका सहज ही मिल जायेगा। इसी तरह से अपने देश में लोगों को समुचित इलाज और इंसाफ पाने में बहुत दिक्कत होती है। अस्पताल और अदालत लोगों को लूट डालते हैं। इसीलिए अस्पतालों, डॉक्टरों की फीस, दवाइयों और जांच की कीमतों पर नियंत्रण लगाना बहुत जरूरी हो गया है। मेरी राय में तो चिकित्सा और शिक्षा या यों कहें कि इलाज और इंसाफ, हर नागरिक को मुफ्त मिलना चाहिए। इसीलिए राज्यसभा के वर्तमान सत्र में यह जो विधेयक इलाज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए लाया गया है, इसे सवार्नुमति से पारित करके लोकसभा को भेजा जाना चाहिए। इस विधेयक में शायद यह मांग नहीं की गयी है कि गैर-सरकारी अस्पतालों में शल्य-चिकित्सा और कमरों की फीसों में मच रही लूटपाट को रोका जाये। या तो निजी अस्पताल एकदम खत्म ही कर दिये जायें और यदि उनको रहने दिया जाये तो उन्हें 5 नहीं, 7 सितारा होटल बनने से रोका जाये। आजकल स्वास्थ्य-बीमा मध्यम और उच्च वर्ग के रोगियों को कुछ राहत जरूर पहुंचाता है, लेकिन वह निजी अस्पतालों की लूटपाट का नया हथियार बन गया है। निजी अस्पतालों की मोटी फीस और सरकारी अस्पतालों की लापरवाही उनमें भर्ती हुए कई मरीजों को पहले से भी ज्यादा बीमार कर देती है। जिस दवा का लागत मूल्य 2 रुपये है, वह 100 रुपये में बिकती है और जो परीक्षण 50 रुपये में हो सकता है, उसके लिए 500 रुपये ठग लिये जाते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 2021 में इलाज की महंगाई 14 प्रतिशत बढ़ गयी थी। उसके कारण देश के साढ़े 5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गये थे। भारत में इलाज पर हमारे नागरिकों को अपनी जेब खर्च का 63 प्रतिशत पैसा खर्च करना होता है। भारतीय नागरिकों का स्वास्थ्य बढ़िया रखने के लिए कई अन्य कदम भी जरूरी हैं, लेकिन उनके इलाज को सस्ता करने में संसद को कोई झिझक क्यों होनी चाहिए?

**एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 2021 में इलाज की महंगाई 14 प्रतिशत बढ़ गयी थी। उसके कारण देश के साढ़े 5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गये थे। भारत में इलाज पर हमारे नागरिकों को अपनी जेब खर्च का 63 प्रतिशत पैसा खर्च करना होता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वर्ष 2023 में जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान शुरू किए जाने वाले स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप की आकांक्षा स्टार्टअप का समर्थन करने और स्टार्टअप, कॉरपोरेट जगत, निवेशकों, इनोवेशन एजेंसियों एवं संबद्ध इकोसिस्टम के अन्य प्रमुख हितधारकों के बीच तालमेल को संभव बनाने हेतु एक वैश्विक धारणा का निर्माण करने की है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है, जिसमें 1072 यूनिकॉर्न, 83,000 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और उन्हें सहयोग देने के लिए एक निरंतर विस्तार करता हुआ इनोवेशन इकोसिस्टम शामिल है।**

# जी20 देशों के आर्थिक एजेंडे में स्टार्टअप को सबसे ऊपर रखने की कवायद

**डॉ चिंतन वैष्णव**




**स्टार्टअप-20, विभिन्न जी-20 के देशों में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास के अपने दायित्व को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और सत्रों की मेजबानी करने की कल्पना करता है। ये गतिविधियां 28 जनवरी, 2023 (हैदराबाद में) और 3 जुलाई, 2023 को शिखर सम्मेलन (गुरुग्राम में) के उद्घाटन समारोह से शुरू करके छह कार्यक्रमों के दौरान चलेंगी।**

प्रत्येक देश की उभरती जरूरतों और वहां के स्थापित मूल्यों के अनुरूप अलग-अलग लेकिन एक सामूहिक भविष्य का निर्माण करते हुए, स्टार्टअप आज नवाचारों से प्रेरित आर्थिक सुधार, पुनर्संरचना और विकास के इंजन बन गये हैं। कुल 90 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था में वैश्विक स्टार्टअप अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 3 ट्रिलियन 1 अमेरिकी डॉलर की है और यह हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है।

तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य की जरूरतों की दृष्टि से प्रतिक्रिया देने वाले नवाचार को संचालित करने में स्टार्टअप की भूमिका महामारी के दौरान बिल्कुल स्पष्ट रही है। यह भूमिका न सिर्फ जीवन बचाने में योगदान देने, बल्कि आर्थिक जीवंतता की ओर वापस ले जाने की रही है।

सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अर्थव्यवस्थाओं की सहायता करने, सीमाओं के पार सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप तेजी से प्लेटफॉर्म और साधनों की पेशकश कर रहे हैं। इस प्रकार, वे रोजगार सृजन, तकनीकी प्रगति, दीर्घकालिक विकास और संकट प्रबंधन के मामले में दुनिया भर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से, भारत 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को दुनिया के सामने लाने की कल्पना करता है।**

वर्ष 2023 में जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान शुरू किए जाने वाले स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप की आकांक्षा स्टार्टअप का समर्थन करने और स्टार्टअप, कॉरपोरेट जगत, निवेशकों, इनोवेशन एजेंसियों एवं संबद्ध इकोसिस्टम के अन्य प्रमुख हितधारकों के बीच तालमेल को संभव बनाने हेतु एक वैश्विक धारणा का निर्माण करने की है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है, जिसमें 1072 यूनिकॉर्न, 83,000 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और उन्हें सहयोग देने के लिए एक निरंतर विस्तार करता हुआ इनोवेशन इकोसिस्टम शामिल है।

नये शुरू किये गये स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप के माध्यम से, भारत जी-20 देशों के बीच रणनीतिक सहयोग के जरिए रचनात्मक स्टार्टअप की सहायता करने के लिए दुनिया को एक समावेशी ढांचा विकसित करने में मदद करने की आकांक्षा रखता है। जी-20 देशों में से प्रत्येक देश जहां आंतरिक रूप से अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, वहीं यह समूह स्टार्टअप के वित्तपोषण के मॉडल को संभव बनाने और विशेष रूप से वैश्विक महत्व के क्षेत्रों के लिए सुसंगतता एवं सह-निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए मिल कर काम करेगा।

इस एंगेजमेंट ग्रुप के स्थापना वर्ष के लिए, भारत ने तीन साझा स्तंभों की पहचान की है :

**1. नींव और गठबंधन:** जी-20 की अर्थव्यवस्थाओं में स्टार्टअप और उनके काम को लेकर कई परिभाषाएं मौजूद हैं। पहले स्तंभ के माध्यम से, स्टार्टअप-20 की नींव को मजबूत करने के लिए स्टार्टअप के लिए एक हैंडबुक तैयार करने हेतु आम सहमति के आधार पर परिभाषाओं और शब्दावलियों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा, इस स्तंभ का उद्देश्य जी-20 की अर्थव्यवस्थाओं में स्टार्टअप इकोसिस्टम के हितधारकों के बीच वैश्विक गठजोड़ बनाने हेतु एक रूपरेखा तैयार करना और विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

**2. वित्त:** दूसरा स्तंभ स्टार्टअप के वित्तपोषण को आसान बनाने और नेटवर्किंग एवं पिचिंग अवसर प्रदान करके एक सहयोगी वातावरण बनाने हेतु नीतियों और फ्रेमवर्क पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**3. समावेशिता और स्थिरता:** तीसरा स्तंभ सभी देशों के सामान्य हित के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से संबंधित अंतरालों की भरपाई करने वाले या उन समूहों, जिनके समावेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है (जैसेकि महिला उद्यमी, दिव्यांग व्यक्ति), का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टार्टअप को गति प्रदान करने हेतु उपयुक्त तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

स्टार्टअप-20, विभिन्न जी-20 के देशों में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास के अपने दायित्व को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और सत्रों की मेजबानी करने की कल्पना करता है। ये गतिविधियां 28 जनवरी, 2023 (हैदराबाद में) और 3 जुलाई, 2023 को शिखर सम्मेलन (गुरुग्राम में) के उद्घाटन समारोह से शुरू करके छह कार्यक्रमों के दौरान चलेंगी। भारत के विभिन्न हिस्सों में भी कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इसके अलावा, भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के लिए एक बड़े स्टार्टअप शोकेस की कल्पना की गई है।

इस एंगेजमेंट ग्रुप के माध्यम से, जी-20 के देशों द्वारा आम तौर पर स्वीकृत सिफारिशों को दर्ज करने वाली आधिकारिक नीति संबंधी विज्ञप्ति को संकलित और प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावा, उपरोक्त बातचीत के परिणामस्वरूप सामने आने वाले विभिन्न दिशानिर्देशों, उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों, रूपरेखाओं और रणनीतिक सिफारिशों से संबंधित कई प्रकाशन भी हासिल किए जायेंगे।

यही नहीं, भारत इस तरह की गतिविधियों और इस जुड़ाव के परिणामों को दिशा देने में सक्षम एक 'ग्लोबल इनोवेशन हब' बनाने की भी आकांक्षा रखता है।

जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से, भारत 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को दुनिया के सामने लाने की कल्पना करता है। इसी भावना के अनुरूप, स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप स्टार्टअप की सहायता करने और उन्हें समावेशी एवं विविध भागीदारी के माध्यम से हमारे सामूहिक भविष्य का हिस्सा बनाने हेतु एक वैश्विक धारणा का निर्माण करने और उसे सहेज कर बनाये रखने की आंकाक्षा रखता है।

1. स्टार्टअप जीनोम
2. भारतीय यूनिकॉर्न लैंडस्केप

**(लेखक: मिशन निदेशक, अटल इनोवेशन मिशन एवं स्टार्टअप 20 के अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## 1971 की विजय को याद करेंगे पूर्व सैनिक

# 18 दिसंबर को गोलमुरी शहीद स्थल से निकलेगी पराक्रम यात्रा

**वर्ष 1971 के वीर शहीदों को दी जायेगी श्रद्धांजलि**

**पूर्व सैनिक सेवा परिषद् की बैठक में लिया गया निर्णय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् की जमशेदपुर इकाई की ओर से 18 दिसंबर को जिले के वीर जवानों के सम्मन में पराक्रम यात्रा निकाल कर विजय दिवस मनायेगी। परिषद् के जिलाध्यक्ष विनय यादव एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में रविवार को एग्रिको मैदान में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि गोलमुरी स्थित शहीद स्थल से आरंभ यह पराक्रम यात्रा आरडी टाटा तकनीकी संस्थान एवं साकची गोलचक्कर होते हुए भालूबासा बजरंगबली मंदिर पहुंच कर संपन्न होगी, जिसमें सैकड़ों पूर्व सैनिक, युवा और शहरवासी 1971 की जीत का जश्न मनाने एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जुटेंगे। उन्होंने बताया कि इसमें अतिथि के तौर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, समाजसेवी एवं क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, जिला परिषद जमशेदपुर के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह एवं हंड्रेड फील्ड रेजिमेंट के साथी और 1971 के जांबाज वीर सैनिक उपस्थित रहेंगे। बैठक में विजय दिवस के साथ-साथ अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ. इसके अतिरिक्त बैठक में आयोजन के दौरान नागरिक परिवेश में सैन्य जागरण का प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में वरुण कुमार, उमेश सिंह, वाई के मिश्र, विनय कुमार, जितेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, विजय कुमार, धनंजय निर्दोष, जसवीर सिंह, लालबाबू सिंह यादव, किशोरी प्रसाद, अजय कुमार सिंह, राजेश कुमार, कामाख्या सिंह, राजीव सिंह, बीके दत्ता, अनिल सिन्हा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, निरंजन शर्मा, बिनेश प्रसाद, बिशुनदेव प्रसाद, दयानंद सिंह, रमेश प्रसाद, भुवनेश्वर पांडेय, दीपक शर्मा, प्रेमनाथ सिंह, मनोज कुमार, आमोद कुमार सिंह आदि सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# घाटशिला महाविद्यालय में मनाया गया भारतीय भाषा दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने, लोगों को कुछ और भारतीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करने तथा भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता सद्भाव और अखंडता का अनुभव करवाने के उद्देश्य घाटशिला महाविद्यालय में यूजीसी के निर्देश पर भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके उद्घाटन वक्तव्य में प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने तथा पड़ोसी भाषा के प्रति प्रेम और आनंद की अनुभूति के लिए भाषाई सौहार्द विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ नरेश कुमार, डॉ दिलचंद राम, डॉ संदीप चंद्रा, प्रो सोमा सिंह, प्रो मोहम्मद सज्जाद, प्रो विकास मुंडा एवं माणिक मार्डी ने भी संबोधित किया तथा अपनी मातृभाषा में कविता का पाठ किया। इस मौके पर प्रो महेश्वर प्रमाणिक, प्रो राम विनय प्रसाद श्याम, डॉ संजेश तिवारी, डेजी सेवा, समीर कुमार राय, खुदीराम हांसदा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन और अस्तित्व संस्था ने बढ़ती ठंड को देखते हुए संयुक्त रूप से स्टेशन के पास सड़क किनारे रहने वाले जरूरतमंदो के बीच गर्म व पुराने कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान टाटानगर रेलवे स्टेशन के नजदीक हनुमान मंदिर के पास सभी एकत्रित किया गया, जहां बारी-बारी से जरूरत के मुताबिक गरम कपड़ा दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में महिला, पुरुष, विकलांग, बच्चे मौजूद रहे। नेक काम मे संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष उषा सिंह,कार्यकारी जिलाध्यक्ष उदय शंकर प्रसाद, ज्योत्सना नाथ, सोनू कुमार,अनिल शर्मा,अस्तित्व की संस्थापक सह सचिव और मानवाधिकार संगठन की जिला अध्यक्ष श्रीमती मीरा तिवारी, बैजयंती बारी, सुबोध दुबे, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र यादव, समाजसेवी राजा ओझा, राजेश सहित स्थानीय समाजसेवी लोगो ने अहम भूमिका निभायी।

# सांसद से बंद एचसीएल-आइसीसी प्लांट को जल्द चालू कराने की मांग की गयी

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पूर्वी मऊभंडार ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने सांसद विद्युतवरण महतो से मिलकर एचसीएल-आइसीसी की बंद मऊभंडार प्लांट को जल्द चालू कराने की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य विजय पांडेय, मुखिया निताई मुंडा एवं उपमुखिया रूपेश दूबे ने संयुक्त रूप से सांसद को मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव भी उपस्थित थे। उप मुखिया रूपेश दूबे ने सांसद का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बीते तीन वर्ष से आईसीसी प्लांट बंद है। प्लांट बंद होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है जिससे स्थिति चिंताजनक हो चुकी है। आर्थिक तंगी के कारण मजदूर पलायन को विवश हो रहे है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। कई मजदूर के बच्चों का स्कूल से नाम सिर्फ इसलिए कट गया, क्योंकि उनके फीस भरे नहीं जा सके है। बेटियों की शादी आर्थिक तंगी के कारण नहीं हो पा रही है। प्लांट बंद होने का प्रतिकूल असर मऊभण्डार टाउनशिप पर भी पड़ रहा है। व्यापार-धंधे मंद पड़ गए है। व्यापारी मायूस है। आइसीसी के स्थाई कर्मचारी भी भविष्य को लेकर चिंतित है। ठेका मजदूरों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। टाउनशिप में कम्पनी प्रबंधन डेवलपमेंट का काम तक नहीं कर पा रही है। आलम यह है कि मऊभण्डार का हर एक परिवार इन दिनों अपने आप को उपेक्षित और असहाय सा महसूस कर रहा है। क्षेत्र में रोजगार का कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है। उन्होंने सांसद से बंद प्लांट को जल्द चालू कराने की दिशा में ठोस पहल करने की मांग की ताकि मऊभंडार एकबार फिर हरा-भरा हो सकें। सांसद विद्युतवरण महतो ने भरोसा दिलाया कि वे केंद्रीय खान मंत्री से मिलकर इस संबंध में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि बंद प्लांट एवं खदान को चालू कराने के लिए हरसम्भव पहल की जायेगी।

# झामुमो ने साकची थाना में पदाधिकारियों पर बदतमीजी-अभद्रता करने का लगाया आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर। झामुमो नगर सचिव मंजीत सिंह उर्फ नंदू सरदार ने साकची थाना के पदाधिकारियों पर बदतमीजी करने और अभद्रता करने का आरोप लगाया। रविवार को झामुमो नगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल साकची थाना पहुंच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

मौके पर मंजीत ने साकची थाना प्रभारी से शिकायत की। इस दौरान उन्होंने बताया शनिवार देर शाम वे किसी काम से साकची थाना गये थे। पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति से उन्हें मुलाकात करनी थी।

हिरासत में लिये गये व्यक्ति से वार्ता के दौरान मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने बदतमीजी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने पुलिस को अपना परिचय दी लेकिन उसके बावजूद उन्होंने बाहर जाने को कहा।

मनजीत सिंह ने बताया कि जब उन्होंने अपनी गलती पूछी तो पदाधिकारियों ने विधायकों और मंत्रियों के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। मनजीत सिंह ने आरोप लगाते हुए ऐसे दोषी पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई की मांग की। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओ ने साकची थाना में विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग करते रहे।

# अटलजी की जयंती पर सम्मानित होंगे बुजुर्ग : काले

**अटल विचार वाहिनी इस वर्ष भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह आयोजित करेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में अटल विचार वाहिनी द्वारा भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया जायेगा। श्री काले ने झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को उनके दिल्ली आवास पर भेंट करके इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर श्री काले ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति यह कार्यक्रम विशेष रूप से श्रद्धेय अटलजी को समर्पित है, जो उनकी विचारधारा से जुड़े हुए लोगों को प्रत्येक वर्ष आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम के सफल एवं भव्य आयोजन के सभी पहलुओं की देख-रेख एवं निरंतर मार्गदर्शन के लिए आयोजन समिति इसका ध्यान रखेगी। काले ने बताया कि यह आयोजन गैर राजनैतिक है और इस आयोजन में सभी आमंत्रित रहते हैं। काले ने कहा कि अटल बिहारी वाजपायी के ये दो शब्द काफी प्रेरणा देते है कि - छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता - और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।

# जिला बल पदाधिकारियों का चुनाव हुआ संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा गढ़वा के जिला बल पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ।उक्त चुनाव में भवनाथपुर अंचल निरीक्षक चंदन कुमार सिंह को अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देने वालों का लगा तांता। झारखंड पुलिस एसोसिएशन पलामू द्वारा जारी पत्र के अनुसार रविवार को हुए चुनाव में पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह को अध्यक्ष, सहायक अवर निरीक्षक रेनसन बाखला को उपाध्यक्ष, सहायक अवर निरीक्षक महेंद्र पासवान को सचिव, सहायक अवर निरीक्षक वीर जी प्रसाद महतो को कोषाध्यक्ष एवं सहायक अवर निरीक्षक गणेश सोरेन को संयुक्त सचिव बनाया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर को अध्यक्ष बनाये जाने पर भवनाथपुर केतार एवं खरौंधी प्रखंड के सभी पत्रकार एवं समाजसेवियों द्वारा बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

# गोकशी की घटना आयी सामने, जांच जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी के केवरवा टोला में गोकशी की घटना सामने आयी है। घटना शनिवार की शाम की है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने के पुलिस मौके पर पहुंच गोकशी की घटना की जानकारी लेने में जुटी है। ग्रामीणों के अनुसार केवरवा टोला निवासी सुनील प्रजापति शनिवार के शाम जब 5 बजे अपने लहसुन लगे खेत देखने गये तो पाया कि खेत के किनारे कोने में खून पड़ा देख जब गढ़ा को खोदा तो पाया कि उस गढ़े में गोकसी कर उसका चमड़ा ढका हुआ था। प्रतिबंधित पशु का चमड़ा मिलने की जानकारी मिलते ही आजसू के जयराम पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, मुखिया पति पिंटू अंसारी ग्रामीण उदय गुप्ता, डोमन चन्द्रवंशी समेत अन्य ग्रामीणों ने मौके पर खोजी कुत्ते को बुलाकर मामले का पटाक्षेप करने की बात प्रशासन से की। जबकि पुलिस ने ग्रामीणों के विरोध के बावजूद मिले पशु अवशेष की लैब में जांच कराने को लेकर अवशेष जब्त करने की कोशिश में लगी हुई है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह ने कहा कि अरसली में जो घटना हुई है, उसकी जानकारी मिली है मौके पर पहुंच रहे हैं, पशु के चमड़ा मिलने की बात है, अनुसंधान के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। समाचार खबर लिखे जाने तक ग्रामीणों व पुलिस के बीच में विरोध जारी था।

## अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी के केवरवा टोला स्थित एक खेत से गड़ा हुआ कथित गोवंश की चमड़ी व अवशेष को जब्त करते हुए भवनाथपुर पुलिस ने थाना के चौकीदार सुरेंद्र पासवान के फर्द बयान पर इस घटना में संलिप्त अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया है। जब्त कथित गोवंश की अवशेष को पुलिस प्रशासन द्वारा पशु चिकित्सक से जांच करायी जा रही है। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि अगर प्रशासन तीन दिनों के अंदर गोकशी में शामिल लोगो को चिन्हित कर आरोपियों को गिरफ्तार नही किया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जबकि अरसली उतरी पंचायत के मुखिया इशरत जहां ने कहा कि अपराधिक और संकुचित मानसिकता के प्रवृति के लोग इस तरह की घटना को अंजाम देकर गांव में साम्प्रदायिक माहौल को खराब करने की चेष्टा कर रहे है। मुखिया ने पुलिस प्रशासन को खोजी कुत्ता के सहयोग से मामले का जल्द से जल्द से इस घटना में संलिप्त लोगों गिरफ्तार कर जेल भेजें। ताकि गांव में दोनों समुदाय के बीच शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनी रहे।

## शिक्षक-अभिभावक के आपसी सहयोग से ही बच्चों में प्रगति संभव

# अभिभावक अपने बच्चों पर थोड़ा समय दें: एमपी केसरी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ नयी दिल्ली से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कांवेन्ट (10+2) स्कूल के सभागार में शिक्षक अभिभावक बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवंदना से की गई जिसे संस्कृत शिक्षक विनय दुबे ने प्रस्तुत किया। अभिभावकों के सम्मान में स्वागत भाषण उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने दिया। उन्होंने ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच निरंतर तारतम्य बना रहे तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है क्योंकि दोनों के आपसी तालमेल से ही बच्चा प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है। बच्चों में जो कमियां हैं, शिक्षक के साथ साथ अभिभावक भी पहचाने और दोनों मिलकर उसे दूर करने का प्रयास करें। सभागार में उपस्थित समस्त अभिभावकों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि वर्तमान समय और परिवेश में हो रहे बदलाव के मद्देनजर रखते हुए अभिभावक और शिक्षकों का यह परम कर्तव्य है कि अपने बच्चों की क्रिया कलापों पर निरन्तर ध्यान दें। यथासभव बच्चों को मोबाइल से दूर रखें तथा ट्यूशन के बजाए स्वाध्याय के लिए निरंतर प्रेरित करते रहें।बच्चों को समय पर स्कूल पूर्ण गणवेश, रूटिन वाइज बुक्स कॉपी और हेल्थी लंचबॉक्स के साथ भेजें। सम्भव हो तो अपने साथ स्कूल गेट तक पहुंचाने और ले जाने का प्रबंध करें इससे आपके बच्चों में आत्मविश्वास आयेगा और अनुशासन भी बना रहेगा। स्कूल द्वारा समय समय पर कराई जाने वाली सभी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहें। होम वर्क डायरी का नियमित अवलोकन करते हुए हस्ताक्षर अवश्य करें हो सके तो अपना मन्तव्य सुझाव दें, यदि स्कूल के विरुद्ध शिकायत हो तो अवश्य दर्ज करें, ऐसे कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन स्वागत करता है। सीबीएसई के नियमों का अनुपालन स्कूल एवं अभिभावकों के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा पद्वति के अनुसार बच्चों को तैयार करने के लिए अभिभावक गण अपना बहुमूल्य समय अवश्य दें।




### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अभिभवक आदित्य कुमार, अल्माज आलम, दिव्य प्रकाश, तबरेज आलम, सूर्यदेव राम, राजीव रंजन तिवारी, मनोज कुमार, धर्मेंद्र चौरसिया, अजीत कुमार, आलोक धर दुबे, राकेश कुमार दुबे, रविरंजन कुमार, देवकांत धर दुबे रौनक कुमार,सुरेंद्र कश्यप, विनय गुप्ता, सरिता तिवारी सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति के साथ साथ शिक्षक वर्ग में उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, नरेंद्र सिन्हा, मुकेश भारती, संजीव कुमार, सुनीता कुमारी, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे, नीलम केशरी, सन्तोष प्रसाद, सुषमा तिवारी सहित समस्त अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर उपस्थित रहें।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** गढ़वा भंडरिया गोदर माना मुख्य मार्ग स्थित मड्डुआनाला के समीप कार अनियंत्रित होने से कार सवार मेराल थाना क्षेत्र के पेस्का गांव निवासी गोखुल तिवारी की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गयी। वही कार पर सवार अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों में गढ़वा के शहीजना निवासी देवेंद्र नाथ तिवारी व उनकी पत्नी आशा देवी साथ हीं मृतक के पुत्र प्रियांशु तिवारी के नाम है शामिल। मिली जानकारी के अनुसार सभी कार सवार गढ़वा से साम 5:30 बजे छत्तीसगढ़ राज्य के अंबिकापुर अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे रास्ता भूल जाने के कारण कार सवार सभी भंडरिया पहुंच गए स्थानीय लोगों के द्वारा उन सबको अंबिकापुर का रास्ता बताया गया भंडरिया से लौटने के क्रम में मड्डुआनाला के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हैं। ट्रक के लाइट से कार चालक रास्ता समझ ना सका जिस कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में टक्कर मार दी। स्थानीय लोग समेत राहगीरों की मदद से सभी तीनों घायलों को इलाज के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया साथी परिजनों को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरिया थाना के सब इंस्पेक्टर दीपक राणा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में करते हुए अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा वही रामानुजगंज अस्पताल पहुंच सभी घायलों से दुर्घटना के संबंधित जानकारी ली। खबर भेजे जाने तक सभी घायलों का स्थिति सामान्य बताया जा रहा है।

# हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

## चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद



**तलाशी के क्रम के उसके पास से देशी कट्टा एवं गोली बरामद किया गया है। साथ ही उसके निशानदेही पर चोरी को मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने छापामारी कर शहर के मदरसा रोड उंचरी निवासी जसमुद्दीन अंसारी के पुत्र गड्डन अंसारी उर्फ इस्ताक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देशी कट्टा एवं जिंदा गोली बरामद किया गया है। उसके निशानदेही पर चोरी का एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि गढ़वा थाना कांड संख्या 635/22 के अभियुक्त गड्डन अंसारी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन के समीप आम बगान से खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। तलाशी के क्रम के उसके पास से देशी कट्टा एवं गोली बरामद किया गया है। साथ ही उसके निशानदेही पर चोरी को मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। पूर्व में भी वह हथियार रखने के आरोप में जेल जा चुका है। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रोशन कुमार, हवलदार दिनेश पासवान, श्रीकांत पासवान, मनोज कुमार प्रधान, राहुल कुमार आदि शामिल थे।

# तीन सड़कों का सांसद बीडी राम ने नारियल फोड़कर किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चिनियां प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लगभग 16 करोड़ की लागत से बनाये जनेवाले तीन सड़कों का बरवाडीह, तहले, एवम बिलैतिखैर गांव में शिलान्यास भाजपा सांसद बीडी राम के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर बोलते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि केंद्र सरकार गांव गांव सड़क निर्माण करने के लिए संकल्पित है। सांसद के अनुशंसा पर सभी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में झामुमो विधायक 2019 में बने हैं लेकिन गढ़वा जिला में विकास का काम 2014 से ही शुरू हो चुका है। झामुमो के लोग झुठा श्रेय लेने का प्रयास नहीं करें। झामुमो के लोग को दुसरे के काम का श्रेय में शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग चुनाव में अपनी लेखा जोखा प्रस्तुत करेंगें अभी जनता का काम करें। लेकिन पहले विकास की बात करें जनता को भ्रमित करने का काम नहीं करना चाहीए । केंद्र सरकार के काम को झामुमो के लोग मंत्री का उपलब्धि बताते चलते हैं जबकि गढ़वा जिला के विकास में झामुमो जन प्रतिनिधि का कोई योगदान नहीं है उन्होंने कहा कि बिना सांसद के अनुशंसा का सड़क निर्माण का काम नहीं हो सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो विधायक मिथलेश ठाकुर को मंत्री बनने से पहले ही गढ़वा में काफी विकास का काम हो चुका है और जो काम हो रहा है वह पुर्व की भाजपा सरकार की देन है झामुमो के लोग सिर्फ सत्ता के अहंकार में दुसरे के काम को अपना बताना चाहते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गढ़वा जिला के कोने कोने में विकास का नया इतिहास रचने का काम किया है हर गली में सड़क का निर्माण किया जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केंद्र सरकार की योजना है और झामुमो के लोग जनता के बिच घुम कर झामुमो की उपलब्धि बताते हैं यह हास्यास्पद है झामुमो सरकार में गढ़वा पुरी तरह से बर्बाद हो चुका है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उत्तम पांडेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, रंका सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, रामसकल कोरवा मंडल अध्यक्ष शिव लाल सिंह, श्रवण सिंह, गोपाल यादव, उमेश यादव, मंटू यादव, लक्ष्मी साव, अनेश्वर यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



## गोकशी की घटना की जितनी भी भर्त्सना की जाये कम : राजीव राज तिवारी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव में गौकशी की एक घटना प्रकाश में आया है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाये वह कम होगी। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राजीव राज तिवारी ने रविवार को एक बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि इस सरकार में ऐसी ही घटनाओं की उम्मीद की जा सकती है। राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नही है और ऐसा वाक्या राज्य के मुख्यमंत्री के लिये भारी पड़ेगा। मुख्यमंत्री के बयान के बाद इस तरह की घटना कुछ लोगो का मनोबल बढ़ाने वाला है। और वे निरंकुश होकर ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि इस सरकार में पूरे राज्य में अराजकता की स्थिति बनी हुई है।

## गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ की बैठक आयोजित

# 15 दिसंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं खिलाड़ी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वॉलीबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक की अध्यक्षता में गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वर्गीय बृज बिहारी पाठक स्मृति वॉलीबॉल लीग का आयोजन स्थल के संबंध में चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस लीग मैच का आयोजन 17 से 18 दिसंबर तक मध्य विद्यालय चित्र विश्राम नगर उंटारी के वॉलीबॉल ग्राउंड में कराया जायेगा। इस लीग मैच में शामिल होने के लिए जिला के सभी इच्छुक टीमें संघ के उपाध्यक्ष सह आयोजन समिति के सचिव कमलेश कुमार पांडे से संपर्क कर 15 दिसंबर तक अपना पंजीकरण करा ले। इस बैठक में संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडे, कृष्णा पाल, श्याम बाबा, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, संयुक्त सचिव पंकज मिश्रा, शैलेश सिन्हा, पंकज पांडे, कार्यालय सचिव संजीव पांडे, ओमप्रकाश चौबे, अरविंद दुबे, अंशु दुबे, प्रशांत ओझा, समर रजा, कुलदीप गोंड, राजू चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।




## एकता और पर्यावरण रक्षा का संदेश देने साइकिल से निकले रामानुजगंज के रितेश

# श्री बंशीधर नगर पहुंच मंदिर में की पूजा अर्चना, मांगा आशीर्वाद

**श्रीबंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज निवासी साहसी युवक रितेश कुशवाहा साइकिल से चार देश सहित संपूर्ण भारत भ्रमण यात्रा पर निकले हैं। वे बिरजू कुशवाहा के पुत्र हैं। रितेश ने बताया की शनिवार को दोपहर से उनकी यात्रा रामानुजगंज से प्रारंभ हुई है। गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण करते हुये आज वे श्री बंशीधर नगर पहुंचे हैं। नगर पहुंचने पर उन्होंने श्रीबंशीधर मंदिर में हाजिरी लगायी। मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद रितेश ने बताया की दो वर्ष पूर्व वह उत्तर प्रदेश के राबर्ट्सगंज गया था। वहीं से उनके मन में भारत भ्रमण एवं प्रसिद्ध तीर्थ स्थल घूमने का विचार आया। उसके बाद वे यात्रा प्रारंभ किये हैं। उनका अगला पड़ाव वाराणसी का विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर है। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद वे अयोध्या नगरी पहुंचेंगे। वहां वे निमार्णाधीन राम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को एकता एवं पर्यावरण रक्षा का संदेश देना है। रितेश कुशवाहा ने कहा कि भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों का साइकिल से भ्रमण करेंगे तथा लोगों को एकता, भाईचारा एवं पर्यावरण की रक्षा का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि भारत की सीमा से सटे नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार एवं भूटान भी जायेंगे तथा वहां भी लोगों को एकता, भाइचारा एवं पर्यावरण की रक्षा का संदेश देंगे।



## लोहरदगा में खेल महाकुंभ पुरस्कार वितरण



**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता सीता अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का विशेष आयोजन किया गया। मंच पर मौके पर विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, संयोजक सहअध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध कारिणी के सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राव, शोभा देवी, जीत वाहन बड़ाईक, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विवेक नयन पांडेय, सुरेश मंडल आदि गणमान्य महानुभाव उपस्थित हुए। खेल प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा 100 मीटर दौड़ भैया-प्रथम-कमलेश उरांव लोहरदगा, द्वितीय-अंकित उरांव भरनो, तृतीय-सुभाष असुर रायडीह, 400 मीटर दौड़ बहन-प्रथम-हिमानी बाला उरांव, लोहरदगा, द्वितीय-सुभाषिनी सोरेन, ललमटिया, तृतीय-सोनम धनवार, भरनो, गोला फेंक भैया-प्रथम-कैलाश उरांव, लोहरदगा, द्वितीय-अमन कुमार, सिंदरी, तृतीय-सुभाष असुर, रायडीह, लंबी कूद बहन-प्रथम-लक्ष्मी हेंब्रम, चाईबासा, द्वितीय-दिव्या उरांव, लोहरदगा, तृतीय-शीतल कुमारी, रजरप्पा प्रोजेक्ट,-लंबी कूद भैया-प्रथम-कैलाश उरांव, लोहरदगा, द्वितीय-ज्ञान सिंह, भरनो, तृतीय-अमरदीप सोरेन, सीतिक बोना, कबड्डी भैया वर्ग में प्रथम-देवनगर एवं द्वितीय-भरनो ने प्राप्त किया` यह खेलकूद प्रतियोगिता आज तक चलेगी।

### तुबेद में अवैध रूप से संचालित कोयला खदान में चला प्रशासन का बुलडोजर

# अवैध कोयला खदान को प्रशासन ने किया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तुबेद गांव के समीप अवैध कोयला कोयरी को उपायुक्त के निर्देश पर एसडीएम और डीएमओ की निगरानी में ध्वस्त कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उपायुक्त को सूचना मिली थी कि तुबेद गांव के समीप अवैध रूप से कोयले का उत्खनन किया जा रहा है उपायुक्त के निर्देश पर लातेहार एसडीएम व डीएमओ आनंद कुमार पोकलेन मशीन के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे और अवैध उत्खनन वाले स्थान को ध्वस्त कर उसमें मिट्टी भरवा दिया गया। प्रशासन द्वारा अवैध खनन में शामिल कोयला माफियाओं की पहचान में जुट गयी है। ज्ञात हो कि तुबेद में कोयला खदान खुलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इसी का फायदा उठाकर कोयला माफिया भी कोलियरी क्षेत्र के आसपास से अवैध कोयले का उत्खनन कर बड़े पैमाने पर उसकी तस्करी की जा रही है। ग्रामीणों की माने तो कोयले के अवैध उत्खनन कार्य में स्थानीय तस्कर के साथ साथ बाहरी तस्कर भी शामिल हैं। वहीं अवैध कोयला खदान को ध्वस्त करते हुए प्रशासन ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में जिले में खनिज संपदा के अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन एंव भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा साथ ही इसमें शामिल माफियाओं को भी नहीं बख्शा जायेगा। जिला प्रशासन के द्वारा अवैध कोयला कोयरी को ध्वस्त किये जाने के बाद से कोयला माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## साप्ताहिक बाजार से ऑटो की चोरी

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी साप्ताहिक बाजार से शनिवार को प्यागो ऑटो की चोरी हो गया। इस संबंध में भंडरा निवासी स्व तारणी प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार ने भंडरा थाने में लिखित आवेदन दिया है। सोनू ने बताया की शनिवार को वह चट्टी साप्ताहिक बाजार ऑटो नम्बर जेएच 01 डीएफ 2766 लेकर गया था वह बाजार में श्रृंगार का दुकान लगाता है और आये दिन की तरह ऑटो को बाजार के निकट करंज पेड़ के पास खड़ा किया था और श्रृंगार दुकान लगाने चला गया उसने बताया की उसी उपरांत करीब 12:00 और 2:00 बजे के बीच गाड़ी करंज पेड़ के पास पार्क था। करीब चार बजे शाम में पता चला कि ऑटो गायब है काफी खोज खबर के बाद भी पता नहीं चल पाया। बता दे कि पूर्व में भी चोरों ने बाजार से कई बाइक को गायब कर चुके हैं।

## बजरंग दल के आह्वान पर कैरो मुख्य चौक रहा बंद



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो मुख्यालय में 11 दिसंबर रविवार को विहिप व बजरंग दल के आह्वान पर चौक बंद रहा शांतिपूर्ण। विदित है कि लोहरदगा जिला विहिप व बजरंग दल के आह्वान पर 11 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर शौर्य पथ संचलन हेतु कार्यक्रम आहूत की गयी थी। कार्यक्रम में जाने से पूर्व कैरो प्रखंड विहिप अध्यक्ष जीतवाहन महतो, सुजीत कुमार, रिंकु प्रसाद, बजरंग साहू और राधेश्याम साहू ने बताया कि कैरो प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रखंड से जिला मुख्यालय कुच कर रहे हैं, सभी कार्यकताओं को लोहरदगा ललित नारायण स्टेडियम में एकत्र होने का निर्देश दिया गया है, फिर जिला संगठन जिस प्रकार से कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है, उन सभी कार्यक्रमों में कैरो प्रखंड के विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता अनुशासित ढंग से लेंगे भाग। वही चौक बंद के दौरान दुकाने 03 बजे अपराह्न तक पूरी तरह बंद रहा, साथ ही सड़कें सुनी रही, वही इक्के दुक्के दुपहिया व चौपहिया वाहन का ही परिचालन हो पाया। बंद पुरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

## मधुमक्खी के हमले से दो बैल की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत के बनियो गांव में मधुमक्खीयों ने जमकर उत्पात मचाया। इसमें मधुमक्खी के काटने से दो बैलों की मौत हो गयी। मारी गयी बैल सकेंद्र उरांव की थी। उसने कार्तिक मेला में 28 हजार रुपए में दोनों बैल खरीदे थे। बताया जाता है कि सुबह वह बैलों को चारा पानी दे रहा था। वहीं पर सेमर के पेड़ में मधुमक्खी छत्ता था। अचानक मधुमक्खी पर किसी पक्षी ने हमला कर दिया। इसके बाद मधमिक्खयां हमलावर हो गयीं और बैलों पर टूट पड़ीं. इससे दोनो बैलों की मौत हो गयी। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, झामुमो प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझु, मुखिया शिलो देवी और बासुदेव उरांव घटनास्थल पहुंच कर सकेंद्र को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने उसे सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

## महुआडांड़ में सांप काटने से युवक की मौत

**महुआडांड़।** एक सप्ताह पूर्व ग्राम सुंदरपुर बांसकचा निवासी सुचित प्रभात कुजूर पिता स्वा राजेश कुजूर सांप कटने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व बैल चराने के क्रम जहरीले सांप के कटने से वह घायल हो गये। जिसे उसके परिजनों द्वारा इलाज के पहले मिशन अस्पताल महुआडांड़ लाये जहां स्तिथि खराब होने के कारण रांची इलाज के लिए भेज दिया गया। इलाज के क्रम ही युवक की मौत हो गयी। रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। असमय युवक की मौत से परिजनों को रो रो कर बूरा हाल है वही गांव में मातम पसरा हुआ है।

## हादसा : अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के रामघाट मंदिर के समिप एक बोलेरो के बचाने के क्रम में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटने के बाद सड़क के किनारो पर जा गिरि। इसमें ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच निकला। बाद में ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को उठा लिया गया है। बताया कि चालक ट्रैक्टर ट्रॉली तेज गति से ले जा रहा था। इस बीच एक बोलेरो के निकट आते देख ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क के किनरो पर जा गिरी। बाद में ग्रामीणें के सहयोग से ट्रक्टर को उठा लिया गयाये।

## पीसीसी सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत चिरो ग्राम में एक पथ का कालीकरण निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण में अनियमितता को देखकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गयी। शिकायत मिलने पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कालीकरण पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण किया, उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा चिरो मोड़ से पुराने कालीकरण पथ में कालीकरण किया जा रहा है। कालीकरण कार्य में ठेकेदार के द्वारा तीन इंच से कम पीसीसी ढलाई किया जा रहा है। सड़क निर्माण में निचे थ्रेसर की डस्ट डालकर ढलाई की गयी है, कई स्थानों पर शिर्फ जमीन पर ही ढलाई कर दिया गया है। जो ढलाई अभी की गयी है। वह महिनों दिन भी नहीं चलेंगा। और सड़क उखड़ने लगेगा। सड़क काफी घटिया बन रहा है। यह कालीकरण पीसीसी सड़क ढलाई नहीं सरकारी राशि की लूट हो रही है। इसके अलावा पुराने कालीकरण पथ को ठेकेदार के द्वारा उखड़ा दिया गयाहै। उसी लाल मिट्टी के ऊपर ही कालीकरण करने की तैयारी की जा रही है। जेसीबी मशीन से सड़क की मिट्टी टारकर उपर से पीसीसी ढलाई कर दिया गया है। रोड की गुणवत्ता बहुत घटिया है, साथ ही बिना कोई बोर्ड लगाए ही निर्माण कार्य किया जा रहा है, ऐसे में ग्रामीणों को यह पता ही नहीं चल पा रहा है कि रोड किस विभाग से बन रहा है, ग्रामीणों को यह भी नहीं पता है कि कालीकरण सड़क बन रहा है या पीसीसी सड़क बन रहा है, जांच में रोड की गुणवत्ता में कमी पाई गयी है । इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ठिकेदार का तो कोई अता पता नहीं रहता है, स्थल पर मुंसी रहते हैं उससे घटिया कार्य कि है। शिकायत किए जाने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उलटे कहा जाता है कि हमको कोई बिगाड़ नहीं पायेगा।

### सीएम के आगमन को ले सरकारी दफ्तर रविवार को खुला रहा, अधिकारी व कर्मी दिखे मुस्तैद

# डीसी के आदेशानुसार खुला रहा किस्को प्रखंड मुख्यालय

हुसैन अंसारी

**किस्को/लोहरदगा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगामी 13 दिसंबर को लोहरदगा में खतियानी जोहार यात्रा को लेकर आगमन होना है। इसे लेकर प्रशासनिक महकमा पूरी तरह से तैयारी में लग गये हैं। इधर विभागों में लंबित पड़े फाइलों को तेजी के साथ निपटारा करने हेतु अवकाश के दिन भी सरकारी कार्यालयों में अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लंबित पड़े फाइलों के निष्पादन करते दिखाई दिये। साथ ही प्रखंड एवं अंचल कर्मी अपने कार्यक्षेत्र में घूम-घूम कर कार्यों के संधारण करते दिखाई दिये। बता दें कि उपायुक्त ने शनिवार को ही सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों की छुट्टी रद्द करते हुए अपने-अपने कार्यक्षेत्र में डटे रहने और लंबित मामले के निपटारे में तेजी लाने का सख्त निर्देश दे रखा है। इसे ले सभी अधिकारी और कर्मी डीसी के आदेशानुसार संबंधित कार्यालय और अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में जुटे हुए दिखाई दिया। **बीडीओ सह सीओ व अन्य अधिकारी एवं कर्मी रहे मुस्तैद:** आगामी 13 दिसंबर को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को देखते हुए डीसी के आदेशानुसार जिले के सभी सरकारी दफ्तर सरकारी अवकाश के दिन भी खुला दिखाई दिया। इस दौरान किस्को बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंकर प्रसाद, किस्को प्रखंड के प्रधान सहायक बिफई उरांव, किस्को अंचल के प्रधान सहायक भरत कुमार पलई सहित अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय में डटे रहे और फाइलों का निष्पादन करते हुए दिखाई दिए।



### मुख्यमंत्री कर सकते हैं विभागवार कार्यों की समीक्षा

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार 13 दिसंबर को लोहरदगा में होंगे और खतियानी जोहार यात्रा को संबोधित करेंगे। ऐसे में अभी से ही जिले के सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों में मुख्यमंत्री की डांट न खानी पड़े इसे लेकर जोर शोर से अपनी जवाबदेही को दुरूस्त करने में जुटे हुए हैं। ऐसा क्यास लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिले के सभी विभागीय अधिकारी और कर्मी से जिले में संचालित विकास योजनाओं के बारे में समीक्षा बैठक कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसे लेकर सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी पूरी तरह से तैयारी में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने लोहरदगा आगमन के क्रम में क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं के बारे में बारीकी से जायजा भी लेंगे। साथ ही ऐसा क्यास लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिले के जनता जनार्दन से सीधा मुखातिब होते हुए उनकी समस्याओं से अवगत भी होंगे।**



### मुख्यमंत्री के आगमन पर बैठक आयोजित

**कैरो। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री के लोहरदगा आगमन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के देखते हुए उपायुक्त के निदेर्शानुसार रविवार को कैरो प्रखंड अंचल कार्यालय खुले रहे। रविवार को भी प्रखंड और अंचल कर्मी कार्यालय पहुंचकर आवश्यक कार्यो का निष्पादन किया। मौके पर बीडीओ, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, बीपी मृणाल प्रकाश, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, दिनेश कुमार, गुहा उरांव समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।**

### सीएम के लोहरदगा आगमन को ले सत्ताधारी भी जुटे तैयारी में

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा आगामी 13 दिसम्बर को समाहरणालय मैदान में होने वाला है इसे लेकर जिले के प्रशासनिक अमला तो कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पूरी तरह से ताकत झोंक दी है। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पूरी तरह से तैयारी में जुट गये हैं। बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिले से बड़ी तादाद में लोगों का महाजुटान होने वाला है। जिन्हें मुख्यमंत्री जोहार अभिवादन करेंगे।**

## हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बनने पर बारियातु में जश्न मनाया

**बारियातु।** हिमाचल के सीएम कांग्रेस के सुखविंदर सिंह सुक्खू के बनने पर बारियातु के कांग्रेसियों ने जश्न मनाया व बधाई दिया। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को प्रचंड जीत मिलने के बाद को नये मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजधानी शिमला के रिज मैदान में सीएम पद की शपथ लेने पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, युवा कांग्रेस नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, सफिक अंसारी, अमर साव, संजित प्रजापति, मंदीप राम, निखिल कुमार, रगबीर लोहरा, राकेश सिंह, जगदीश गंझु, मुगल उरांव, अनिता देवी, ललिता देवी सहित कई कांग्रेसियों ने बधाई दिया व जश्न मनाया।

## रूद्र महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजित



**चंदवा।** चंदवा के हाईवे हिल होटल परिसर में रूद्र महायज्ञ को लेकर चंदवा के आम नागरिकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रूद्र महायज्ञ को लेकर चर्चा की गयी। वही इस बैठक की अध्यक्षता रामयश पाठक ने की। वही मंच संचालन प्रभाकर मिश्रा ने की। रूद्र महायज्ञ के आयोजन के लिए सबसे पहले किस स्थान पर होगा इस पर चर्चा की गयी। वही चर्चा में चंदवा के प्लस टू हाइस्कूल का खेल मैदान और दूसरा देवी मंडप स्थित मोदी मैदान पर चर्चा की गई उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने कहा कि यह दोनों जगह पर यज्ञ होने पर भक्तों को सुविधा नहीं मिल पाएगा। तब बोरसीदाग के खेल मैदान पर सहमति बनी उसके बाद उपस्थित लोगों ने कहां की यज्ञ होने का तिथि स्पस्ट किया जाए। वही अगली बैठक की तिथि 25 दिसंबर को एक समिति का गठन किया जायेगा। और आगे का प्रारूप तय किया जायेगा। इस अवसर पर राजेश चंद्र पांडे रामनाथ गुप्ता रवि कुमार डे सत्येंद्र प्रसाद यादव निर्मल भारती उमेश प्रसाद यादव मुकेश कुमार सिंह दीपू कुमार सिन्हा सुरेश लाल श्रीवास्तव संजीव कुमार आजाद जय प्रकाश गिरी प्रमोद गिरी मनीष कुमार गुप्ता विकास मित्तल नितिन कुमार गुप्ता सकिन्दर मुंडा शंकर बैठा प्रेम कुमार साहू कुमार समेत बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी मौजूद थे।

## एक दिवसीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** जिला साइकिलिंग संघ व डिफेंस एकेडमी के तत्वधान में एक दिवसीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ साइकिलिंग के जिला सचिव व ग्रैफलिंग कुश्ती के जिला सचिव दीपक हेंब्रम, डिफेंस एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव, तीरंदाजी के जिला सचिव श्रीकांत कुमार साहू और रूरल स्पोर्ट्स अकैडमी किस्को के संचालक तबारक अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह प्रतियोगिता बरहीडीपा से शुरूआत होकर बीएस कॉलेज मैदान में आकर समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि अशोक यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव सुखेर भगत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व जिला 20 सूत्री सदस्य नेशार अहमद और नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अब्दुल फारुख शामिल होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### लोहरदगा में गीता जयंती पर भव्य शौर्य पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली

# गीता के उपदेश को मानवता की भलाई के लिए उपयोग करें : सच्चिदानंद

आजाद सिपाही संवाददता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के द्वारा रविवार को गीता जयंती के अवसर पर भव्य रूप से शौर्य पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली गई। शौर्य पथ संचलन की शुरूआत स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से हुई। स्टेडियम में उपस्थित विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए पुनः स्टेडियम पहुचकर सभा मे तब्दील हो गई। शौर्य पथ संचलन ललित नारायण स्टेडियम से प्रारंभ हो बरवाटोली, मिशन चौक, राणा चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, थाना चौक, बड़ा तालाब, अमलाटोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबामठ, कोर्ट रोड, न्यू रोड होते वापस ललित नारायण स्टेडियम पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गई। इस दौरान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। विभिन्न मुहल्लों में पथ संचलन में शामिल लोगों पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। इसमें शामिल विहिप व बजरंग दल के कार्यकताओं ने अपने हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए थे। शौर्य पथ संचलन में जिले के सभी सात प्रखंडों से लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए लोगो ने स्वतः अपनी दुकानें बंद रखी थी। इधर आयोजित सभा मे उपस्थित विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकताओं को मार्गदर्शन किया गया। उन्हें गीता का उपदेश देकर समाज, धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। उनके अंदर बौद्धिक ज्ञान को संचार किया गया। सभा के समाप्ति के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि महाभारत के युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था।



## सड़क दुर्घटना में दो की हुई मौत, चार गंभीर

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी के समीप रविवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार रविवार देर शाम हुए दो बाइकों की टक्कर में दो व्यक्ति की हुई मौत हो गई है वहीं चार की हालत गंभीर बनी हुई है। चट्टी- कैरो सड़क में बड़ागाई मोड़ के समीप बाइक संख्या जेएच 01 ईडी 6690 एवं जेएच 01 ईडी 6742 बाइक जिसमें तीन तीन लोग सवार थे आपस मे टकरा गए। दोनों बाइकों में हुई जोरदार टक्कर से नारकोपि निवासी सफीक अंसारी के पुत्र राजू अंसारी एवं एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य चार बाइक सवारों की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य चार घायलों की पहचान नही हो पाई है। सभी घायलों को ग्रमीणों की मदद से रांची रिम्स भेज दिया गया है। वहीं भंडरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटना के कारणों की पड़ताल में जुट गयी है।

## शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन



**बालूमाथ।** स्थानीय गुरु भाई बहनों के द्वारा मननडीह (सेरेगाड़ा) में शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 44 श्रद्धालु भाई बहनों ने देवाधिदेव महादेव को अपना गुरु मानकर अपने अपने नामों की घोषणा करवाए। इस परिचर्चा में छिपादोहर, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, ईचाक, शेरेगाड़ा, बड़का बालूमाथ, बसिया समेत कई अन्य स्थानों के गुरु भाई बहन उपस्थित होकर कंधा से कंधा मिलाकर तिव्र गति से गुरु कार्य करने के संकल्प को दुहराते हुए अपने गुरु की चर्चा और भजन प्रस्तुत किये। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में वरिष्ठ गुरु भैया आदरणीय नूनू मलार, केड़ (छिपादोहर,) ने उपस्थित भाई बहनों से अपने जीवन को सफल बनाने हेतु साहब श्री द्वारा प्रदत्त अनमोल तीन सूत्रों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करने का विनम्र आग्रह करते हुए गुरु कार्य करने का संदेश दिया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में चयनित टीम लातेहार रवाना

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने अपने प्रतिभागी टीमों को हराते हुए प्रखंड चैंपियन बनने वाली मोरवाई की बालिका व बालक वर्ग की टीम जिला स्तरीय मैच खेलने के लिए जिला मुख्यालय लातेहार के लिए रवाना हुए। रविवार दोपहर मुखिया संघ के अध्यक्ष मोरवाई मुखिया आशीष सिंह के नेतृत्व में जिला स्तरीय मैच में भाग लेने के लिए बरवाडीह से दोपहर रांची चोपन से एक्सप्रेस से लातेहार के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व बीडीओ दोनों टीमों को जीत की शुभकामना देकर बरवाडीह से रवाना किया। दोनों वर्ग के टीमों के साथ बरवाडीह से रवाना होने से पूर्व मुखिया आशीष सिंह ने कहा पंचायत के बालक एवं बालिका वर्ग के टीम अपनी अच्छी खेल के प्रदर्शन से अपनी जिला में अपनी पहचान बनाते हुए राज्य स्तरीय खेल के लिए चयनित होने में कामयाब होंगे।

### पीटीआर के उकामाड़ गांव की घटना, दुकान जा रही बच्ची पर तेंदुए ने किया हमला

# तेंदुए के हमले में जख्मी बच्ची की इलाज के क्रम में मौत

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर पश्चिमी रेंज मे तेंदुए के हमले में एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। हमले में गंभीर रूप से घायल बच्ची ने इलाज के दौरान एमएमसीएच में दम तोड़ दिया। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय से 5 किमी दूर स्थित उकामाड गांव के पुरानी टोला में यह घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बच्ची किरण कुमारी पिता विष्णु सिंह लातेहार औरैया की रहने वाली थी। वह उकामाड अपने फूफा के घर घूमने आयी थी। घटना के वक्त वह कॉपी कलम लेने गांव में ही पास के दुकान में गयी थी। तेंदुए के हमले में बच्ची बुरी तरह घायल हो गयी। घायल बच्ची को परिवार के लोगों और वन विभाग की टीम के द्वारा एमएमसीएच मेदिनीनगर ले जाया गया। मृत बच्ची के फूफा दिलीप सिंह ने बताया कि बच्ची कॉपी और पेन लेने दो अन्य बच्चियों के साथ पास की ही दुकान पर गई थी। अचानक बच्चियां हल्ला करने लगीं कि पकड़ लिया। वहां पहुंचे तो देखा कि लेपर्ड ने बच्ची को पकड़ रखा है। हल्ला करने पर भी नहीं छोड़ रहा है। बाद में और गांव वाले जुटे तो लेपर्ड बच्ची को छोड़कर भागा और हमलोग बच्ची को लेकर घर आये। उन्होंने आगे बताया कि घटना शाम छह-साढ़े छह बजे के आसपास की है।



### प्रमुख, उपप्रमुख, सांसद प्रतिनिधि ने परिवार वालों से की मुलाकात

**उधर मामले की सूचना मिलते ही प्रमुख सुशीला कुमारी, उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने परिवारवालों से मुलाकात कर हरसंभव मदद दिलाने का वादा किया साथ ही उन्होंने कहा इतनी बड़ी घटना घट गयी जो काफी निंदनीय है। जितनी इसकी निंदा की जाये कम होगी हम परिवार वालो के साथ है।वन विभाग अपने जानवरों को संभाल कर रखे। वर्ना आगे वन विभाग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई किया जायेगा।**

## दुकानदारों के लिए खतरा बने सूखे आम के पेड़ की नीलामी प्रक्रिया संपन्न

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को मुख्य चौक पर लगने वाली साप्ताहिक शनिवार एवं मंगलवार बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों के लिए हर वक्त खतरा बना आम का सूखा पेड़ की नीलामी अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू के द्वारा कराई गई। इधर सीओ बुडाय़ं सारू के द्वारा लगाये गए नीलामी प्रक्रिया में कुल पांच लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें विवेक कुमार साहू 3 हजार रुपये से नीलामी की बोली की शुरूआत की। इसी तरह नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले हदीस अंसारी ने अधिकतम 5 हजार रुपये, साकिर हुसैन अंसारी के द्वारा अधिकतम 6 हजार रुपये और मोहसिन अंसारी अधिकतम 7 हजार रुपये की बोली लगाया। इधर नीलामी प्रक्रिया में सबसे अधिकतम 8 हजार 6 सौ रुपये की बोली लगाकर सरफराज अंसारी सूखे आम की पेड़ की खरीददारी की एवं नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर सरकारी राजस्व को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर दिखाया।

## बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में रविवार को बालिका फुटबॉल का प्रशिक्षण का आयोजन नवजीवन खेलकूद क्लब द्वारा किया गया। प्रशिक्षण मे प्रखंड के दर्जनों गांव के बालिकाओं ने भाग लिया। इंटरनेशनल खिलाड़ी सह आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षिका बीना केरकेट्टा एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी सह फुटबॉल प्रशिक्षक गुमला रिजवान अंसारी के द्वारा बेसिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यकम संरक्षक महावीर राम लोहरा, अध्यक्ष कैप्टन सोहराई उरांव, सचिव दीपक कुमार अधिकारी, उप सचिव रोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष सुबेदार कार्तिक उरांव, एथलेटिक्स कोच संदीप उरांव, सीनियर एथलीट प्रकाश उरांव, सीता उरांव की देखरेख में संपन्न हुआ। सचिव दीपक कुमार अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को स्टेडियम मे सुबह 11 बजे से 2 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर खुशी जाहिर करते हुए कहा नवजीवन क्लब के पहल से हमलोगों को इंटरनेशनल खिलाड़ियों के द्वारा इतना अच्छा प्रशिक्षण मिल रहा है, इसके लिए हम सभी प्रशिक्षकों और क्लब का आभार व्यक्त करते है।

## प्रतिनिधिमंडल ने मामले की भौतिक जांच की



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के खबर छपने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा मामले की भौतिक जांच किया गया। इस दरमियान जांच का प्रतिनिधिमंडल टांगर सिकवार में लाभुक समिति से 45% राशि की कमीशन कटौती के मामले में जांच किया। जहां पर लाभुक समिति के सचिव अनिल लोहरा से मुलाकात कर पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि हां उसका राशि काट कर रख लिया गया है और नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद उक्त जांच टीम अरंगी में लगे हैंडवाश का भी जांच किया। जहां पर पाया गया कि बिचौलियाओं के द्वारा पूर्व में लगाये गये टीना के डिब्बे को हटाकर वहां पर जैसे-तैसे इटा का जुड़ाई करके अपने किये गये। गड़बड़ी को छुपाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य तेंबू उरांव ने कहा कि भ्रष्टाचार का पराकाष्ठा को घाघरा में पार कर दिया गया है, लेकिन इस मामले में जांच करने के बजाय उसे लीपापोती करने का टाइम दिया जा रहा है, ताकि सारे गड़बड़ियों को छुपाया जा सके। पूरे मामले में अगर कार्रवाई नहीं हुआ तो अब इस को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, गड़बड़ी में शामिल अधिकारी से लेकर फर्जी सप्लायर सभी के ऊपर कार्रवाई कराने के लिए उच्च स्तरीय जांच टीम बनाकर कार्रवाई का मांग जिले के उपायुक्त से किया गया है। जांच टीम में घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप, सांसद प्रतिनिधि अनिल प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी सहित सहित कई लोग थे।

## बजरंग दल और हिंदू जागरण मंच के अलावे सैकड़ों लोग गुमला पहुंचे



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शौर्य संचलन यात्रा को लेकर रविवार को घाघरा प्रखंड से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं हिंदू जागरण मंच के अलावे सैकड़ों लोग मोटरसाइकिल में गाजे-बाजे के साथ रविवार को गुमला पहुंचे। इससे पूर्व सभी चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के समक्ष एकत्रित हुए जिसके उपरांत जय श्री राम के नारे लगाते हुए पूरे घाघरा प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण किया। जिसके बाद अपने अपने वाहन से जय श्री राम जय श्रीराम के नारे के साथ गुमला रवाना हुए। इस संबंध में अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पूरे जिले में शौर्य संचलन यात्रा को लेकर सभी जगहों से हिंदू धर्मावलंबी एकत्रित होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय सिंह, सुशीत गोस्वामी, नीरज जयसवाल, नीरज सिंह, नवीन साहू, रूपेश साहू, अरविंद जयसवाल, रूपेश सिंह, दीपक गुप्ता, अजय गुप्ता, आकाश साहू, प्रवीण सिंह, राजू सिंह तोमर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पेंशनर समाज की बैठक में समस्याओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पेंशनर भवन में प्रखंड पेंशनर समाज की बैठक अमर नाथ सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पेंशनरो की कई समस्याओं से सम्बंधित विषयों पर चर्चा की गयी। जिसमें पेंसनर समाज के सचिव सचिदानंद शर्मा ने सभी पेंशनरों से अपील किया कि किसी भी तरह की समस्या पेंशन से सम्बन्धित हो उसे समाज के समक्ष रखें ताकि समय रहते उस समस्या का समाधान करने का प्रयास पेंसनर समाज के द्वारा किया जा सके। वहीं बैठक निर्णय लिया गया कि आगामी जिला अधिवेशन के लिए सभी पेंशनर सहयोग राशि जमा करेंगे,वहीं सभी पेंशनरो जिसका सातवां पेंशन संसोधन नही हुआ है वैसे पेंशनर यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन महालेखाकार रांची को भेजने की अपील की।वहीं अगला बैठक आगामी 10 जनवरी को करने की सहमति बनी। मौके सचिदानंद शर्मा, परमानंद भीमकुल, अमर नाथ सिंह, हेमंत इंदवार, कपिलेश्वर सारंगी, सबियार खान, दुति बड़ाइकिन, सुलेमान कुजूर, दयामनी लकड़ा, मेलो देवी, शांतिमनी बड़ा, सुकरमणि देवी, बिमला देवी, जयवंती देवी, हीरामणि बारला, निमंती खलखो सहित अन्य पेंशनर उपस्थित थे।

### सीएम हेमंत सोरेन आज आयेंगे गुमला

# आगमन को लेकर तैयारियां पूरी, डीसी ने लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन गुमला पहुंचेंगे। सीएम गुमला के हेलीपैड में अयोजित खतियानी जोहर यात्रा में शमिल होंगे। इस कार्यक्रम को देखते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव ने कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण भी किया। जोहर यात्रा के उपरांत सीएम सर्किट हाउस जायेंगे। इसके लिए उपायुक्त ने सर्किट हाउस, पुग्गु स्थित हवाई अड्डा मैदान का बारीकी से निरीक्षण किया। सर्किट हाउस की सारी विधि व्यवस्था देखी। पग्गू हवाई अड्डा के समीप मैदान में मुख्यमंत्री के राजनैतिक कार्यक्रम खतियानी जोहर यात्रा की शुरूआत दोपहर 12 बजे के आसपास होगी। जिसकी विधि व्यवस्था की तैयारी, जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी। उपायुक्त ने विधि व्यवस्था संबंधित सभी मुख्य बिंदुओं को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। उपायुक्त द्वारा अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यक्रम में किसी तरह की कोताही न बरतने को लेकर विशेष ध्यान रखने को कहा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनता की भीड़ की संभावना को देखते हुए टेंट एवं बैठकी की सुविधा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। उपायुक्त ने सीएम के काफिले में शामिल वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर लगाने और यातायात में किसी तरह का व्यवधान न हो उसे लेकर भी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि सीएम के कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमित रूप से संचालित हो उसके लिए भी वाहनों को निर्धारित करने पर भी चर्चा की गई है। उपायुक्त ने सर्किट हाउस की व्यवस्था का भी जायजा लिया एवं वहां की सारी विधि व्यवस्था को देखकर उन्होंने कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री के रहने हेतु किसी भी प्रकार की परेशानियों की गुंजाइश न हो उसका ध्यान रखने को कहा। घाघरा प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने सड़कों से लेकर सभी सरकारी भवनों का निरीक्षण किया।



### कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श

**सोमवार को पीडब्ल्यूडी के पानी टंकी का उद्‌घाटन किया जाना है, जिसके उपलक्ष्य में राजकियाकृत प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया के परिसर में मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारी के लिए कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अपने विभाग के सभी क्रियाकलापों को दुरुस्त रखने के साथ पूरी तरह अलर्ट रहने की बात कही गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।**

# अभिभावक बच्चों को पढ़ाई के लिए मोबाइल ना दें: विजय बहादुर

### सविमं में विद्यार्थियों में शैक्षणिक उन्नयन के निमित्त अभिभावक गोष्ठी आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा दशम तथा द्वादश के विद्यार्थियों में शैक्षणिक उन्नयन के निमित अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा दशम तथा द्वादश के अभिभावक काफी संख्या में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभागार में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर रामलाल साहू , वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र कुमार तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा समस्त आचार्य जी एवं दीदी जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन स्वपन कुमार राय तथा अतिथियों का परिचय आचार्य योगेंद्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने विषय प्रवेश करवाया जिसमें उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियां तथा वर्तमान सत्र में भैया बहनों के शैक्षणिक सुधारो के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की । कार्यक्रम में अभिभावकों द्वारा कुछ बहुमूल्य सुझाव तथा विचार रखे गए। प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी आकांक्षाओं का विद्यालय परिवार पूर्णरूपेण पूरा करने का प्रयास करेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा की यदि भैया बहनों में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो मुझसे मिले मैं सदैव आपसे बातचीत करने को तैयार हूं। हम आपस में बातचीत कर ही बच्चों में सम्यक विकास कर सकते हैं। मुख्य अतिथि श्री राम लाल साहू जी ने कहा कि अनुशासन, परिश्रम, समय का सदुपयोग करके ही बच्चा सफलता की राह प्राप्त कर सकता है। अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने अभिभावकों से यह अपील की कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए मोबाइल ना दे। उनकी सभी समस्याओं का समाधान विद्यालय के आचार्यों द्वारा किया जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अक्षयवर नाथ पांडेय के द्वारा दिया गया।



## मृतक के परिजनों को सहायता सामग्री प्रदान की

**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कला संस्कृति फिल्म विभाग के प्रदेश चेयरमैन सह सिसई विधान सभा के कद्दावर युवा नेता भानु प्रताप बड़ाइक ने बसिया प्रखंड के कलिगा में सड़क दुर्घटना में मृत डूमरटोली निवासी शेख दिलशाद और किन्दिरकेला निवासी इकबाल खान के दोन पत्नी क्रमशः परीना बीबी और अश्मीना बीबी से अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार को आर्थिक रूप से चावल, आटा, दाल, तेल दे कर मदद किये। उन्होंने बसिया थाना प्रभारी से मृतकों के परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा देने संबंधित बात भी किये। भानु प्रताप बड़ाइक द्वारा मृतक के परिवार को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, मुंतजिर खान, जेडी नायक, झामुमो अध्यक्ष अलीम खान, शेख आजम, आजाद खान, हाफिज खान, तबरेज खान, इजहरुल खान, तौहीद खान शेख हसन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रोशन बरवा का किया जोरदार स्वागत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के पूर्व गुमला जिला अध्यक्ष रोशन बरवा को प्रदेश सचिव नियुक्त किये जाने के बाद बसिया कांग्रेस प्रखंड कमिटी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। रविवार को रोशन बरवा के बसिया पहुंचने पर प्रखंड कार्यकर्ताओ ने थाना चौक बसिया में रोशन बरवा का काफी गर्म जोशी से स्वागत किया गया।साथ ही आतिशबाजी कर और मिठाई बांट कर खुशी मनायी गयी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते किये रोशन बरवा ने कहा कि बसिया के कार्यकर्ता के अथक प्रयास से यह मुकाम मिला है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने मुझे जो दायित्व दिया है इससे मैं जिम्मेवारी समझ कर काम करूंगा ओर कॉग्रेस पार्टी को एकजुट कर आगे बढ़ाने का काम करूंगा। मौके पर कला संस्कृति एवं फिल्म प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाइक, सुशील कुमार होता, युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी प्रखंड अध्यक्ष बिकास साहू, मुखिया गुलशन टेटे, घूरन साहू प्रकाश सुरीन, राजेश कुल्लु, अभय चौधरी, गौरीशंकर चौधरी, मुंतजिर खान, जेडी नायक, नीलेश उरांव, अजय साहू, सहदेव नायक, सकील खान, फेकू राम, बसंत उरांव, मौजीप अंसारी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवक का शव बरामद

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत ममरला निवासी लगभग 18 वर्षीय युवक अनदीप गोप पिता मोहन गोप का शव बसिया पुलिस ने बरामद किया। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार शाम 5 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने ममरला कब्रिस्तान के समीप अनदीप का मृत शरीर को देखा। शव को देखने के बाद इसकी सूचना बसिया पुलिस को दिया गया जिसके बाद रात लगभग 12 बजे पुलिस ने शव को बरामद कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। शव देखने से लग रहा था कि युवक की मौत कुछ दिन पूर्व हो गयी होगी और उसके शव को जानवरों द्वारा नोंच भी लिया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 19 दिनों से युवक को नही देखा गया था और लोगो ने अंदेशा लगाया कि अनदीप कही काम करने चला गया होगा। अनदीप के परिवार के सदस्य ईंटभट्टा में काम करने बिहार गये है और अनदीप भी बाहर कार्य करने जाता था। पुलिस शव बरामद कर जांच में जुट गयी है।

## झारखंड आंदोलनकारी होंगे सम्मानित : जनार्दन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी दिवस को सफल बनाने को लेकर रविवार को जनार्दन टाना भगत की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। जहां मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम परंपरागत एवं धूमधाम के साथ मनायी जायेगी। मौके पर जनार्दन टाना भगत ने कहा कि आगामी 3 जनवरी को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर घोषित झारखंड आंदोलनकारी दिवस को हमें संयुक्त रूप से सफल बनाना है। जहां जिला के कई झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये जायेगें। इस अवसर पर दिवगंत हो गये उन तमाम झारखण्ड आन्दोलनकारियों को भी उनके अमूल्य-योगदान के लिए याद किये जायेगें एवं श्रद्धासुमन अर्पित किये जायेगें तत्पश्चात इनके परिजन को सम्मान प्रदान किये जायेगें। झारखण्ड आंदोलन में उनके त्याग-बलिदान, कठिन संघर्ष विस्मृत न हो जाय, गुमनाम न हो जाय, इसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी हो गया है। उन्होने यह भी कहा कि आज झारखण्ड 22 साल का हो गया है इसके बावजूद सरकार स्तर से झारखण्ड आन्दोलनकारियों को उचित सम्मान नहीं दिया जाना नाइंसाफी है। आंदोलनकारी आज किस परिस्थिति में हैं इसकी कोई जानकारी तक लेना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। जिन्होने झारखंड अलग कराने में कितने कष्ट उठाये होगें, क्या- क्या यातनाएं सहे होगें, कितने कुर्बानियां सहे होगें इसका अहसास करते हूए हमसबों को अपने कर्तव्य निभाने की आवश्यकता है। मो० आजाद अली ने कहा कि किसी भी झारखंड आंदोलनकारियों का नाम छूट न जाये, इसका ध्यान रखा जाना चाहिये। उन्होने सबों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक झारखंड आन्दोलनकारियों को सम्मान मिल जाय यह बहुत बड़ी बात होगी, वैसे यह कार्य बहुत पहले किया जाना चाहिये था, क्योंकि ये इसके असल हकदार हैं। मौके पर बिरबल भगत, सुरेश उरांव, सिकंदर उरांव, गिरीवर उरांव, सुरेश बड़ाईक, सतीश उरांव, दीपलाल नगेसिया, सुनित उरांव, लालदेव उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**सिसई (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर प्रखंड में थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न सड़क मार्गों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सड़कों पर आने जाने वाले सभी छोटी-बड़ी गाड़ियों का जांच किया गया। सोमवार 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री गुमला में जोहार खतियान यात्रा को लेकर आने वाले हैं इसको लेकर प्रशासनिक तैयारीयां जोर शोर से चल रही है, इसी क्रम में रविवार को प्रखंड में सघन जांच अभियान चलाया गया।

### विहिप और बजरंग दल ने निकाला शौर्य जुलूस

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर, लाठी और तलवार लेकर हजारों कार्यकर्ता जुलूस में हुए शामिल





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैनिक तत्वधान में शौर्य दिवस के अवसर पर भव्य शौर्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में कार्यकर्ताओं ने जम कर नारेबाजी की। एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम जैसे गगनभेदी नारे जूलूस में लगाये गये। भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा जैसे गीत पर युवा थिरकते दिखायी दिए। शहर के सभी मार्ग शौर्य संचालन के दौरान भगवा ध्वज से लहराता रहा। हजारों की संख्या में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता शौर्य पथ संचालन में भाग लिये। रविवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम पार्ट टू से शौर्य पथ संचालन का शुभारभ हुआ जो स्टेडियम परिसर से आरंभ होकर जशपुर रोड, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड, घाटो बगीचा, सिसई रोड, मेन रोड होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जुलूस के दौरान विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता जय श्री राम के नारे लगाते रहें। वहीं जुलूस के दौरान भगवा ध्वज लहराने से वातावरण भगवा मय हो गया। जुलूस का नेतृत्व विहिप एवं बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारी कर रहे थे। जुलूस के आगे वाहन के माध्यम से माइक से नारे लगाते हुए गीत भी बजाये जा रहे थे। जुलूस में कार्यकर्ता लाठी एवंतलवार लिये चल रहे थे। वहीं जुलूस में सुरक्षा को लेकर स्वयं थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। हालांकि जुलूस के दौरान आवागमन में लोगों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी।

### जुलूस में ये हुए शामिल

**जुलूस में उपाध्यक्ष पूनम सिंह, विहिप अध्यक्ष अजय कुमार राणा, विहिप के केशव चंद्र साय, बजरंग दल के सह संयोजक मुकेश सिंह, अनूप लाल, श्याम मंत्री, बजरंग सिंह, आनंद सिंह, गंगा सिंह, विनोद साहू, भिखेश्वर नागमणि, किशोरी प्रसाद, दामोदर कसेरा, मिशिर कुजूर, सत्यनारायण पटेल, भेला चौधरी, अरविंद मिश्रा, संजय सिंह, पूनम सिंह, संदीप प्रसाद, बबलू वर्मा, मनोज वर्मा, बालकेश्वर सिंह, मनीष कुमार, शिवदयाल साहू, मनोज चौधरी, सरजू प्रसाद सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए।**

# डकार गये स्कूल मरम्मत की राशि ! कमरे में बालू, बाहर बैठते हैं बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के एक सरकारी स्कूल में रंग-रोगन के नाम पर राशि गबन का मामला सामने आया है । यह स्कूल है पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हुरलौंग पंचायत का उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोबरदाहा कला। इस स्कूल की मरम्मत और रंग-रोगन के लिए विभाग की तरफ से राशि आवंटित की गयी थी। मगर स्कूल के सचिव, शिक्षक और ठेकेदार द्वारा मिलीभगत कर राशि करने का आरोप है।



## कमरे में लगा है ताला, बाहर पढ़ते हैं बच्चे

स्कूल के कमरे को ताला लगाकर रखा गया है। बाहर बरामदे में बैठक बच्चे पढ़ते हैं । तस्वीरों में यह साफ दिख रही है। पूछने पर बताया गया कि अंदर बालू रखा हुआ है। आप सोच सकते हैं कि बच्चों को यहां कैसे पढ़ाया जाता होगा । स्कूल के कमरे में बालू और बाहर बच्चे पढ़ते है ।

## ग्रामीणों ने लगाये कई गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने स्कूल के सचिव सह शिक्षक समेत कई कर्मियों पर रंग-रोगन समेत कई तरह की राशि गबन करने का आरोप लगाया है । ग्रामीणों आरोप है की लॉकडाउन के समय बच्चों को देने के लिए सरकार ने राशि आवंटित की थी। जिसे स्कूल के शिक्षक डकार गए । कई बच्चों को राशि मिली ही नहीं, कुछ को आधा मिली, जिसने विरोध किया तो उसे अनुपस्थित दिखा दिया ।

# राजद की हरिहरगंज प्रखंड व नगर कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज मोतिराज महिंला इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव के अध्यक्षता में प्रखण्ड व नगर कमिटी विस्तार को लेकर कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसका संचालन जिला सचिव रंजीत पासवान ने किया। जिसमें कमलेश यादव को युवा प्रखंड अध्यक्ष, मथुरा रजक को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष, शंकर पासवान को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष, भोला यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष, सत्येंद्र भुईयां को प्रखंड उपाध्यक्ष, दीपक कुमार यादव को छात्र प्रखंड अध्यक्ष, राम विश्वास पासवान को प्रखंड सचिव बनाया गया। जबकि नगर पंचायत कमेटी में ओमप्रकाश चंद्रवंशी को अध्यक्ष, अशोक जायसवाल को नगर पंचायत उपाध्यक्ष, राम प्रसाद यादव को नगर पंचायत सचिव बनाया गया। इस मौके पर छात्र राजद जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, सुरेंद्र राम,यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ,सूरज यादव, उमा यादव, अवधेश यादव, सुरेन्द्र यादव,मंटू यादव, हरेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, सन्तोष यादव, शंभु यादव, भरत यादव, छोटू यादव सहित कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पिस्टल का भय दिखाकर दो नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में दो नाबालिगों के साथ हथियार का भय दिखाकर दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है ।पुलिस ने इस मामले में दोनो युवतियों के बयान पर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी विभूति नारायण सिंह उर्फ गोल्डन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों नाबालिगों ने थाने में इसकी लिखित शिकायत की है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया ।पीड़िता द्वारा हुसैनाबाद थाना को दिए गए आवेदन के अनुसार पीड़िता प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद की छात्रा है दोनों अलग-अलग गांव की रहने वाली है और दोनों अपने माता-पिता के साथ हुसैनाबाद के अलग-अलग मोहल्लों में किराए के मकान में रहते हैं एक सहेली दूसरे सहेली के घर पहुंचाने के लिए जा रही थी इसी बीच दूसरी सहेली ने कहा कि वह अपनी नानी के घर बिशुनपुर जाएगी तुम भी साथ चलो बिशुनपुर जाने के क्रम में अनुमंडल मैदान के पास विभूति नारायण सिंह उर्फ गोल्डन सिंह ने उससे पूछा तुम लोग कहां जा रही हो इस बीच पिस्टल का भय दिखाकर उसे एक कटीले खेत में ले गया वहां एक के साथ जबरदस्ती की और बाद में अनुमंडल मैदान के पीछे स्थित अपने मकान में ले जाकर दूसरी युवती के साथ बलात्कार किया। घर पहुंचने के बाद खेत में लड़की के साथ दुष्कर्म किया था उसे कमरे में बंद कर दूसरी के साथ हाथा पाई की कपड़े फाड़ दिया और जबरदस्ती की।

# युवा जागृति केंद्र जन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा : राजन सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत में युवा जागृति केन्द्र की सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेमरा पंचायत के स्थानीय युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सेमरा पंचायत समिति का गठन किया गया जिसमें विक्की राजा को अध्यक्ष, राजकुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, शंकर कुमार को सचिव, विकास भुइयां को उप सचिव, बजरंगी गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सुरेश भुइयां को उप कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि पलामू में अच्छे स्वास्थ्य सुविधा एवं उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था का घनघोर अभाव है और जनप्रतिनिधि जनता के हाल से बेखबर हैं। युवा बेरोजगारी के कारण महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं लेकिन ना तो सरकार के पास और ना ही जनप्रतिनिधियों के पास इस विषय पर सोचने का समय है। युवा जागृति केंद्र जन समस्याओं के लिए हर संघर्ष करेगा। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा युवा जागृति केन्द्र समस्याओं के समाधान हेतु सदैव संघर्षरत है तथा संगठन सभी मूलभूत विषयों पर आंदोलनरत होगा। जिला सचिव अमित रंजन ने कहा संगठन का तीव्र प्रसार इस बात का द्योतक है की युवा जागृति केन्द्र एक विकल्प के रूप में उभरा है तथा बड़ी संख्या में युवा बुजुर्ग महिलाएं संगठन से जुड़ रहे हैं। प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह ने कहा चैनपुर प्रखंड के प्रत्येक गांव में युवा जागृति केन्द्र के समिति का निर्माण कर युवाओं को संगठित किया जाएगा तथा संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार पासवान, सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार यादव, संतोष कुमार पांडे, बजरंगी गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रामू भुइयां, प्रदीप यादव, दशरथ राम ऋषि, आकाश ऋषि, शंकर ऋषि, सुरेश भुइयां,राहुल कुमार, रंजन कुमार, विकास यादव, रामप्रवेश कुमार, धर्मा भुइयां, बाबूलाल, रोहन कुमार पासवान, राजन राम, राकेश कुमार, शिव कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, मिथिलेश कुमार विष्णु देव मांझी बसंत कुमार राम, रमेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बच्चे अमूल्य संपत्ति, इन्हें संवारने की आवश्यकता है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रविवार को स्थानीय टाउन हॉल में संत मरियम स्कूल के वर्ग नर्सरी से चार तक के बच्चों के लिए शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। स्वागत अभिभाषण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने उपस्थित अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इन्हें ज्ञान रूपी श्रृंगार से हम और निखार सकते हैं । इस प्रकार के संगोष्ठी से विद्यालय परिवार और अभिभावक छात्रों के समुचित विकास की समीक्षा कर पाते हैं। हम सभी को यह प्रयास करना है कि हम लगातार ऐसे समीक्षा बैठक करके विद्यार्थियों के उत्कृष्ट विकास की संभावनाओं को बल दे सके क्योंकि किसी भी राष्ट्र का विकास छात्रों के विकास से ही संभव है। स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि स्कूल परिवार लगातार बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम इन नौनिहालों को बेहतर ज्ञान के सागर में सराबोर करते हुए उन्हें सफल व्यक्तित्व के निर्माण की पहली कड़ी को मजबूत बनाते हैं। नित्य प्रति दिन संत मरियम परिवार विद्यार्थियों के विकास के मामले में अनेक कीर्तिमान स्थापित करते आ रहा है।

# समृद्धि का रोटी अभियान एक मिसाल है : शीला श्रीवास्तव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अम्बेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून वालों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। ये लोग बहुत ही जरूरतमंद हैं लेकिन नम्रता और ईमानदारी भी उनमें उतना ही व्याप्त है। कभी -कभी समायाभाव या सदस्यों की कमी होने पर भी इन तक भोजन पहुंच ही जाता है। इस अभियान में यहां के नागरिकों का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी सहभागिता और टीम की निः स्वार्थ सेवा इस कार्य को रुकने नहीं देता। बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, रंजीता देवी, शैलेन्द्र कुमार, डॉ देव प्रकाश,धर्मेन्द्र पाण्डेय,रिषी कुमार का सहयोग सराहनीय है।

# कौशल विकास योजना को लेकर महिलाओं को दी गयी जानकारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के रुद्रा होटल परिसर में रविवार को वजीर एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे दिन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर वजीर एडवाइजर के केंद्र प्रबंधक बीरेंद्र कुमार ने बताया कि कौशल विकास योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवार के 18 से 30 वर्ष के युवतियों को 3 महीने की औद्योगिक सिलाई मशीन संचालक का ट्रेनिंग देकर उनको रोजगार से जोड़ना है ।मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि कौशल विकास योजना से जुड़कर क्षेत्र की महिलाये आत्मनिर्भर बनेगी ।साथ ही उन्होंने महिलाओं को ट्रेनिंग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने महिलाओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम के लिए संस्था के लोगों का सराहनीय प्रयास बताया ।साथ ही उन्होंने अपने क्षेत्र में इस योजना का बड़े स्तर पर कार्यक्रम करने का सलाह भी दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़कर इस योजना का लाभ उठा सके। मौके पर वार्ड पार्षद नजीर अहमद,राजेन्द्र पाल, प्रदीप पटेल,पंकज मेहता, आदिला रहमान समेत काफी संख्या मे महिलाये उपस्थित थे।

# अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर लुटे 1,24,660 रुपये व मोबाइल, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-अलीनगर बड़हियाडीह मुख्य पथ के समीप हथियार बंद दो अपराधियों ने एक बाइक से पीछा कर कलेक्शन कर लौट रहे एक युवक से 1,24,660 रुपये व मोबाइल और बाइक की चाभी छींन कर फरार हो गए,इस संबंध में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के लकुराई दिंदरी निवासी कुलेश्वर कुमार रवि ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौआ चट्टान,गारे गोरेया, उर्द्ववार,जमुआ गांव से एकत्रित गई राशि लेकर अपने सहकर्मी पाटन थाना क्षेत्र के सखूई गांव निवासी रोहित कुमार सिंह के साथ लौट रहे थे, इसी क्रम में एक टीवीएस बाइक पर सवार दो लोगों ने पीछे से आकर बाइक को रोकवाया और मेरे सहयोगी के गर्दन पर पिस्टल सटाकर रुपये से भरा बैग, हमदोनों का मोबाइल व कंपनी के जरूरत कागजात और बाइक की चाभी छीन कर फरार हो गए। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# पलामू के कलाकारों ने चंडीगढ़ में किया नाट्य मंचन महर्षि अरविंदो रचित हरिमोहन का सपना नाटक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कला और संस्कृति को समर्पित पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में अपनी नाट्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंडीगढ़ में हरियाणा व पंजाब के अरविंदो सोसाइटी के द्वारा महर्षि अरविंदो के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमीस्ट्रेशन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर पलामू के कलाकारों द्वारा मंचित नाटक की सभी ने तारीफ की।

## नाटक की रचना महर्षि अरबिंदो ने जेल में की थी

मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने चंडीगढ़ में महर्षि अरविंदो द्वारा रचित नाटक हरिमोहन का सपना का मंचन किया। यह नाटक महर्षि के द्वारा श्रीकृष्ण के कथित वातार्लाप पर आधारित है। इसकी रचना महर्षि ने तब की थी जब उन्हें अंग्रेजों द्वारा कारावास की सजा सुनाई गयी थी और वे जेल में बंद थे। नाटक के माध्यम से ईश्वर और मनुष्य के बीच के प्रेम और अंतर्द्वंद को दशार्या गया। यह बताया गया की इस दुनिया में हर रिश्ता, बंधन, कार्य, चाह सभी मोह माया है। इससे मुक्ति का एकमात्र मार्ग परमात्मा की साधना ही है।

## श्रीकृष्ण रूपी उज्जवल और हरिमोहन रूपी कामरूप ने किया शानदार अभिनय

नाटक ने श्रीकृष्ण बने उज्जवल सिन्हा व हरिमोहन बने कामरूप सिन्हा के जीवंत अभिनय से दर्शकों की आंख से आंसू छलक गए। दोनों ने कई बार अपने अभिनय के बूते दर्शकों को रुलाया। हरिमोहन की माँ की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्ती और हारान चाचा की भूमिका में अमर कुमार भांजा ने भी शानदार अभिनय किया। सूदखोर जमींदार तीनकोडी शील की भूमिका में सैकत चटर्जी ने अपने अभिनय में कुटिल और शैतानी भाव से चरित्र को उभारा। भजहरी की भूमिका में राज प्रतिक पाल, पुरोहित की भूमिका में गुलशन मिश्रा, प्रहरी की भूमिका में आदर्श पांडेय, राहुल चंद्रवंशी, ग्रामीण व राक्षस की भूमिका में गिरीन्द्र यादव व आनंद कुमार गुप्ता। परान की माँ की भूमिका में कनकलता तिर्की थी।

## अब देश के कई बड़े शहरों में होगी मासूम की नाट्य प्रस्तुति

मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया की चंडीगढ़ में नाट्य प्रस्तुति से प्रभावित होकर कोलकाता में भी इसी नाटक की प्रस्तुति को लेकर आमंत्रण मिला है। आने वाले दिनों में कोलकाता सहित देश के कई बड़े शहरों में मासूम के द्वारा हरिमोहन का सपना नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री पांडेय ने बताया की रांची के अरविंदो सोसाइटी के हेहल शाखा के अलोक तुलस्यान के माध्यम से संस्था को चंडीगढ़ में नाट्य प्रस्तुति का अवसर मिला था। इससे पहले श्री तुलस्यान के माध्यम से रांची में भी इस नाटक का प्रदर्शन हो चुका है।

# 4जी नेटवर्क की समस्या समाधान के लिए समाजसेवी ने की बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत महुडंड पंचायत में उच्च विद्यालय के प्रांगण में महुदंड मुखिया मिना देवी की अध्यक्षता में युवा समाजसेवी शिव शंकर यादव ने पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में उप स्वास्थ्य केंद्र और 4-जी नेटवर्क ना होने के कारण ग्रामीणों को हो रही कठिनाइयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी श्री यादव ने कहा कि आजादी के बाद से ही आज जहाँ लोग आधुनिक युग में जी रहे है वही महुडंड पंचायत वाशी आज भी मूलभूत सुविधा से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि आज के युग में डिजिटल इंडिया और सोशल मीडिया से यहां के लोग अभी भी अछूता है। उन्होंने कहा कि महूदण्ड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए और अपने हक अधिकार के लिए हम सभी ग्रामीण जनता को अब संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। ग्रामीणों ने भी समाजसेवी के साथ पंचायत के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर हर संघर्ष में साथ रहने की बात कही ।बैठक में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए आंदोलनात्मक रुख अख्तियार करने का निर्णय लिया गया ।बैठक में मुख्य रूप से उप मुखिया बली यादव, ओमप्रकाश रवि, गुड्डू पाल, रामस्वरूप यादव, प्रवेश गूरुजी, रामाधार गुरु जी,पनमेश्वर यादव शिक्षक, अर्जुन यादव, किसान मित्र उमेश यादव, स्वयंसेवक जितेन्द्र यादव, उपेंद्र यादव समाजिक कार्यकर्ता लालू कुमार यादव, संजय यादव, बिरवल वैगा,अमर विश्वकर्मा, नागेन्द्र भारती, दिनेश यादव, मोती साह, गंगा प्रसाद,मदन साह, विजय कुमार रवि, मुराली परहिया, विश्व नाथ साह ज्वला सिंह सुरेंद्र यादव, जितेन्द्र यादव, रामाशीष यादव डिलर,झरीराम, धनंजय गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे!

# कपड़ा बैंक ने गरीबों के बीच गर्म वस्त्र का किया वितरण



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)** सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलवरिया में रविवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट (पूर्व कपड़ा बैंक) डाल्टेनगंज के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच निशुल्क गर्म वस्त्रों और कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच कई तरह के वस्त्र शर्ट पैंट जींस फ्रॉक सूट वितरण किया गया तो वही महिलाओं और बुजुर्गों के बीच कंबल बांटे गए। कंबल एवं वस्त्र वितरण करने गए लोगों को देखकर ग्रामीण बहुत खुश नजर आए क्योंकि कड़ाके की ठंड पड़ने शुरू हो गई है ऐसे में ट्रस्ट के लोग गरीबों के लिए मसीहा साबित हो रहे हैं। मौके पर उपस्थित वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालिका सुरमीला सुमी ने कहा कि हम लोग मेदिनीनगर में पिछले कई वर्षों से गरीबों की सेवा करने का काम कर रहे हैं इसी दौरान कुछ दिन पहले नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के अध्यक्ष निर्दोष जी से हमारी मुलाकात हुई ये भी सुदूरवर्ती क्षेत्रों में गरीबों के बीच जाकर गर्म वस्त्र का वितरण कर रहे हैं, तो हमें भी लगा कि ग्रामीण इलाकों में इनके साथ चल कर गरीबों की सेवा करनी चाहिए और आज मैं फुलवरिया गांव में कंबल और गर्म वस्त्र गरीबों में बांट कर काफी खुश हूं। ट्रस्ट के लोगों ने ग्रामीणों को अपने बच्चों को शिक्षित करने का सलाह दिया। मौके पर बिहारी प्रसाद, अर्पण प्रसाद,सुमित जी, पवन कुमार, उप मुखिया उमेश जी, पंचायत समिति अरविंद जी, ट्रस्ट के बंटी जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर दूसरा टेस्ट मैच जीता, सीरीज पर जमाया कब्जा

# खिताब की रेस में बची चार टीमें, बुधवार और गुरुवार को खेले जायेंगे सेमीफाइनल मैच

**दोहा।** फीफा फुटबॉल विश्वकप खिताब के लिए चार टीमें बची हैं। क्वार्टर फाइनल के सभी मैच समाप्त हो गये और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें तय हो गयीं। सेमीफाइनल में क्रोएशिया, अर्जेंटीना, मोरक्को और फ्रांस की टीमें पहुंची हैं। पहला सेमीफाइनल बुधवार को अर्जेंटीना और क्रोएशिया के बीच होगा, जबकि गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच मोरक्को और फ्रांस के बीच खेला जायेगा। अंतिम 8 के राउंड में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल और नेमार जैसे सितारों वाली पांच बार की चैंपियन टीम ब्राजील हार कर बाहर हो चुकी है, जबकि क्रोएशिया और फ्रांस ने लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल तक का सफर तय कर लिया है। वहीं लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना ने सऊदी अरब से पहला मुकाबला हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए आखिरी चार में जगह हासिल कर ली। इनके अलावा छोटे से अफ्रीकी देश मोरक्को ने सभी को चौंकाते हुए कई उलटफेर करते हुए पहली बार सेमाफाइनल में अपनी जगह बनायी।



## एमबापे सबसे ज्यादा पांच गोल दागे, मेसी-गिरोड के चार-चार गोल

पांच वर्ल्ड कप गोल के साथ फ्रांस के कीलियन एम्बाप्पे टॉप गोल स्कोरर हैं। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और फ्रांस के ओलिवियर गिरोड चार-चार गोल के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं सेमीफाइनल की अन्य दो टीमों से क्रोएशिया के आंद्रेज क्रामारिच और मोरक्को के यूसुफ एन-नेसरी के दो-दो गोल हैं ।

# फीफा वर्ल्ड कप : मोरक्को ने रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल को किया बाहर, उलटफेर कर रचा इतिहास

**दोहा।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 सीजन में शनिवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल और मोरक्को के बीच रोमांचक जंग देखने को मिली। मोरक्को ने शानदार अंदाज में 1-0 से मैच जीत कर सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। कतर की मेजबानी में खेले जा रहे फीफा वर्ल्ड कप 2022 सीजन में शनिवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल और मोरक्को टीम आमने-सामने रही। मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें मोरक्को ने शानदार अंदाज में 1-0 से जीत दर्ज की। मोरक्को ने इस जीत के साथ ही सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है।




## मोरक्को ने वर्ल्ड कप में रच दिया इतिहास

इस जीत के साथ ही मोरक्को ने इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों से दर्ज करा लिया है। वह फुटबॉल वर्ल्ड कप के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफ्रीका की पहली टीम बन गयी है। इससे पहले कैमरून ने 1990, सेनेगल ने 2002 और घाना ने 2010 में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन इनमें से कोई भी टीम उससे आगे नहीं बढ़ सकी थी ।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



# संगठन में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी : ब्रजेंद्र प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति की नजर प्रदेश के सभी जिलों पर है। पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि कुछ साथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा शीर्ष नेताओं एवं पार्टी के विरुद्ध मीडिया के माध्यम से विरोध में लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं, जो पार्टी विरोधी कृत्य एवं छवि को धूमिल करने का प्रयास है। कहा कि पार्टी में रहकर किसी को भी कोई शिकायत हो तो वे अपनी बात या शिकायत पार्टी फोरम पर रख सकते हैं। पर सीधे मीडिया के माध्यम से पार्टी विरोधी बयान देते है या फिर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं तो वैसे नेता, कार्यकर्ता या अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। चाहे वो कितना बड़ा ही क्यों न हो। ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि अनुशासन समिति द्वारा संगठन में अनुशासन संबंधित सूचना सभी जिले में जल्द दी जाएगी। अनुशासन समिति को सभी जगह गठन कर संगठन को पारदर्शी एवं अनुशासित बनाने का काम किया जाएगा।

## हैप्पी स्ट्रीट के दौरान सड़क पर युवाओं ने दिखाई प्रतिभा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में लगातार तीसरे हफ्ते रविवार को हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्गों ने सड़क पर उतर कर इसका आनंद लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान सभी ने लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। बोकारो स्टील के वरीय अधिकारियों की देखरेख में इस हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जा रहा है।

### डीआइजी मयूर पटेल ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें उग्रवादी

**आम लोगों से अपील- निडर होकर अपनी समस्याएं पुलिस को बताएं, त्वरित होगा निराकरण**

## बेरमो में उग्रवाद पुलिस के नियंत्रण में: डीआइजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेनुघाट।** कोयलांचल क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) मयूर पटेल ने रविवार को तेनुघाट अनुमंडल मुख्यालय के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उनके अनुमंडल कार्यालय पहुंचने पर सशस्त्र पुलिस बल की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं, निरीक्षण के बाद डीआइजी ने बताया कि यह एक सामान्य जांच प्रक्रिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्य संतोष जनक हैं। उन्होंने बताया कि बेरमो अनुमंडल पूर्व में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र था। पर पुलिस प्रशासन द्वारा उग्रवादियों पर नियंत्रण कर लिया गया है। अगर कोई शेष बचा है तो उसे भी पुलिस पूर्ण रूप से नियंत्रण कर लेगी। उन्होंने अपील की कि उग्रवाद क्षेत्र के लोग हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा से जुड़े। कहा कि बहुत सारे उग्रवादी आत्म समर्पण कर खुद को उग्रवाद से अलग कर मुख्यधारा से जुड़ गए हैं। पुलिस और लोगों के बीच प्रेम और सद्भाव प्रगाढ़ हो रहे है। उन्होंने बताया कि मैं खुद बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुका हूं। इसलिए क्षेत्र के बारे में मुझे पूरी जानकारी है। पुलिस द्वारा किए गए कार्यों से आम लोगों के बीच में सराहना हो रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि आप निर्भीक होकर पुलिस पदाधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओं को रखें। उसका तत्परता से निदान किया जाएगा। बेरमो अनुमंडल की विधि व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त है।



पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते कोयलांचल क्षेत्र के डीआइजी।

किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। समय-समय पर प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा जगह-जगह छापामारी की जाती है और काले धंधे को रोकने का पूरा प्रयास किया जाता है।

डीआइजी ने पत्रकारों को बताया कि बहुत सारी रिकॉर्ड की जांच करने के बाद यह पाया गया कि मामले में संबंधित अधिकारी द्वारा जांच प्रक्रिया चल रही है। जांच होने के बाद हर तरह की कार्रवाई संभव है। किसी भी अपराधी को बख्सा नहीं जाएगा। ना ही बेगुनाहगार को पकड़ा जाएगा। मामलों का निष्पादन त्वरित किया जाएगा। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा एवं अनुमंडल के इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी के साथ भी विचार विमर्श किया।

# समाज को दरकिनार करने की गलती ना करें राजनीतिक पार्टियां : हलदर महतो

**कांग्रेस ने रविंद्र वर्मा को बनाया प्रदेश महासचिव, धनबाद में किया गया अभिनंदन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** झारखंड कुशवाह महासभा धनबाद जिला की ओर से रविवार को समारोह आयोजित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त महासचिव रवींद्र वर्मा का स्वागत सह सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लालबाबू सिंह और संचालन जिला महासचिव रामप्रवेश प्रसाद ने किया। वहीं, रवींद्र वर्मा ने कहा कि समाज के इस सम्मान के लिए वे झारखंड कुशवाहा महासभा के ऋणि है। कांग्रेस के अंदर हक की इस लड़ाई में झारखंड कुशवाहा महासभा धनबाद जिला का जो सहयोग और साथ मिला उसके लिए एक-एक व्यक्ति के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने कुशवाहा समाज की भावनाओ का सम्मान करते हुए मुझे नई जिम्मेवारी सौंपी। वहीं, महासभा के प्रदेश सचिव उचित महतो और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलधर महतो ने संयुक्त रूप से समाज के लोगों को धन्यवाद दिया। कहा कि आंदोलन के साथ ही समाज के नेताओं को किसी भी पार्टी में टिकट लेने से पूर्व एक बार अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। उचित महतो ने कहा कि कोई भी व्यक्ति का उसका समाज ही समूचित ताकत होती है। पूरे धनबाद लोकसभा में कुशवाहा वोट की संख्या डेढ़ लाख है जिसके साथ समन्वय स्थापित करके ही कोई भी पार्टी आगे बढ़ सकती है। इस दौरान जिलाध्यक्ष लालबाबू सिंह, सतेंद्र मंडल, डॉ अशोक मेहता, डॉ मनोज कुमार सिंह, इंद्रभूषण कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर रामजी कुशवाहा, प्रभुनाथ प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, संजय कुशवाहा, बलिस्टर सिंह, डॉ अशोक कुमार, डॉ मनोज सिंह, इंद्रजीत प्रसाद, जगलाल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, सतेंद्र प्रसाद, सतेंद्र मंडल, महेश प्रसाद, श्रीनिवास प्रसाद, आरपी भगत, अमित कुशवाहा, राम नरेश कुशवाहा, अरविंद सैनी और यशपाल सिंह कुशवाहा आदि थे।

# बासदेवपुर से हवा चानक की आड़ में धड़ल्ले से जारी है लोहा तस्करी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** बीसीसीएल के बासदेवपुर में हवा चानक भराई की आड़ में लोहा तस्करी का मामला सामने आया है। करीब पांच टन लोहा शनिवार की रात टपा दिया गया। जबकि स्थानीय लोगों द्वारा हवा चानक के पास लोहा तस्करी की जानकारी बीसीसीएल प्रबंधन और पुलिस को भी दी गई थी, बावजूद इसके रात में लोहा तस्कर चुनौती देते हुए भारी मात्रा में लोहा तस्करी करते रहे। थाना प्रभारी विकास यादव ने कहा कि शनिवार शाम पुलिस वहां गई थी। बीसीसीएल गार्ड के जिम्मे लगाकर पुलिस लौट आयी। पुलिस के मुताबिक इस तस्करी की जवाबदेह बीसीसीएल प्रबंधन की है। बताया जाता है कि एकड़ा सेंट्रल स्टोर के विपरीत दिशा में हवा चानक है। उस चानक की भराई के लिए किसी ठेकेदार को टेंडर दिया गया है। इसी हवा चानक से बड़े-बड़े गाटर और एंगल का लोहा निकाला जा रहा है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय दो सगे भाई तस्करी में लिप्त हैं। उनका कहना है कि पुलिस और सीआइएसएफ आदि से उसकी सेटिंग है, जिससे तस्करी करने के बावजूद कोई कुछ नहीं कर पाएगा।



## कोयला चोरी बचायें या लोहा : पीओ

**इधर, पीओ अवधेश कुमार का कहना है कि बंद हवा चानक के समीप से किये जा रहे लोहा तस्करी की जानकारी है। इसकी रोकथाम के लिए वहां पर एक गार्ड की नियुक्ति भी की गई है, बावजूद इसके लोहा चोरी जारी है। अब सवाल यह उठता है कि हम कोयला बचाये या लोहा। हालांकि हर स्तर पर चोरी रोकने का प्रयास किया जा रहा है। लोहा तस्करी की सूचना पुलिस को भी दी गई है। वह चानक काफी खतरनाक हो चुका है। वहां से गैस का रिसाव हो रहा है इसलिए चानक को भरा जाना जरूरी हो गया है।**

## जापान कराटे शोतोकाई झारखंड एसोसिएशन की चेयरमैन बनी सुनीता, सदस्यों ने दी बधाई



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जापान कराटे शोतोकाई झारखंड एसोसिएशन के सदस्यों ने रविवार को राजद नेत्री सुनीता सिंह के चिरकुंडा स्थित आवासीय कार्यालय में जाकर गुलदस्ता एवं अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र सौंप कर बधाई दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुजीत रविदास ने बताया कि 1998 से यह एसोसिएशन झारखंड में कार्य कर रहा है। एसोसिएशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक चेयरमैन की आवश्यकता थी। जिसके लिए प्रस्ताव रखा गया। जिसे सुनीता ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इसके लिए एसोसिएशन उनका आभारी है और आशा करता है कि उनके नेतृत्व में एसोसिएशन झारखंड में बुलंदियों तक पहुंचेगा। वहीं, सुनीता सिंह ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से जो सम्मान उन्हें दिया गया है इसके लिए वह धन्यवाद देती हैं। साथ ही एसोसिएशन को आगे बढ़ाने के लिए जो भी जरूरतें होंगी उसे पूरा करने का प्रयास करेगी।

## चतरोचट्टी के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत करी खुर्द के मजदूर की शनिवार की शाम मुंबई में मौत हो गयी। उसकी पहचान जगरनाथ महतो (45) के रूप में हुई है। वह चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के करीं पंचायत अंतर्गत करी का रहने वाला था। उधर, मौत की सूचना मिलते ही परिजन सदमें में है। घाटना के कारणों के बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। मृतक जगरनाथ महतो मुंबई में ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यरत था। वह अपने पीछे मुस्कान कुमारी(22), भुनेश्वर कुमार(20), आरती कुमारी(17) व सुमन कुमार (15) नामक चार बच्चे छोड़ गया है। इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।

# बेरमो विधायक ने किया आरमो गंडके तालाब निर्माण का शिलान्यास

**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** आरमो पंचायत के गंडके में तलाब निर्माण का शिलान्यास रविवार को बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह एवं आरमो मुखिया कैथरीना हंसदा ने किया। बेरमो विधायक ने बताया कि डीएमएफटी फंड से 18 लाख रुपए की लागत से तालाब का निर्माण करवाया जायेगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य लाली देवी, संवेदक घनश्याम यादव, मंटू यादव, सुरेश यादव, रतन यादव, गोविंद यादव, पप्पू यादव, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र बेसरा आदि थे।



### बोकारो की धरती पर उनके अधूरे सपनों को मैं पूरा करूंगा

# प्रेरणादायी है समरेश सिंह की जीवनी : बिरंची नारायण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में रविवार को दिवंगत नेता स्व समरेश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और समाजसेवी शामिल हुए और चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि समरेश सिंह की जीवनी प्रेरणा देती है। दल भावना से हटकर वे हर किसी के साथ थे। उनके जीवन से युवाओं को सीखने की जरूरत। दादा के नाम से चर्चित समरेश सिंह अविभाजित बिहार से लेकर झारखंड तक बड़ा राजनीतिक स्तंभ थे। बोकारो व कोयलांचल क्षेत्र में कई एतिहासिक राजनीतिक व मजदूर आंदोलनों का नेतृत्व करने के कारण एक जननेता बन गए थे। उन्होंने कहा कि समरेश सिंह के निधन से एक शून्य बन गया है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकता है। संघर्ष की बदौलत ही उन्होंने अपनी पहचान बनाई थी। मंत्रिमंडल में रहते हुए दादा ने कई सुझाव दिए, जिस पर अमल भी किया गया। बिरंची नारायण ने कहा कि एक स्पष्टवादी जननेता के रूप में समरेश सिंह को हमेशा याद रखा जाएगा। राजनैतिक जीवन में मुझे भी उनके साथ काम करने का अवसर मिला था। उनकी राजनीति, समाज सेवा देख कर मुझे काफी प्रेरणा मिलती थी। एक कुशल राजनेता के साथ मजदूर नेता भी थे। लड़ाकू झुझारू जननेता के रूप मे बिहार,झारखंड व बंगाल में मशहूर थे। 1988 से उनके साथ काम करने का मौका मिला। उनके साथ कई आंदोलनों मे सहभागी बना। दादा के नेतृत्व में कोलयंचल, लोहंचल में भाजपा का परचम लहराया। 200 से अधिक कार्यकर्ताओ के साथ कश्मीर के लाल चौक में भाजपा का झंडा जब पहली बार फहराया गया था उस समय दादा ने नेतृत्व किया। आज उनकी कमी खल रही। दादा का जो भी संकल्प सपना है उसे बोकारो की धरती पर मैं उतारूंगा। आज कमल का निशान दादा की देन। प्रथम अधिवेशन में उन्होंने कमल निशान का प्रस्ताव तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी के समक्ष रखी थी। वहीं, उनकी जीवनी पर विनय सिंह, रोहितलाल लाल सिंह, केके बोराल, राधू राय, त्रिलोकी सिंह आदि ने बिताये हुए पल को सबके समक्ष रखा। इस मौके पर दिलीप श्रीवास्तव, जिला महामंत्री संजय त्यागी, माथुर मंडल, इंद्र कुमार झा, महेंद्र राय, सुनिल गोस्वामी, गिरजा देवी, बिनोद महतो और पन्नालाल आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



दिवंगच समरेश सिंह की तस्वीर पर मार्ल्यापण कर श्रद्धांजलि देते बोकारो विधायक व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जलापूर्ति योजना के तहत कुलटांड़ में पाइपलाइन योजना कार्य का शुभारंभ



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा जलापूर्ति योजना फेज 2 के तहत पादुगोड़ा पंचायत अंतर्गत कुलटाड़ के ग्रामीणों को पाइपलाइन योजना से जोड़ने के लिए रविवार को विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो और सांसद प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य अजय दास ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस जलापूर्ति योजना के तहत कुलटांड़ के ग्रामीणों को पानी देना है जिसके लिए पाइपलाइन योजना को प्रारंभ कराया गया है। इस योजना से क्षेत्र के ग्रामीणों की पानी की समस्या दूर होगी। इस दौरान मौजूद, गरीब, असहाय लोगों के बीच कड़ाके की ठंड को देखते हुए विधायक ढुल्लू महतो के निर्देश पर पंसस अजय दास एवं मुखिया महेश पटवारी द्वारा कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर सुरेश सिंह, राखो हरि दास, ताहिर अंसारी, नमन अग्रवाल, संजय दास आदि उपस्थित थे।

## सामाजिक संस्था केयर फॉर सोसाइटी ने जरूरतमंदों में बांटा गर्म कपड़ा



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था केयर फॉर सोसाइटी ने रविवार को नेकी की दीवार एक नेक पहल का शुभारंभ किया। जिसमें जरूरतमदों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक आलोक गौतम ने कहा कि केयर फॉर सोसाइटी हमेशा समाजिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। इस बार भी हाड़ कंपकपाती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदो के बीच गर्म वस्त्र वितरण किया जा रहा है। आज गर्म वस्त्र का वितरण सुदूर क्षेत्र गरीबडीह में किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया वंदना देवी व पंसस उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नितेश महतो, मीडिया प्रभारी रंजीत महतो, सहसचिव हीरा कुमार, उमेश महतो, शैलेश रंजन और गौतम मंडल आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## कारो परियोजना के विस्तार का विरोध, विस्थापितों व सीआइएसएफ में हुई झड़प में दो महिलाएं घायल



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत कारो परियोजना में प्रबंधन द्वारा जबरन माइंस विस्तार का स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। प्रबंधन ने लोगों को रोकने के लिए बेरमो पुलिस के अलावा सीआइएसएफ को भी बुला लिया था। हालांकि ग्रामीण इससे डरे नहीं, बल्कि बेरमो पुलिस, सीआइएसएफ और प्रबंधन के साथ उनकी जमकर बहस हो गई। सभी स्थानियों ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद सीआइएसएफ द्वारा बल उपयोग करते हुए धक्का मुक्की और लाठी चार्ज करने से दो विस्थापित महिलाएं घायल हो गईं। उनकी पहचान मीना देवी और कौशल्या देवी के रूप में हुई है, जिन्हें उपचार के लिए फुसरो अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मीना देवी को बोकारो रेफर कर दिया गया, जबकि कौशल्या देवी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। ग्रामीणों ने इस घटना की निंदा करते हुए प्रबंधन एवं सीआइएसएफ के पुरूष जवानों द्वारा महिलाओं के साथ बदसलूकी करने एवं मारपीट करने का आरोप लगाया। इस घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य भी बाधित कर दिया और परियोजना के मुख्य रास्ते पर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन पहले हम लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाए। इसके बाद परियोजना का विस्तार करे। कहा कि घर के बगल में परियोजना में कार्य किया जा रहा है। ब्लास्टिंग होने से घर की दीवारों में दरार उत्पन्न हो गए है। साथ ही घर के करीब माइंस चलाने से ग्रामीणों का प्रदूषण के कारण जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा प्रशासन के बल पर परियोजना विस्तार के लिए घर के समीप ड्रिल कार्य किया जा रहा है, जिसका विरोध करने पर प्रबंधन के इशारे पर सीआइएसएफ द्वारा ग्रामीणों के साथ बदसलूकी की गई। इसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि प्रबंधन हम लोगों को एकमुश्त एक जगह जमीन देकर बसाए, तभी प्रबंधन अपना कार्य आगे बढ़ाए। इस दौरान मौके पर विस्थापित नेता विनोद महतो, मेघनाथ सिंह, चंद्रदेव कुमार, बुधनी देवी, मोहनी देवी, रोहिनी देवी, रश्मि देवी, फुनवा देवी, रेणु देवी आदि थे।

## चतरोचट्टी के मुखिया ने डीसी को सौंपा मांग पत्र



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी पंचायत के मुखिया महादेव महतो बोकारो डीसी से मिले। उन्होंने डीसी कुलदीप चौधरी से मिलकर चतरोचट्टी थाना अंतर्गत कैकेया नदी में पुल एवं उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय चतरोचट्टी में कमरा एवं चहारदीवारी निर्माण की मांग की। कहा कि गोमिया प्रखंड का चतरोचट्टी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है। इस क्षेत्र के प्रसिद्ध कैकेया नदी में बने पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। चतरोचट्टी थाना अंतर्गत सात पंचायत के लोग इसी जर्जर पुल से आवागमन करते हैं। इस पुल से प्रतिनिधि दर्जनों भारी वाहनों का आवागमण होते रहता है। इसलिए समय रहते इस पुल का जीर्णोद्धार किया जाना जरूरी है। इसी तरह चतरोचट्टी में उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय स्थापित है। इस स्कूल में सात पंचायत के बच्चे यहां पढ़ते हैं। बच्चों की संख्या अधिक है। मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद बच्चों को बाहर जाना पड़ता था। इसलिए वर्तमान में सरकार द्वारा उक्त विद्यालय को प्लस 2 घोषित किया गया है। यहां लगभग 700 बच्चे पढ़ते है। वर्तमान में इस स्कूल में कमरे की आवश्यकता है। चहारदीवारी का निर्माण भी आवश्यकता है। इसके अलावा चतरोचट्टी के ग्राम चिपरी टोला के पार चिपरी से कतवारी तक डेढ़ किलोमीटर पीसीसी पथ एवं पुलिया का निर्माण भी कराना जाना चाहिए। ग्राम कतवारी से कोनार नदी तक डेढ़ किलोमीटर पीसीसी पथ का निर्माण, ग्राम चतरोचट्टी शिव मंदिर से ग्राम मंगरो पीसीसी पथ, गार्डवाल एवं पुलिया निर्माण, ग्राम मंगरो के सुधीर महतो के घर से हरेलिया तक एक किलोमीटर तक पीसीसी पथ का निर्माण आदि की मांग शामिल है। जिस पर डीसी ने विचार करने का आश्वासन दिया।

## टीपू सुल्तान का दिया 300 साल पुराना नाम बदला

# कर्नाटक के मंदिरों में अब सलाम नहीं संध्या आरती

● हिंदू संगठनों की मांग पर फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मंगलुरु।** कर्नाटक के कुछ मंदिरों में होने वाली सलाम आरती का नाम बदल दिया गया है। अब इसे संध्या आरती के नाम से जाना जायेगा। यह फैसला हिंदुत्व संगठनों की मांग पर लिया गया। इन संगठनों ने राज्य सरकार से टीपू सुल्तान के नाम पर होने वाले अनुष्ठानों को खत्म करने की मांग की थी, जिसमें सलाम आरती भी शामिल थी। हिंदू मंदिरों की देखरेख करने वाले स्टेट अथॉरिटी मुजरई ने शनिवार को छह महीने पुराने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। माना जाता है कि 18वीं शताब्दी में मैसूर शासक टीपू ने इन मंदिरों में अपनी यात्रा के दौरान आरती का नामकरण किया था। बता दें कि मेलकोट में ऐतिहासिक चालुवनारायण स्वामी मंदिर है, जहां हैदर अली और उसके बेटे टीपू सुल्तान के शासनकाल से हर दिन शाम सात बजे सलाम आरती (मशाल सलामी) होती आ रही है। स्कॉलर और कर्नाटक धर्मिका परिषद के सदस्य कशेकोडि सूर्यनारायण भट ने इसका नाम बदलने की मांग की थी। भट ने कहा था, सलाम शब्द हमारा नहीं टीपू का दिया हुआ है। मांड्या जिला प्रशासन ने इस प्रस्ताव को हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) को सौंप दिया था।



### सभी मंदिरों पर लागू होगा आदेश

हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (मुजरई) सीएम बसवराज बोम्मई से अंतिम मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम के बाद जल्द ही एक आधिकारिक आदेश जारी किया जायेगा, जिसके बाद न केवल मेलकोट में बल्कि कर्नाटक के सभी मंदिरों में आरती सेवाओं का नाम बदल दिया जायेगा। मुजरई मंत्री शशिकला जोले ने कहा कि इन फारसी नामों को बदलने और मंगला आरती नमस्कार या आरती नमस्कार जैसे पारंपरिक संस्कृत नामों को बनाये रखने के प्रस्ताव और मांगें थीं। इतिहास को देखें तो हम वही वापस लाये हैं, जो पहले चलन में था।

# दिन में गेस्ट फैकल्टी, रात में कुली : गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए दो नौकरी करते हैं नागेशु पात्रो

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के गंजम जिले के नागेशु पात्रो दिन में एक प्राइवेट कॉलेज में गेस्ट लेक्चरर के तौर पर काम करते हैं और रात में बेरहमपुर रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करते हैं। ऐसा वह ज्यादा पैसा कमाने के लिए नहीं, बल्कि गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए करते हैं।

31 साल के नागेशु ने गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने के लिए एक कोचिंग सेंटर खोला है। कुली का काम करके वे जो पैसे कमाते हैं, उससे इस कोचिंग सेंटर के टीचर्स को सैलरी देते हैं। दिन की शुरुआत में वे गेस्ट फैकल्टी के तौर पर प्राइवेट कॉलेज अटेंड करते हैं, इसके बाद अपने कोचिंग सेंटर पर क्लासेस देते हैं। रात को वे रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करते हैं।



**कोरोना के दौरान शुरू किया बच्चों को पढ़ाना :** पात्रो ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान अपने घर पर खाली बैठने के बजाय उन्होंने गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाना शुरू किया। जैसे-जैसे बच्चों की संख्या बढ़ने लगी, उन्होंने क्लास 8 से 12 के बच्चों के लिए कोचिंग सेंटर खोला। यहां पर बच्चों को हिन्दी और उड़िया वे खुद पढ़ाते हैं।

**गरीबी के चलते हाईस्कूल की परीक्षा नहीं पाये थे नागेशु :** पात्रो खुद गरीब परिवार से आते हैं। 2006 में वे हाईस्कूल के एग्जाम नहीं दे पाये थे। उनके पिता गड़रिए का काम करते थे और उनका गुजारा मुश्किल से हो पाता था। ऐसे में उनके लिए अच्छी पढ़ाई करना दूर का सपना था, तब से ही वे बच्चों को शिक्षा देने के मिशन पर निकल पड़े हैं। कॉलेज टीचर रहते हुए कुली का काम करने को लेकर पात्रो कहते हैं कि लोग जो सोचते हैं उन्हें सोचने दें, मुझे बच्चों को पढ़ाना पसंद है और मैं गरीब बच्चों की पढ़ाई जारी रखना चाहता हूं। मैं नहीं चाहता कि गरीब परिवारों के बच्चों को पैसों की कमी के चलते अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़े।

### कॉलेज से 8000 कुली के काम से कमाते हैं 12 हजार

कुली का काम करके वे महीने में 10 हजार से 12 हजार रुपए कमाते हैं, जिसमें से वे कोचिंग सेंटर के 4 टीचर्स को 3 से 4 हजार रुपए देते हैं। कॉलेज से मिलने वाले 8 हजार रुपए से वह अपने परिवार का खर्च उठाते हैं। उनके परिवार में माता और पिता हैं, जिनके साथ वे गंजम जिले के मनोहर गांव में रहते हैं।

## वेदांता एल्यूमिनियम का एड्स जागरूकता सप्ताह



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर वेदांता एल्युमीनियम ने 'इक्वलाइज' विषय पर आधारित एक सप्ताह भर चलने वाले जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला स्वास्थ्य विभाग झारसुगुड़ा और ओड़िशा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचआइवी/एड्स की रोकथाम और प्रबंधन पर समुदाय के सदस्यों, कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को सचेतनता करना। जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में झारसुगुड़ा जिले के भीतर रैलियों, सूचना पत्रों और सूचनात्मक पोस्टर के वितरण के माध्यम से एचआइवी/एड्स को रोकने के प्रमुख उपायों पर जानकारी साझा की गयी। सप्ताह भर में जिले के प्रमुख प्रशासनिक और चिकित्सा कर्मियों के सहयोग से कई जागरूकता सत्र आयोजित किये गये, जिनमें प्रबीर कुमार महांती अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट झारसुगुड़ा, डॉ दोलमणि पटेल मुख्य जिला चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य अधिकारी झारसुगुड़ा, बुलुनाथ साहू जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ एके पंडित चिकित्सा अधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर बोलते हुए सुनील गुप्ता सीइओ - वेदांता लिमिटेड झारसुगुडा ने कहा कि हमारे समुदाय के सामूहिक स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करना हमेशा से ही वेदांता के सामाजिक हस्तक्षेपों का प्रमुख क्षेत्र रहा है।

# क्रूड ऑयल पर लगे प्राइस कैप को नहीं मानेगा भारत

## राजदूत पवन कपूर से मिलकर रूस के उप प्रधानमंत्री ने धन्यवाद दिया

एजेंसी

**मॉस्को।** जी-7 देशों के रूसी क्रूड ऑयल पर लगाये गये प्राइस कैप का भारत ने समर्थन नहीं किया है। जिसके लिए रूस ने भारत को धन्यवाद कहा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर नोवाक ने शनिवार को भारत के राजदूत पवन कपूर से मुलाकात की थी। इसके बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि भारत रूसी क्रूड ऑयल पर लगाये गये प्राइस कैप का समर्थन नहीं करेगा।

नोवाक ने यह भी कहा कि रूस जिम्मेदारी से क्राइसिस के दौरान पूरी दुनिया में ऊर्जा के संसाधनों की सप्लाई कर रहा है।

**भारत ने बढ़ाया रूसी तेल का आयात :** विदेश मंत्रालय के बयान में यह भी जानकारी दी गयी है कि 2022 के पहले 8 महीनों में भारत में रूसी तेल का आयात बढ़कर 16.35 मिलियन टन हो गया है।

### हम प्राइस कैप को स्वीकार नहीं करेंगे

रूसी समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, 'हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इस तरह के कैप के लिए कुछ तैयारियां की गयी थीं। हम प्राइस कैप को स्वीकार नहीं करेंगे और हम मूल्यांकन खत्म होने के बाद आपको सूचित करेंगे कि किस तरह से इस काम को आगे बढ़ाया जायेगा।'

**रूसी ऑयल पर क्यों लगाया प्राइस कैप :** यूक्रेन पर हमले के बाद से ही पश्चिमी देश रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा चुके हैं। अब वो रूस के ऑयल पर प्राइस कैप लगाकर उसकी फाइनेंशियल कंडीशन को कमजोर करना चाहते हैं। रूस को अपने ऑयल के एक्सपोर्ट से बड़े पैमाने पर रेवेन्यू मिलता है। रूस के ऑयल पर प्राइस कैप सोमवार से लागू हो जायेगा। पश्चिमी देशों की सरकारें रूस के तेल निर्यात की कीमत को सीमित करने पर सहमत हुई हैं। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूसी ऑयल पर लगाये गये प्राइस कैप को कम ही बताया है।

# जी-20 सब कमिटी की बैठक ओड़िशा में होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। जी-20 सब कमिटी की बैठक ओडिशा में होने जा रही है। यह निर्णय लिया गया है कि यह बैठक अप्रैल माह में होगी। शिक्षा, ऊर्जा और संस्कृति मंत्रालय की जी-20 सब कमिटी पुरी, कोणार्क और भुवनेश्वर में आयोजित होगा। ओड़िशा से जुड़े इन तीन अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

इस साल जी-20 शिखर सम्मेलन भारत में हो रहा है और इसकी अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत को दी गयी है।

जी-20 गृप में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका, रूस, मैक्सिको, जापान, दक्षिण कोरिया, इटली और यूरोपीय संघ सदस्य शामिल हैं। राज्य के लिए खुशी की बात है कि जी-20 सब कमिटी का आयोजन ओड़िशा में होगा। बैठक में राज्य में पवन संयंत्रों, सोलर प्लांट, अक्षय शक्ति ऊर्जा संयंत्रों के बड़े पैमाने पर विकास पर चर्चा होगी। राज्य में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर निवेश कैसे हो, स्वच्छ और हरित ऊर्जा का उत्पादन कैसे हो, इस पर जोर दिया जायेगा। इसके साथ ही बैठक में रिसर्च के साथ देश की नयी शिक्षा नीति 2020 पर भी चर्चा होगी। बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों में रिसर्च, बच्चों की विदेश में पढ़ाई जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी।




## भुवनेश्वर रोड पर कार में लगी आग



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में आज एक चलती गाड़ी में आग लग गयी। दमकल विभाग ने आकर आग को बुझाया। घटना भुवनेश्वर के रसूलगड चौक के पास हुई। कार कटक की ओर जा रही थी, तभी रसुलगड रोड पर अचानक आग लग गयी। उसमें दो यात्री ही बैठे थे। इंजन से आग लगते देख दोनों कार को सड़क पर खड़ा कर बाहर निकल आये, तभी कार से धू-धूकर जलने लगी।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**